राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 09 दिसंबर 2025
वर्ष 07, अंक 70, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

56 करोड़ की अवैध प्लाटिंग पर चला प्रशासन का बुलडोजर, 40 बीघा जमीन पर बिना नक्शा पास कराए हो रही थी बिक्री....03

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऐहार के गेट पर भारी वाहनों का अतिक्रमण, मरीजों को भारी परेशानी....12

## जम्मू-कश्मीरः फॉर्म-ष्ट के उल्लंघन पर कार्रवाई, श्रीनगर में होटलों, होमस्टे और हाउसबोटों पर मामला दर्ज

**● श्रीनगर पुलिस ने आव्रजन और विदेशी अधिनियम के तहत अनिवार्य फॉर्म-सी रिपोर्टिंग मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए शहर भर में कई होटलों, होमस्टे और कई हाउसबोट ऑपरेटरों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई शुरू की है**

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के मद्देनजर अभियान शुरू किया गया है. श्रीनगर पुलिस ने इमिग्रेशन और विदेशी अधिनियम के तहत आवश्यक फॉर्म-सी रिपोर्टिंग मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए कई होटलों और एक होमस्टे और हाउसबोट के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की है. जांच के दौरान, आव्रजन और विदेशी अधिनियम के तहत नियमों का उल्लंघन करते पाए गए।

जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक होटल, होमस्टे और हाउसबोट की नियमित जांच और छानबीन के दौरान, इमिग्रेशन और विदेशी अधिनियम के तहत नियमों का उल्लंघन पाया गया. श्रीनगर के राजबाग इलाके में तीन होटलों- होटल ब्लॉसम्स, होटल ग्रैंड एमएस और होटल गोल्डन फॉरेस्ट को विदेशी नागरिकों को विदेशी पंजीकरण कार्यालय (एफआरओ) में फॉर्म-सी जमा किए बिना चेक-इन करने की अनुमति देते हुए पाया गया।

**राजबाग क्षेत्र**

राजबाग क्षेत्र में, होटल ब्लॉसम्स, होटल ग्रैंड एमएस और होटल गोल्डन फ़ॉरेस्ट में विदेशी नागरिकों को विदेशी पंजीकरण कार्यालय में फॉर्म-सी विवरण जमा किए बिना ठहरने की अनुमति दी गई थी. इस संबंध में, राजबाग पुलिस स्टेशन में आव्रजन एवं विदेशी अधिनियम की धारा 8 और 23-बी के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई।

**खानयार**

खानयार में, होटल खैबर एट खय्याम को फॉर्म-सी जमा करने की आवश्यकताओं का उल्लंघन करते पाया गया. पुलिस ने बताया कि बार-बार निर्देश देने के बावजूद, प्रबंधन अनिवार्य रिपोर्टिंग का कोई सबूत पेश करने में विफल रहा, जिसके कारण खानयार पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई.

**लाल बाज़ार**

लाल बाज़ार में, नोवाबाग बागवानपुरा स्थित आईएमवाई होम स्टे, इज़राइली विदेशी नागरिक और अन्य मेहमानों के लिए फॉर्म-सी के बिना संचालित पाया गया. पुलिस ने कहा कि प्रबंधन ने जानबूझकर



विदेशी मेहमान के ठहरने की जानकारी छिपाई और अनिवार्य ऑनलाइन फॉर्म-सी जमा नहीं किया. लाल बाज़ार पुलिस स्टेशन में अधिनियम की धारा 8 और 23-बी के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**निशात क्षेत्र**

इसी तरह के एक मामले में, निशात क्षेत्र में एक मकान मालिक मोहम्मद अशरफ जरगर को अनिवार्य फॉर्म-सी रिपोर्टिंग मानदंडों का पालन नहीं करते पाया गया, जिसके परिणामस्वरूप पुलिस स्टेशन निशात में आव्रजन और विदेशी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई।

**राम मुंशी बाग इलाका**

राम मुंशी बाग इलाके में, फ्लोटिंग कैसल, बेस्ट व्यू हाउसबोट, क्रिस्टल पैलेस और लेक पैलेस समेत कई हाउसबोट, ताइवान, रूस, रोमानिया और स्पेन के विदेशी नागरिकों को ठहराते समय अनिवार्य रिपोर्टिंग नियमों का उल्लंघन करते पाए गए. इस संबंध में, राम मुंशी बाग थाने में आव्रजन एवं विदेशी अधिनियम की धारा 7, 14 और 16 के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**फॉर्म-सी का पालन अनिवार्य**

पुलिस ने इन सभी मामलों की गंभीरता से जांच शुरू कर सभी विदेशी नागरिकों के बारे में जानकारी हासिल करने और उनके किसी भी तरह के संदिग्ध लिंक का पता लगाने के लिए सभी मामलों की आगे की जांच शुरू की है. श्रीनगर पुलिस ने दोहराया है कि विदेशी नागरिकों को ठहराने वाले सभी होटलों, गेस्ट हाउसों, हाउसबोटों और होमस्टे संचालकों के लिए फॉर्म-सी रिपोर्टिंग मानदंडों का सख्ती से पालन अनिवार्य है. पुलिस ने कहा कि किसी भी उल्लंघन को गंभीर अपराध माना जाएगा और कानून के तहत सख्ती से निपटा जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को भेजा नोटिस, धर्मांतरण विरोधी कानून की वैधता पर मांगा जवाब

**● सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को नोटिस जारी कर राजस्थान प्रोहिबिशन ऑफ अनलॉफुल कन्वर्जन ऑफ रिलिजन एक्ट, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब मांगा है. इस कानून में धोखे से सामूहिक धर्मांतरण कराने पर 20 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है**



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (8 दिसंबर) को राजस्थान सरकार को नोटिस जारी कर राजस्थान अनधिकृत धर्मांतरण निषेध अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब तलब किया है. ये कानून धोखे, दबाव या सामूहिक धर्मांतरण के मामलों में कड़ी सजा का प्रावधान करता है.

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया और इसे उन लंबित याचिकाओं के साथ टैग कर दिया जिनमें इसी कानून को चुनौती दी गई है. याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया है कि वो 2025 के कानून को अल्ट्रा वायर्स और असंवैधानिक घोषित करें. कोर्ट ने इससे पहले भी इसी तरह की अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करते हुए राजस्थान सरकार से जवाब तलब किया था.

**समान मुद्दों से जुड़ी याचिकाएं स्ट में विचाराधीन**

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच को बताया कि समान मुद्दों से जुड़ी अन्य याचिकाएं पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है. सॉलिसिटर ने बताया कि इस तरह के कई मामले पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन हैं. कोर्ट ने सभी संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आगे की तारीख तय की.

**क्या है धर्मांतरण रोधी कानून में प्रावधान**

राजस्थान के इस कानून में धोखे से किए गए सामूहिक धर्मांतरण पर 20 साल से लेकर आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है. वहीं धोखाधड़ी से धर्मांतरण पर 7 से 14 साल की सजा दी जा सकती है.अधिनियम में प्रावधान किया गया है कि धोखे से नाबालिगों, महिलाओं, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और दिव्यांगों का धर्मांतरण कराने पर 10 से 20 साल तक कारावास की सजा और कम से कम 10 लाख रुपये का जुर्माना होगा.

**कई राज्यों के कानूनों पर पहले से सुनवाई**

इससे पहले सितंबर में सुप्रीम कोर्ट की एक अन्य बेंच ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक समेत कई राज्यों के समान धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर अलग-अलग याचिकाओं में उन राज्यों से जवाब मांगा था. कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि सभी जवाब आने के बाद ही इन कानूनों के अमल पर रोक लगाने की मांग पर विचार किया जाएगा. सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल राजस्थान सरकार को निर्धारित समय के अंदर जवाब दाखिल करने को कहा है. उसके बाद सभी संबंधित याचिकाओं पर एक साथ विस्तृत सुनवाई होगी.

**राजस्थान के 2025 कानून में कड़ी सजा का प्रावधान**

राजस्थान का यह कानून धोखाधड़ी, प्रलोभन या जबरन धर्मांतरण को गंभीर अपराध मानता है। कानून के प्रमुख प्रावधानों में शामिल हैंः-

सामूहिक धर्मांतरण के लिए 20 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा।

धोखे से धर्मांतरण कराने पर 7 से 14 वर्ष तक की कैद।

नाबालिग, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या दिव्यांग व्यक्ति का धर्मांतरण कराने पर 10 से 20 वर्ष तक की सजा और न्यूनतम 10 लाख रुपये जुर्माना।

**अब क्या होगा आगे?**

सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल राजस्थान सरकार को निर्धारित समय के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। उसके बाद सभी संबंधित याचिकाओं पर एक साथ विस्तृत सुनवाई होगी।

### दिल्ली में 122 ग्राम गांजा के साथ एक युवक गिरफ्तार, साथियों की तलाश में जुटी पुलिस

**बाहरी दिल्ली।** दिल्ली में बाहरी जिला पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। इसी क्रम में राज पार्क थाना पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने इलाके में 122 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को पकड़ा है। पकड़ा गया आरोपी सनी मंगोलपुरी का निवासी है। इससे पहले भी एक लूट के मामले में शामिल रह चुका है। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि चार दिसंबर को राज पार्क थाना पुलिस की टीम गश्त के दौरान जब मंगोलपुरी के ए-ब्लाक के पास पहुंची तो कुछ लोगों को इकट्ठा देखा। उनमें से एक व्यक्ति के हाथ में सफेद पालिथीन बैग था। पुलिस को देखते ही समूह में मौजूद लोग वहां से भागने लगे। संदिग्ध हरकत देख पुलिस ने तुरंत पीछा किया और पॉलिथीन लिए हुए व्यक्ति को मौके पर ही पकड़ लिया। पॉलिथीन की जांच में उसके भीतर गांजा पाया गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी स्थानीय स्तर पर गांजा की सप्लाई करता था। पुलिस अब उसके अन्य संभावित साथियों और सप्लाई नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ज्वार खरीदी के समय मंडी में किसानों का हंगामा

**पुलिस की मौजूदगी में जमा किये कागजात, हुई खरीद**



**हमीरपुर-** कुरारा कस्बा के मंडी समिति मे संचालित ज्वार केंद्र में किसानों ने तौल को लेकर जमकर हंगामा कांटा वही पुलिस की मौजूदगी में किसानों के ऑनलाइन कागज जमा किए गए। कस्बा के मंडी समिति में संचालित विपणन शाखा के दो केंद्र कुरारा और कुरारा ए खोले गए जिनमें किसानों की उपज का समर्थन मूल्य ज्वार और बाजरा की खरीद शुरू हो गई। वही पहले तौल करने को लेकर किसानों ने केंद्र प्रभारी से जमकर नोकझोंक की जिससे घंटो काम बंद पड़ा रहा।बाद में पुलिस के पहुंचने पर किसानों को समझाने बुझाने के बाद सभी किसानों के ऑनलाइन कागज जमा किए गए। बेरी गांव के किसान मुकेश पाल, भैंसापाली गांव के



किसान नंदन शुक्ला ने बताया कि 3 दिनों से ट्रैक्टर में ज्वार लेकर तौल कराने आए थे ,तौल अभी तक नहीं हो पा रही है जिससे किसान आक्रोशित हो गए तौल को लेकर केंद्र प्रभारी से नोक झोंक की।केंद्र प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि दोनों केन्द्रो में किसानों के ज्वार की तौल कराई जा रही है जिसमे पहले तौल कराने को लेकर किसानो ने हंगामा किया वही अभी तक कुरारा ए केंद्र में 356 कुंतल ज्वार की खरीद की गई है और 12 किसानों को लाभान्वित किया गया है। केंद्र प्रभारी ने बताया कि अभी तक 1100 कुंतल ज्वार की खरीद हो चुकी है और 15 किसानों के खाते में धनराशि भेजी जा चुकी है। बाजरा केंद्र प्रभारी ने बताया की बाजरा केंद्र में डेढ़ सौ कुंतल खरीद की गई है और किसानों को टोकन देकर एक सप्ताह में लक्ष्य पूरा कर दिया जाएगा।

### अराजक तत्वों की सुरक्षित पनाहगाह बनीं कांशीराम कालोनियां



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** मौदहा कस्बा में तीन स्थानों पर बनी कांशीराम कालोनियां अराजक तत्वों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बनी हुई हैं ,जहां पर बाहरी लोग किराए पर रह रहे हैं ,जिससे कालोनियों का माहौल दूषित होने के साथ ही साथ कस्बे की शांति व्यवस्था भी भंग होने की आशंका बनी रहती है।कस्बावासियों का आरोप है कि कई बार जांच करने के बाद भी जिम्मेदार किसी बडी अनहोनी का इन्तजार कर रहे हैं।

कस्बा के वार्ड नम्बर नौ निजामीपुरा के सभासद मोहम्मद रमजानी ने उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि कांशीराम कालोनी छिमौली रोड उनके वार्ड में आती है जिसमे कालोनी जिन लोगों को आवंटित हैं उन्होंने बिना जांच पडताल के बाहरी लोगों को किराये पर ठहरा दिया है जो कालोनी में जुआ, शराब सहित अन्य आपराधिक काम करने के साथ ही साथ कालोनी में अभद्रता और महिलाओ से अश्लीलता करते हैं और मना करने पर गाली गलौज करते हैं। बताते चलें कि, कांशीराम कालोनियों में अपहरण, बलात्कार, आत्महत्या सहित लैंगिक अपराध आम बात हैं और यह सारे काम बाहरी लोगों द्वारा किए जा रहे हैं हालांकि मामलों को गंभीरता से लेते हुए नगरपालिका और कोतवाली पुलिस ने कस्बे की तीनों कालोनियों की जांच कराई थी लेकिन सभासदों द्वारा अपना वोट बैंक बचाने के चलते जांच ठण्डे बस्ते में पडी हुई कार्यवाही का इंतजार कर रही है।

## खनन में अज्ञात की गिरफ्तारी चार नामजद फ़रार

**● नामजद खनन अपराधियों की गिरफ्तारी न होना शोशल मीडिया पर बना चर्चा का विषय।**

**(खनन माफियाओं को छोड़ कर अज्ञात में दर्ज नामों में शिनाख्त करते हुए एक मजदूर वर्ग को गिरफ्तार कर जेल भेज पुलिस ने अपनी पीठ थपथपाई।)**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** अवैध खनन कराने के मामले में सिंगाही पुलिस काफी समय से बदनाम तो है ही अब तो खनन कारोबार करने वाले आरोपियों के साथ सिंगाही पुलिस खड़ी भी है। खनन माफियाओ के खिलाफ सिंगाही थाने में खनन अधिकारी पर तमंचा रखना व गनर से राइफल छीनने के सम्बंध में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। बावजूद इसके नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है, अज्ञात को गिरफ्तार कर जेल भेज कर सिंगाही पुलिस इतिश्री प्राप्त करने की कोशिश कर रही। नामजद आरोपियों को गिरफ्तार न करना पुलिस की भूमिका को लेकर शोशल मीडिया पर बना चर्चा का विषय।

बताते चले कि खनन को लेकर लगातार खबरों के प्रकाशन के कारण उच्च अधिकारियों ने खनन की समस्या को सज्ञान में लेते हुए बीते 18 नवम्बर की रात करीब 11 बजे खनन अधिकारी आशीष सिंह ने मोतीपुर के भौका घाट पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने चार ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध बालू परिवहन करते पकड़ी गई। इनमें दो ट्रॉली बालू से भरी हुई थीं, जबकि दो खाली ट्रॉली बालू भरने जा रही थीं। वाहन चालकों के मोबाइल जब्त कर टीम ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंचने से पहले ही मोतीपुर निवासी मुन्ना खान, कल्लू पुरवा निवासी हीरालाल, कोतवाली तिकुनिया के गांव तकिया पुरवा निवासी रविंद्र भार्गव और बंजरिया फार्म थाना सिंगाही निवासी फतेह सिंह मौके पर चार-पांच अन्य साथियों के साथ पहुंच गए और कार्रवाई का विरोध करते हुए खनन अधिकारी से गाली-गलौज हाथापाई करने की कोशिश की और हमलावरों ने गनर प्रदीप कुमार पर तमंचा लगाकर उसकी राइफल छीनने का भी प्रयास किया। इसी दौरान दो खाली ट्रैक्टर ट्रॉली चालक मौके का फायदा उठाकर भाग निकले। रोकने का प्रयास करते समय अवैध खनन निरीक्षक की पूरी टीम को ट्रैक्टर चढ़ाकर मारने प्रयास किया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही खनन माफिया दो खाली ट्रैक्टर ट्राली



लेकर नौ दो ग्यारह हो गए। खनन निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने 19 नवम्बर को सुसंगत धाराओं में उपरोक्त आरोपितों पर मुकदमा पंजीकृत कर लियाथा।उम्मीद थी कि पुलिस ऐसे आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए तत्काल कार्यवाही करेगी लेकिन ऐसा कुछ देखने को नही मिला। पुलिस के लापरवाह कार्यवाही को लेकर शोशल मीडिया व अखबारों पर खनन माफियाओं की गिरफ्तारी न होने को लेकर खबरें प्रकाशित की जाने लगी जिससे उच्च अधिकारियों के दबाव में सिंगाही पुलिस ने एक मजदूर वर्ग के ट्रैक्टर चालक को मुकदमा पंजीकृत होने के करीब 11 दिन बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अज्ञात में दर्ज मुकदमे वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर सिंगाही पुलिस ने इतिश्री प्राप्त करने की कोशिश की, जबकि मुकदमा में नामजद लोग 19 दिन बाद भी गिरफ्तार नहीं किये गए।पुलिस के इस तरह के लापरवाह रवैये को देखते हुए मामला संदिग्ध लग रहा कि कहीं पुलिस आरोपियों के साथ तो नही खड़ी।

इस संदर्भ में निघासन क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार का कहना है, की एक कि गिरफ्तारी कर आगे की कार्यवाही प्रचलित है। सिंगाही थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह का कहना है कि टीम गठित कर अपराधियों के ठिकानों पर दबिश डाली जा रही लेकिन पकड़ से दूर हैं,जल्द ही गिरफ्तारी कर जेल भेज जाएगा।

### पीलीभीत थाना घुंघचाई फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, गेमिंग एप के जरिए ठगी करते थे आरोपी

**● कई राज्यों में फैला था नेटवर्क मोबाइल, लैपटॉप, विदेशी सिम कार्ड सहित अन्य उपकरण बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घुंघचाई/पीलीभीत** गैंग बनाकर फर्जी काल सेंटर चलाने वाले छह आरोपियों को उपकरण में प्रयुक्त समान सहित बरामद गिरफ्तार आरोपियों को भेजा जेल। विदेश(दुबई) में जाकर काल सेंटर पर ट्रेनिंग के बाद भारत वापस लौटे आरोपियों ने गैंग बनाकर साइबर फ्राड का धंधा शुरु कर दिया। इन लोगों ने घुंघचाई के अलावा उत्तराखंड के रुद्रपुर में फर्जी काल सेंटर चला रखा था। पुलिस ने गैंग के छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पकडे गए आरोपियों ने अपना नाम मनजीत सिंह उर्फ सोनू गांव बसंतपुर नौनेर थाना माधोटांडा पीलीभीत, विक्रांत पंडित उर्फ विक्की अलिंग चौराहा कस्बा थाना खंम्भात सिटी जिला आनंद, गुजरात, चक्र खड़का कस्बा साना गांव, जिला डोटी राज्य सुदूर पश्चिम नेपाल, कपिल मेहरा निवासी कालका चौराहा, रोशनपुरा,थाना अरेरा हिल्स जनपद भोपाल मध्य प्रदेश, कुनाल प्रजापति निवासी कालका चौराहा, रोशनपुरा, थाना अरेरा हिल्स जनपद भोपाल मध्य प्रदेश, प्रशान्त सिंह निवासी दानिशकुंज थाना कोलार जिला भोपाल मध्य प्रदेश का निवासी बताया। तलाशी लेने पर पकडे गए आरोपियों के पास से पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 13 मोबाइल फोन, 13 लैपटाप, 02 कम्प्यूटर सिस्टम मय सीपीयू, एलईडी, कीबोर्ड, 01 प्रिन्टर जीरोक्स मशीन, 1160 रूपये नकद व 02 सिम कार्ड व 01 अदद सिम यूएई देश का, 03 आधार कार्ड बरामद किए। पकडे गए सभी आरोपी रुद्रपुर में गैंग बनाकर फर्जी काल सेंटर का संचालन करते थे। इसका सरगना मंजीत सिंह है। पुलिस पूछताछ में मनजीत ने वताया कि वह अगस्त 2024 में दुबई गया था। वंहा उसकी मुलाकात विक्रांत उर्फ विक्की और अमृत पाल से हुई। विक्की ने उसे कॉल सेंटर में काम दिलवा दिया। जहां पर उसने 35000 रुपए प्रतिमाह पर नौकरी कर सारा काम सीख कर कुछ माह पहले वह



अमृत पाल के साथ वापस आ गया। अमृत पाल अपने घर से और सरगना मनजीत सिंह रुद्रपुर और माधोटांडा से कॉल सेंटर चलाने लगा। गेमिंग एप के जरिए लोगों को फोन करके गेम खेलने के लिए प्रेरित करते थे। तथा पहले इनाम जीतने पर ऊंची रकम का झांसा देते थे। जब पहली बार कोई गेम खेलता था तो ऊंची दरों से जितबा देते थे और उनके अकाउंट में पैसे भेज देते थे। इस तरह से पीड़ित व्यक्तियों के बैंक खातों की डिटेल आती थी। इसके बाद पीड़ित व्यक्तियों का पूरा डाटा खाली कर देते थे। पुलिस ने घटना का खुलासा कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### पूर्वी दिल्ली में कार ने बुलेट को मारी जोरदार टक्कर, हादसे में एक भाई की मौत और दूसरा गंभीर रूप से घायल

**कृष्णा नगर में कार और बुलेट की टक्कर**

**एक भाई की मौत, दूसरा घायल**




**पूर्वी दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली में कृष्णा नगर इलाके में स्विफ्ट कार ने पीछे से बुलेट को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो भाई बुरी तरह से घायल हो गए। वहीं, हादसे में घायल हुए शाहबाज व समीर को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शाहबाज को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में कार चालक ऋषभ भी घायल हुआ है। उसका इलाज डॉक्टर हेडगेवार अस्पताल में चल रहा है।

### स्वास्थ्य विभाग का चला कानूनी चाबुक तीन अवैध हॉस्पिटलों को किए सील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के लहरपुर नगर क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध रूप से संचालित तीन अस्पतालों पर कार्रवाई की सोमवार को टीम ने इन अस्पतालों को सील कर दिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई के निर्देश पर डॉ. आदित्य प्रताप सिंह और विजय प्रताप सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की टीम सबसे पहले तहसील मार्ग स्थित सिटी हॉस्पिटल पहुंची, लेकिन संचालक पहले ही इसे बंद कर फरार हो गए थे। इसके बाद टीम ने नवजीवन हॉस्पिटल का निरीक्षण किया, जहां आवश्यक दस्तावेज नहीं मिलने पर उसे बंद कर ताला लगा दिया गया सीतापुर मार्ग पर स्थित मर्सी हॉस्पिटल की जांच में भी यही स्थिति पाई गई और उसे भी सील कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की इस छापेमारी की सूचना मिलते ही नगर क्षेत्र में संचालित



आधा दर्जन से अधिक अन्य अस्पतालों के संचालक अपने-अपने प्रतिष्ठानों के शटर गिराकर मौके से फरार हो गए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई ने बताया कि सिटी हॉस्पिटल में एक दाई द्वारा प्रसव कराए जाने की शिकायत मिली थी जिसके बाद टीम जांच के लिए मौके पर गई थी उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन अस्पतालों की जांच की गई है और क्षेत्र में बिना पंजीकरण के जो भी अस्पताल संचालित पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी!!

## संक्षिप्त खबरें

### बस्ती जिले के कांग्रेस पार्टी के नेता13 दिसम्बर को दिल्ली कूच करेंगे कांग्रेसी




**बस्ती।** बस्ती जिले में कांग्रेस पार्टी श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष देवानंद पाण्डेय के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. उदयराज के निर्देश पर दर्जनों लोग 13 दिसम्बर को राजधानी दिल्ली कूच करेंगे। यह जानकारी देते हुये श्री पाण्डेय ने प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या मे दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचने की अपील किया है। उन्होने कहा वोट चोरी के सैकड़ों साक्ष्य होने के बावजूद चुनाव आयोग के कान मे जूं नही रेंग रहा है। वह दिन दूर नही जब जनता सड़कों पर उतरकर अपना हक मांगेगी। दूसरी ओर एसआईआर प्रक्रिया में बड़ी संख्या में जान गंवा चुके बीएलओ के परिवारों के लिये सरकार ने कोई मुआवजा नही घोषित किया जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी सरकार की हर जुल्म और ज्यादती के खिलाफ जनहित मे आवाज बुलंद करेगी। इसी कड़ी में आपको बता दें वोट चोरी और एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी के खिलाफ शीतकालीन सत्र के वक्त 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस की बड़ी रैली होगी। इस रैली में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी समेत कांग्रेस के कई नेताओं की मौजूदगी रहेगी।

### बाल वैज्ञानिकों के शानदार मॉडल ने किया ध्यानाकर्षण



**चित्रकूट-** राजकीय हाइस्कूल सेमरिया चरणदासी में सोमवार को कैरियर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बाल वैज्ञानिकों ने शानदार विज्ञान मॉडल बनाकर प्रस्तुत किए। मेले में मानिकपुर के उपजिलाधिकारी मोहम्मद जमीन ने कहा कि छात्रों को अपने कैरियर के निर्माण के लिए पूरे मनोयोग से पढ़ाई करनी चाहिए। ऐसे कार्यक्रमों के जरिए बच्चों को प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिलता है। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने कहा कि विद्यालय के छात्र अपना कैरियर बनाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए देश के निर्माण में अपना योगदान दें। कार्यक्रम संयोजक प्रधानाचार्य डॉ सनत कुमार द्विवेदी ने विद्यालय के वर्ष भर के कार्यक्रम, गठित समितियों, पाठ्यक्रम की पूर्णता आदि की जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की क्रियाशीलता एवं विद्यालय द्वारा कराएं जा रहे प्रयासों का उत्साहवर्द्धन करना है। मेले में बच्चों द्वारा अलग-अलग विषयों पर मॉडल तैयार किए गए थे। इसके अलावा प्रयोगशाला में जल संचयन, पृथ्वी गति, सड़क सुरक्षा आदि के मॉडल ने सबका ध्यान आकर्षित किया। कैरियर हब में विद्यालय टाइम टेबल, पाठ्यक्रम, अवकाश सूची, विद्यालय की समितियां, क्बल, संघ आदि का विवरण प्रदान किया गया। इस मौके पर राजकीय हाइस्कूल के प्रधानाचार्य रामेश्वर पाण्डेय इटवा डूडैला, शारदा प्रसाद गुप्ता रौली कल्याणपुर, भैरों प्रसाद बड़ी मडैयन, हरिश्चन्द्र घुरेटनपुर, जिला समन्वयक विवेक सिंह, पुस्तकालय प्रभारी डॉ प्रदीप शुक्ल, जिला क्रीड़ा प्रभारी अवधेश सिंह, डॉ शशिकांत त्रिपाठी, संदीप करवरिया, शिक्षक कैलाश चन्द्र शुक्ल, चन्द्रभान, सुमित कुमार साहू, कुंवर सिंह, नोडल शिक्षक अजय कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य मेले में 1205 मरीजों का हुआ इलाज

**चित्रकूट-** जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद के 28 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व एक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 560 पुरुष, 447 महिला एवं 198 बच्चों (कुल 1205 लाभार्थियों) को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी गयीं। आरोग्य स्वास्थ्य मेला में कुल 46 चिकित्सकों, 98 पैरामेडिकल कर्मियों द्वारा संचारी रोग, फाईलेरिया, कुष्ठ रोग, क्षयरोग, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य परिवार नियोजन, आयुष्मान भारत-गोल्डेन कार्ड व जननी सुरक्षा योजना से संबंधित सेवाएं दी गयीं। साथ ही जानकारी के लिए विभिन्न विभागों द्वारा प्रर्दशनी व स्टाल भी लगाये गये। इस दौरान जनपद स्तर से नामित नोडल अधिकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीएमओ, डीपीएम एवं सभी ब्लॉक के चिकित्साधीक्षक, बीपीएम व बीसीपीएन द्वारा मेले का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बताया गया कि प्रत्येक रविवार को मुख्यमन्त्री जन आरोग्य मेले का आयोजन कर जनपदवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जा रही है, जिसके तहत अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य मेले का लाभ उठाते हुए इलाज व अन्य सुविधाए प्राप्त कर सकते हैं।

## बस्ती मे गूंजा वंदेमातरम, हजारों छात्र छात्राओं ने रचा इतिहास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में गूजा वंदे मातरम गीत हजारों छात्र-छात्राएं एवं सनातन धर्म के युवावंदे मातरम के 150 वर्ष पूरा होने पर सोमवार को शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम में जनपद के 36 विद्यालयों के 34000 छात्र छात्राओं और शिक्षकों ने वंदे मातरम का सामूहिक गायन करते हुए मां भारती को नमन किया। वन्देमातरम सार्धशती उत्सव आयोजन समिति के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने सभी का ध्यान खींचा। शहर के सड़को पर ध्वनि विस्तारको के द्वारा वन्देमातरम का स्वर गूँजा तो हर कोई अवाक रह गया। देशप्रेम से ओतप्रोत इस अनोखे कार्यक्रम की हर कोई सराहना कर रहा है। जनपद के सभी विद्यालयों ने आपसी सामजंस्य का परिचय देकर मण्डल व जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में दिव्य कार्यक्रम प्रस्तुत कर इतिहास रचा। दीप प्रज्वलन व माँ भारती के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ शुरू हुये इस भव्य कार्यक्रम मे 'वन्देमातरम एवं राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका' विषय पर परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की भूमिका एवं इस महोत्सव के उद्देश्य पर बच्चों को संबोधित करते हुए कैलाश नाथ दूबे ने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्र की नवचेतना का गान है और यह मां भारती के लिए सर्वस्व समर्पण का प्रेरक महामंत्र है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्र रक्षा के लिए एकता और बलिदान के मूल्य से परिचित कराना है। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम पिछले 150 वर्षो से भारतीयों को राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित कर रहा है। यह ब्रिटिश शासन के विरुद्ध प्रतिरोध का प्रतीक बना और स्वतंत्रता सेनानियों के होंठों पर स्वाधीनता का उद्घोष बन गया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम भारत माता के प्रति समर्पण, श्रद्धा और प्रेम का प्रतीक है।

पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र संजीव त्यागी ने परिचर्चा को आगे बढाते हुये कहा कि जननी और जन्मभूमि दोनो माता के समान हैं, इसे धरती माता इसलिए कहते हैं क्योंकि यह हमारा भरण पोषण करती है, भारत भूमि ही दुनिया मे एक देश है जिसे माता कहते हैं। उन्होंने कहा कि वन्देमातरम आज भी स्वाभिमान, एकता और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे देश की प्रगति में अपनी भूमिका निभाएं और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाएं।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक ने वंदे मातरम् के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्र की चेतना को जागृत करने वाली एक भावपूर्ण वंदना है। उन्होंने बताया 7 नवंबर 1875 को बंकिम चंद्र चटर्जी ने वंदे मातरम् की रचना की थी। यह गीत देशभक्तों के लिए प्रेरणा और जागृति का स्रोत बना। आज बड़ी आवश्यकता है देश भर के विद्यार्थियों को गीत के अर्थ, महत्व और स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका से अवगत कराया जाए, ताकि नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना की प्रति समर्पित रहे इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह, जिला क्रीडा अधिकारी आदि मंच पर उपलब्ध रहे। वन्देमातरम कार्यक्रम में इन विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया राजेश चौधरी श्रीराम पब्लिक स्कूल, सुभाष त्रिपाठी ए एस जी एस इंटर कालेज हरैया, अनिल तिवारी पण्डित चतुर्भुज इंटर कॉलेज कप्तानगंज, अरविंद मिश्र, यदुवेन्द्र सिंह करमा देवी ग्रुप एजुकेशन, प्रधानाचार्य लिटिल फ्लावर स्कूल-हरैया, प्रबन्धक सर माउंट कॉन्वेंट स्कूल, डॉ अरुणा पाल सी डी ए स्कूल बनकटी, डॉ अपर्णा भारद्वाज राजकीय कन्या इंटर कालेज,अमित यादव राजकीय इंटर कालेज, गोविंद सिंह सरस्वती विद्या मन्दिर, प्रियंका सिंह सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, मुस्लिमा खातून बेगम खैर इंटर कालेज, प्रधानाचार्य सेंट बेसिल स्कूल, डॉ सुरभि सिंह पाण्डेय गर्ल्स स्कूल, प्रधानाचार्य गोविंद राम सक्सेरिया स्कूल, एंजलीना फिलिप सेंट जोसेफ स्कूल, कामोद उपाध्याय सरस्वती शिशु मंदिर शिवा कालोनी, मनोज सिंह शिव हर्ष किसान इंटर कॉलेज, फोनिक्स पब्लिक स्कूल, राजेश मिश्र डॉन वास्को स्कूल, गोविंद चौधरी ब्लूमिंग बड्स स्कूल, आर के उस्मानी इंडियन पब्लिक स्कूल, जगदीश मिश्र सावित्री विद्या विहार, सन्तोष श्रीवास्तव यूनिक साइंस एकेडमी, विनय शुक्ल उर्मिला एजुकेशनल एकेडमी, लीलावती शुक्ल जागरण पब्लिक स्कूल, गोपाल त्रिपाठी दिल्ली स्कूल ऑफ एक्सीलेन्स, राम प्रताप सिंह श्रीनेत गलोबल पब्लिक स्कूल, इंजीनियर शैलेष चौधरी पब्लिक स्कूल, अखिलेश दूबे एस पी चिल्ड्रेन्स एकेडमी, खैर इंटर कालेज, कृषक इंटर कॉलेज, महाजन उत्तर माध्यमिक विद्यालय, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, जे पी तिवारी सेंट्रल एकेडमी, डॉ सुरभि सिंह पाण्डेय गर्ल्स इंटर कॉलेज आदि। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश मिश्र ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिलेश दूबे, शुशील मिश्र, डॉ रोहन दूबे, अतुल चित्रगुप्त, मनीष सिंह, रमेश सिंह, डॉ शैलेष सिंह, भोलानाथ चौधरी, मनीष सिंह, चन्द्रभान सिंह, अभिनव उपाध्याय, अर्पित गौड़, ओमकार मिश्र, हर्ष मिश्र, अंकुर यादव, अनुराग शुक्ल, सच्चिदानंद पाण्डेय, पंकज त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

## बस्ती मे युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या मामला संदिग्ध

**बस्ती।** बस्ती जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के जयपुरवा मोहल्ले मे मोहनीष चौधरी (30) पुत्र अजय चौधरी ने घर की बालकनी मे फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसकी शादी नही हुई थी। सुबह करीब 6 बजे परिजनों ने बालकनी मे उसका शव कुंडी से लटकता हुआ देखा तो पैरों तले जमीन खिसक गयी। कुछ घण्टे पहले सबकुछ सामान्य था, युवक ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसको लेकर रहस्य बरकरार है। जानकारी मिली है कि युवक ने बी फार्मा किया था और मेडिकल क्षेत्र में जॉब के लिये प्रयासरत था। रोडवेज पर उसकी चाय की दुकान है। रोज की तरह आज भोर में वह घर पहुंचा और फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला खत्म कर ली। घटना को लेकर लोग तरह तरह की चर्चायें कर रहे हैं। कोई पारिवारिक तनाव तो कोई आशिकी से जोड़कर मामले को देख रहा है। फिलहाल सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, साक्ष्य इकट्ठा किया और लाश को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मोनीष दो भाई थे, ये छोटा था।

## गन्ना क्रय केंद्र बदलने से किसानों में आक्रोश, किया प्रदर्शनकिसानों ने गन्ना माफियाओं पर लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केबभनान चीनी मिल से जुडे गन्ना क्रय केंद्र बंजरिया सूबी पर रविवार को किसानो ने गन्ना तौल रोकते हुए जमकर प्रदर्शन नारेबाजी किया। किसानों का आरोप है कि हम लोगों का गन्ना तौल बंजरिया सूबी क्रय केंद्र पर होता चला आ रहा है। जबकि अचानक हम लोगों का गांव विशुनदासपुर गन्ना क्रय केंद्र से जोड़ दिया गया ऐसे में जबतक हम लोगों का गन्ना तौल बंजरिया सूबी पर फिर से नहीं हो जाता हम लोग गन्ना तौल नहीं होने देंगे। जानकारी के अनुसार बभनान चीनी मिल के बंजरिया सूबी क्रय केंद्र वर्ष 2003 से बरसांव गांव में चल रहा था। जिससे आधा दर्जन से अधिक गांवों के किसानों का गन्ना तौल इस केन्द्र पर होता चला आ रहा था। इस वर्ष भी इसी केन्द्र पर तौल हो रहा था अचानक कुछ लोग की मिलीभगत से सुविखा बाबू गांव और भूअरिया गांव को बंजरिया सूबी गन्ना क्रय केंद्र से हटा कर बिना किसानों की सहमति से विशुनदासपुर क्रय केंद्र से जोड़ दिया गया।

किसान श्रीराम सिंह शिव सदन , चतुर्गुन राजभर छोटू राम, इन्द्र प्रताप, राजकुमार सहित अन्य किसानों का आरोप है कि गन्ना माफियाओं की मिली भगत से मिल प्रशासन ने बिना हम लोगों की सहमति लिये हम लोगो का गांव बंजरिया सूबी गन्ना तौल केंद्र से हटा कर विशुनदासपुर गन्ना क्रय केंद्र से जोड दिया गया। पहले जहां तौल होता था उस की दूरी सिर्फ तीन किलोमीटर थी जबकि विशुनदासपुर गन्ना तौल केंद्र की दूरी आठ से दस किलोमीटर है। ऐसे में जबतक फिर से हम लोगों का गांव पुराने क्रय केंद्र से नहीं जोड दिया जाता तब तक हम लोग गन्ना तौल नहीं होने देंगे।

## भनवापुर क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में आयोजित क्लस्टर बैठक में अधीक्षक ने दी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के भनवापुर क्षेत्र सीएचसी सिरसिया में सोमवार को एएनएम ,संगिनी व आशाओं का क्लस्टर बैठक आयोजित किया गया। बैठक में खराब कार्य करने वाली आशा बहूएं को अधीक्षक डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने फटकार लगाते हुए एक महीना में कार्य पूरा करने का निर्देश दिया, इस दौरान कार्य पूरा नहीं होने पर प्रशासनिक कार्यवाही की चेतावनी दी। अधीक्षक ने बैठक में प्रतिभाग न करने वाली आशा के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन कार्य दिवस के भीतर जवाब मांगा है। उन्होंने निर्देशित किया कि आशा बहूएं नवजात शिशु व बच्चों का गृह आधारित भ्रमण जरूर करें तथा बच्चों को टीकाकरण के लिए ड्यू लिस्ट में शामिल करें, जिससे बच्चों को जानलेवा बीमारी से बचाया जा सके। अधीक्षक ने एएनएम तथा संगिनी को निर्देशित किया कि क्षेत्र में पहुंचकर आशाओं के भौतिक कार्यों का सत्यापन करें तथा पाई गई कमियों को मौके पर ही दूर करवाऐं। एचईओ राजीव त्रिपाठी ने बताया कि 1 दिसंबर से 31 दिसंबर टीका उत्सव अभियान मनाया जा रहा है , इस अभियान के माध्यम से छूटे हुए व नियमित बच्चों के टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा गर्भवती महिलाओं को टीडी वैक्सीन व प्रसव पूर्व जांच की सभी सेवाएं दी जाएगी । बीसीपीएम मेराज अहमद तथा बीएमसी सूर्यदेव सिंह ने आशा बहुओं को ड्यू लिस्ट बनाने के लिए प्रशिक्षित किया तथा कहा कि टीकाकरण के 1-2 दिन पूर्व डियू लिस्ट तैयार करें तथा बुलावा पर्ची वितरित करके टीकाकरण में सहयोग करें। इस मौके पर राहुल कुमार, दीपक मधुकर, सोनिया वर्मा, रीना, धर्मावती, आरती, भानमती, प्रेमवदा, मंजू, पुष्पा आदि उपस्थित रहे ।

## आरएलडी ने जिलाधिकारी को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन, समस्याओं के निस्तारण की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों ने मण्डल अध्यक्ष राधेश्याम चौधरी के नेतृत्व में जिलाधिकारी को 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग किया है। सौंपे गये ज्ञापन मे मुण्डेरवां सीएचसी पर व्याप्त अव्यवस्थाओं, खाद की किल्लत, ओवररेटिंग, अग्निशमन केन्द्र का निर्माण, कलवारी टाण्डा के मरम्मत कार्य को शीघ्र पूर्ण किये जाने की मांगों को प्रमुखता से उठाया गया है।जिलाधिकारी को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि मुण्डेरवां सीएचसी पर तैनात डा. मेहनाज गनी तथा डा. शिप्रा शुक्ला डियूटी मे लापरवाही करते हैं जो मरीजों पर भी भारी पड़ रहा हे। अस्पताल के जिम्मेदार रोगियों को आक्सीजन की सुविधा देने में हीलाहवाली करते हैं जिससे एक युवक की जान चली गयी। इस मामले की जांच कराकर दोषियों को सबक सिखाया जाना जरूरी है। आरएलडी के प्रदेश सचिव महिपाल पटेल ने कहा साधन सहकारी समिति मुण्डेरवां पर यूरिया उपलब्ध न होने के कारण किसानों को इधर उधर भटकना पड़ रहा है।साधन सहकारी समिति टिकरिया बनकटी के सचिव प्रभावशाली लोगों को 20 से 50 रूपये अधिक मूल्य पर यूरिया उपलब्ध करवा रहे हैं। लाइनों मे लगे किसानों को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। आरएलडी नेता राय अंकुरम श्रीवास्तव ने कहा राजस्व ग्राम बढ़यां मुण्डेरवां मे अग्नि शमन केन्द्र के निर्माण के भूमि अधिग्रहीत है लेकिन इसका निर्माण अभी तक शुरू नही हुआ। उन्होने मांग किया कि व्यापक जनहित को देखते हुये निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाये।अहरा बनकटी मार्ग का मरम्मत कार्य चल रहा है, इसमे तीन स्थानों पर जल निकासी के लिये पुलिया लगाने की जरूरत है, मरम्मत के साथ मार्ग मे पुलिया भी लगवाई जाये। इसके साथ ही मांग पत्र में कलवारी टाण्डा पुल के मरम्मत कार्य मे तेजी लाने की मांग उठाई गयी है। जिलाधिकारी ने सभी मागों पर विचार कर उचित निस्तारण का भरोसा दिलाया है। ज्ञापन सौंपते समय शनि सिंह, राघव प्रसाद, बब्बू चौधरी, शिवकुमार गौतम, रूदल चौधरी आदि मौजूद रहे।

## गन्ना उतारने के नाम पर किसानों से 100 की वसूली

### ●अगर किसान नहीं दे पाए तो उनका गणना नहीं उतरवाया जाता है

### सरकारी प्रतिबंध के बाद भी केंद्र महादेव बी सहित ग्रामीण इलाकों में धन उगाही खुलेआम हो रही अवैध वसूली को रोकने वाले जिम्मेदार मौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में हर तरफ भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार नजर आ रहा है सरकारी आदेशों और स्पष्ट प्रतिबंध के बावजूद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों से कृषि फसलों की ढुलाई के दौरान अवैध वसूली थमने का नाम नहीं ले रही है। केंद्र महादेव बी के किसानों ने आरोप लगाया है कि गन्ना उतारने के नाम पर प्रति वाहन 100 तक अवैध वसूल किया जा रहा है । प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए इसे किसान सिस्टम की मौन सहमति मान रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक - फसल खरीद और परिवहन पर किसी भी तरह का शुल्क सरकार ने पूरी तरह प्रतिबंधित किया है, इसके बावजूद रास्ते में खड़े लोग पैसे मांगते हैं। विरोध करने पर वाहन रोककर डराने-धमकाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। ग्रामीण सूत्रों के मुताबिक यह वसूली कथित दलालों और स्थानीय दबंगों के नेटवर्क के जरिए होती है, जो किसानों की मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं। शिकायतों के बाद भी अब तक बड़े स्तर पर कोई कार्रवाई न होने से किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।.फिलहाल गन्ना कर' की अवैध धन उगाही ग्रामीण क्षेत्रों में चर्चा का प्रमुख विषय बनी हुई है।

## कप्तानगंज पुलिस ने हत्या के प्रयास में फरार तीन अपराधियों को धर दबोचा



**बस्ती।** जिले के कप्तानगंज थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में कप्तानगंज पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास के अपराध में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों शिवकुमार पुत्र राम महेश, बुद्धिसागर पुत्र शिवकुमार और उमाशंकर पुत्र शिवकुमार को गिरफ्तार किया गया। ये सभी कई दिनों से फरार चल रहे थे। तीनों को गिरफ्तार करने के बाद नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावा उपनिरीक्षक रविंद्र यादव, उपनिरीक्षक दुर्गेश यादव, उपनिरीक्षक मोहम्मद इस्लाम खान, हेड कांस्टेबल अजय यादव, हेड कांस्टेबल अनिल दत्त सरोज, कांस्टेबल काशी कुमार, म0 कांस्टेबल निशा चौहान और म0 कांस्टेबल शिल्पा रावत शामिल रहे।

## स्टेमी केयर प्रोजेक्ट से बलरामपुर में दिल के मरीजों को बड़ी राहत

### ●1595 मरीजों की जांच, 30 गंभीर मरीज लखनऊ रेफर कर बचाई गई जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जिले में हृदय रोगियों को त्वरित, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित स्टेमी केयर प्रोजेक्ट ने कम समय में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 16 जून 2025 से प्रारंभ इस परियोजना के अंतर्गत अब तक 1595 मरीजों की जांच की गई है। इनमें से 30 गंभीर मरीजों को उन्नत उपचार के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लखनऊ रेफर किया गया, जहां समय पर चिकित्सा मिलने से उनकी जान बचाई जा सकी।मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि जिले में पाँच प्रमुख चिकित्सालयों को स्टेमी केयर सेंटर के रूप में जोड़ा गया है: जिला मेमोरियल चिकित्सालय, जिला संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला इन सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ईसीजी व थ्रॉम्बोलिसिस की सुविधा उपलब्ध है, जिससे हृदयाघात के मरीजों को तुरंत प्राथमिक उपचार देकर 'गोल्डन आवर' में उनकी स्थिति को स्थिर किया जा सके। परियोजना के तहत डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लखनऊ को हब सेंटर बनाया गया है, जहां अत्याधुनिक उपचार की व्यवस्था है।

डॉ. रस्तोगी ने बताया कि सीने में दर्द, अत्यधिक पसीना, बेचैनी, घबराहट जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्टेमी केयर सेंटर पहुंचना जीवनरक्षक सिद्ध हो सकता है। जरूरत पड़ने पर मरीज को निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से लखनऊ भेजा जाता है, ताकि समय पर विशेषज्ञ उपचार मिल सके। सोमवार को स्टेमी केयर प्रोजेक्ट की प्रगति और बेहतर क्रियान्वयन को लेकर महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा एक वर्चुअल समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवं चिकित्सा अधीक्षकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में महानिदेशक ने परियोजना के उद्देश्यों, मरीजों को समय पर थ्रॉम्बोलिसिस प्रदान करने, चिकित्सालयों के बीच प्रभावी समन्वय, रेफरल ट्रांसपोर्ट सिस्टम की मजबूती तथा हब-स्पोक मॉडल को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, प्रत्येक जिले में स्टेमी केयर सेंटरों की सक्रियता बढ़ाने, डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ को नियमित प्रशिक्षण देने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में परियोजना के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। स्टेमी केयर प्रोजेक्ट ने जिले में हृदय रोगियों के लिए नई उम्मीद जगाई है। आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित मेडिकल टीम और समन्वित रेफरल प्रणाली के कारण हृदयाघात के मरीजों को समय पर उपचार मिल पा रहा है। यह परियोजना स्वास्थ्य सेवाओं में एक उल्लेखनीय मील का पत्थर बनकर उभरी है, सही समय पर उठाए गए कदम कई अनमोल जिंदगियां बचा सकते हैं।

## हर्रैया-चन्द्रसी में तीन दिवसीय मेला, हवन-पूजन के साथ हुआ शांतिपूर्ण समापन

### ●नगा बाबा के स्थान पर सम्पन्न हुआ वैदिक अनुष्ठान, मेलाध्यक्ष अनिल कुमार यादव की देखरेख में हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर- विकासखंड पचपेड़वा/हर्रैया चन्द्रसी।** विकासखंड पचपेड़वा क्षेत्र के हर्रैया-चन्द्रसी गांव में आयोजित तीन दिवसीय पारंपरिक मेले का बुधवार को वैदिक हवन-पूजन के साथ भव्य समापन किया गया। मेले का समापन नगा बाबा के पावन स्थल पर सम्पन्न हुआ, जहां क्षेत्रवासियों ने सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। मेले के संचालन व व्यवस्था की जिम्मेदारी मेलाध्यक्ष अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में सुचारू रूप से निभाई गई। तीन दिनों तक चले इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में आसपास के गांवों सहित पड़ोसी जनपदों से भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूरे मेले के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोकनृत्यों और भजन कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसने वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा। मेले में लगे झूले, स्टॉल, मिठाइयों की दुकानों एवं स्थानीय उत्पादों को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चों में खासा रोमांच देखा गया, वहीं महिलाओं व युवाओं द्वारा खरीदारी का दौर दिनभर जारी रहा।

समापन के अवसर पर वैदिक विधि-विधान के साथ यज्ञ एवं हवन सम्पन्न हुआ। पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कीं। ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र की सदियों पुरानी परंपरा बताते हुए आयोजन के प्रति संतोष व्यक्त किया। मेले के दौरान प्रशासन और पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष तैयारी की गई, जिससे कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। समिति की ओर से मेलाध्यक्ष अनिल कुमार यादव ने सभी श्रद्धालुओं, ग्रामीणों व प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा कि आने वाले वर्षों में यह आयोजन और भी भव्य रूप में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेला केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि सामाजिक एकता, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जिसे निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

## स्टोर किये गये आलू को 15 दिन के भीतर न उठाने पर किरायादाता कृषक को नोटिस दें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि जनपद में संचालित निजी शीतगृहों में भण्डारित आलू के निकासी का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। उन्होने बताया है कि वर्तमान में जनपद के निजी शीतगृहों में आलू भण्डारण की अवधि 15 फरवरी से 30 नवम्बर तक निर्धारित है जिससे कि किसानों को शीतगृहों से भण्डारित आलू की निकासी हेतु पर्याप्त अवसर मिल सके। उ0प्र0 कोल्ड विनियमन अधिनियम-1976 में यह व्यवस्था निर्धारित है कि किरायादाता/कृषक कोल्ड स्टोरेज में स्टोर किये गये माल को रसीद में उसके लिए विनिर्दिष्ट दिनांक से, पन्द्रह दिन की अवधि के भीतर न उठाये तो लाइसेन्सधारी, शीतगृह स्वामी द्वारा किरायादाता कृषक को तुरन्त उसका नोटिस देगा, जिसमें उससे (किरायादाता/कृषक) सम्यक् रूप से उन्मोचित रसीद अभ्यर्थित करने और लाइसेन्सधारी/शीतगृह स्वामी को देय समस्त प्रभार का भुगतान करने के पश्चात् माल को तुरन्त उठाने की अपेक्षा की जायेगी और ऐसे नोटिस की एक प्रति लाइसेन्स अधिकारी/जिलाधिकारी को भेजेगा।

यदि किरायादाता कृषक नोटिस का पालन उसे तामील किये जाने के तिथि से सात दिन की अवधि के भीतर न करे वहां लाइसेन्सधारी शीतगृह स्वामी माल को कोल्ड स्टोरेज से हटवा सकता है और उसे किरायादाता कृषक के खर्च और जोखिम पर सार्वजनिक नीलाम द्वारा बिकवा सकता है, परन्तु लाइसेन्सधारी/शीतगृह स्वामी लाइसेन्स अधिकारी/जिलाधिकारी को ऐसी बिक्री की सूचना बिक्री के कम से कम अड़तालीस घण्टे पूर्व देगा और लाइसेन्स अधिकारी/जिलाधिकारी ऐसी बिक्री का पर्येक्षण या तो स्वयं या अपने द्वारा उस निर्मित प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से करेगा। उन्होने कहा कि उ0प्र0 कोल्ड विनियमन अधिनियम-1976 में निर्धारित उक्त व्यवस्था का सम्बन्धित द्वारा अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

## वाजिब मतदाता एसआईआर से छूट न पाये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने कहा है कि सपा के चार विधान सभा क्षेत्रो मे एस.आई.आर कैंप लगे मतदाताओं के गणना प्रपत्र भरवाकर बी एल ओ को सुपुर्द सपा के बी एल ए घर घर जाकर मतदाताओं से मिलकर मतदाताओं को फार्म दिलाये कोई भी वाजिब मतदाता छूटने न पाये। अध्यक्ष हाजी फजल महमूद व एस.आई.आर प्रभारी पूर्व सांसद राजाराम पाल के साथ सपा द्वारा आयोजित गोविंद नगर,किदवई नगर, सीसामऊ, आर्य नगर चारो विधान सभा क्षेत्रो मे बर्रा 2, सी,एन,जी चौराहा नौबस्ता, मसवानपुर, दलेल पुरवा, घुसियाना, किदवई नगर 48 क्वार्टर में एस.आई.आर कैंपों मे पहुंचकर कार्यकताओं को सम्बोधित किया।

अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता गण बी एल ओ को गणना प्रपत्र फॉर्म जमा कराये तथा मतदाता के प्रत्येक परिवार के बीच पहुंचकर फॉर्म जमा कराने मे कठिनाई आये तो उसे तुरंत हल कराये और कोई वाजिब मतदाता का नाम कटने न पाये। प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, पूर्व सांसद राजाराम पाल,प्रदेश सचिव के के शुक्ला,महासचिव संजय सिंह बंटी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, रजत मिश्रा, अर्पित त्रिवेदी, दीपक खोटे, शादाब आलम, मो सारिया,वरुण जयसवाल, आकाश यादव, हुकुम सिंह,सुधांशु मिश्रा, विनय गुप्ता, सुभाष द्विवेदी, एहसास बॉबी, दानिश मोईन, रामा यादव, ज्ञानेन्द्र यादव, राजेंद्र कोरी, तस्लीम खान आदि लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## संगम की लहरों पर प्रयागराज में बनेगा भव्य रामसेतु

**मिंटो पार्क से नैनी तक 1200 मीटर लंबा सेतु, 258 करोड़ में बनेगा नया मार्ग।**



**प्रयागराज।** तीर्थ, इतिहास और आस्था की मिट्टी से सजी संगमनगरी अब एक और अविस्मरणीय अध्याय की देहरी पर खड़ी है। यमुना की शांत लहरों पर एक ऐसा सेतु आकार लेने जा रहा है, जो सिर्फ लोहे-कंक्रीट का ढांचा नहीं, बल्कि श्रद्धा, परंपरा और समय के बीच संवाद का एक जीवंत प्रतीक बनेगा। करीब 1200 मीटर लंबा और 5 से 7 मीटर चौड़ा यह रामसेतु संगम तट पर आने वाले करोड़ों तीर्थयात्रियों के अनुभव को नई ऊंचाई देगा। यह सेतु उस आस्था का साक्षी बनेगा, जहां हर कदम यात्रा नहीं, दर्शन और अनुभूति लेकर चलता है। करीब 258 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह पवित्र सेतु मदन मोहन मालवीय पार्क (मिंटो पार्क) को नैनी स्थित शिवालय पार्क से जोड़ेगा। सदियों से इन दोनों छोरों पर खड़े श्रद्धालु घाटों तक पहुंचते रहे हैं, लेकिन अब उनके कदमों के बीच यह सेतु एक स्थायी और पवित्र मार्ग बनाएगा। सेतु निगम ने परियोजना की डीपीआर शासन को सौंप दी है, जिससे यह सपना अब कागज़ से निकलकर जमीन पर उतरने लगा है। दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन तैयार की जा रही है और प्रस्तावित योजना के अनुसार चार वर्षों के भीतर रामसेतु पूरी तरह तैयार हो जाएगा। यह सेतु प्रयागराज की पहचान में एक नया आयाम जोड़ेगा– एक ऐसा मार्ग, जहां हर कदम भक्ति की अनुभूति देगा और हर दिशा संगम की आध्यात्मिकता को महसूस कराएगी।

## विप्र महासंघ के मीडिया प्रभारी बने महेश प्रसाद त्रिपाठी




**प्रयागराज।** राष्ट्रीय विप्र महासंघ संगठन ब्राह्मण हिताय, ब्राह्मण सुखाय के लिए राष्ट्रीय स्तर पर काम कर रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कुमार चौबे ने कहा कि यह संगठन ब्राह्मण समाज को संगठित कर उनके हितों को साधने के लिए अभियान चलाया गया है। छिवकी रेलवे स्टेशन स्थित गदामाधव मंदिर के पास आयोजित पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चौबे ने कहा कि राष्ट्रीय विप्र महासंघ अराजनैतिक ब्राह्मण हिताय व ब्राह्मण सुखाय, सनातन धर्म एवं संस्कृति के प्रचार प्रसार से सम्बन्धित निःशुल्क और निस्वार्थ संगठन है। बदलते परिवेश में संगठन के अहमियत पर आधारित अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस समय ब्राह्मण समाज ही सबके निशाने पर है।अन्य समाज के लोगों द्वारा भला-बुरा कहने से कोई गुरेज नहीं किया जाता। सनातन एवं सनातनियों पर चोट की जाती है। ब्राह्मण अपने सम्मान और स्वाभिमान के लिए निरन्तर जूझता रहा है। यह संगठन ब्राह्मण समाज को संगठित कर न्याय हित के लिए यह साबित करना चाहता है कि हम परशुराम के वंशज हैं। समय आने पर फरसा भी धारण कर सकते हैं। मीडिया प्रभारी महेश प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि हालांकि, ब्राह्मण समाज को एक दूसरे के साथ मिलकर सामूहिक रूप से काम करने को लेकर तराजू में मेढक तौलने जैसा है। सहमीडिया प्रभारी बालेन्द्र कुमार बलराम ने कहा कि हमारा संगठन राजनीति से कोई वास्ता नहीं रखता, धन सम्बन्धी कोई लेनदेन भी नहीं किया जाता। हम ब्राह्मण समाज का आवाहन करते हुए कहना चाहते हैं कि संगठन में संगठित होकर लगन से ब्राह्मण समाज का उत्थान करने के प्रयासों में जुट जाएं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रमोद मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माधव प्रसाद शुक्ल, जिलाध्यक्ष सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# 56 करोड़ की अवैध प्लाटिंग पर चला प्रशासन का बुलडोजर, 40 बीघा जमीन पर बिना नक्शा पास कराए हो रही थी बिक्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर** जनपद सीतापुर में जिलाधिकारी राजा गणपति आर की सख्ती के बाद तहसील प्रशासन हरकत में आ गया। सदर तहसील खैराबाद क्षेत्र के विष्णु नगर स्थित तारा सिटी में करीब 40 बीघा जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सोमवार दोपहर को बड़ी कार्रवाई की गई। प्रशासनिक टीम ने तीन बुलडोजरों की मदद से खेत में किए गए निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त करा दिया इस दौरान प्लाटिंग के लिए बनाए गए आलीशान गेट, चारदीवारी और ईंटों से किए गए अन्य निर्माण को भी तोड़ दिया गया प्रशासन के अनुसार करीब 56 करोड़ रुपए मूल्य की इस जमीन पर बिना किसी मानक और अनुमति के प्लाटिंग की जा रही थी भूमि स्वामी जैन द्वारा प्लाटिंग के लिए कोई भी नक्शा पास नहीं कराया गया था और न ही संबंधित विभागों से अनुमति ली गई थी इसके बावजूद बड़े पैमाने पर प्लाट काटकर बेचने की तैयारी चल रही थी।

जांच में यह भी सामने आया कि धारा 80 का सहारा लेकर राजस्व को चूना लगाते हुए प्लाटिंग की जा रही थी मामले की शिकायत जिलाधिकारी तक पहुंचने के बाद उन्होंने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई का नेतृत्व नायब तहसीलदार वसुंधरा त्रिपाठी और महेंद्र तिवारी ने किया। उनके साथ लेखपालों की टीम और खैराबाद पुलिस बल भी मौजूद रहा, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या विरोध की स्थिति से निपटा जा सके प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई प्रशासन ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि बिना मानचित्र पास कराए और नियमों का पालन किए बिना की जाने वाली किसी भी अवैध प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जिले में अन्य स्थानों पर भी इस तरह की अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी!!

# लेखपाल ने शिकायतकर्ता की मिलीभगत से किसान की गेहूं की फसल को जोतवाया

**● पीड़ित किसान ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार, दोषियों पर कार्रवाई की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर (ब्यूरो)** खैराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बन्नीशाहपुर में एक किसान की खड़ी गेहूं की फसल को क्षेत्रीय लेखपाल और शिकायतकर्ता की कथित मिलीभगत से ट्रैक्टर चलवाकर जोत दिए जाने का गंभीर मामला उजागर हुआ है। पीड़ित किसान साजिद खां व शिवराम ने जिलाधिकारी सीतापुर को प्रार्थनापत्र देकर दोनों पर मनमानी, दबंगई और सरकारी अधिकारों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार उसकी कृषि भूमि गाटा संख्या 754-क जो संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज है, जिस पर 7 दिसम्बर को शाम करीब 2:50 बजे, बिना किसी पैमाइश और बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के, लेखपाल आलोक मिश्रा ने शिकायतकर्ता अजय पाल जायसवाल के कहने पर खड़ी गेहूं की फसल ट्रैक्टर से नष्ट करा दी।

किसान व ग्रामीणों के विरोध के बावजूद लेखपाल ने न सुनवाई की और न नाप-जोख कराई। पीड़ित का आरोप है कि लेखपाल ने उसे धमकी देते हुए कहा– ज्यादा बोलोगे तो एफआईआर लिखाकर जेल भिजवा दूँगा। किसान का साफ कहना है कि उसके कब्जे की जमीन पर न कोई अवैध निर्माण था, न कोई विवाद, फिर भी उसकी मेहनत पर कुठाराघात किया गया। पीड़ितों ने जिलाधिकारी से दोनों विपक्षियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई, नुकसान की भरपाई और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## 'अविवाहित बेटी भी पिता से मांग सकती है गुजारा भत्ता, दूसरी शादी या नौकरी नहीं करने तक पत्नी भी हकदार'

**नई दिल्ली।** अविवाहित बेटी व उसकी मां को गुजारा भत्ता देने के संबंधी पारिवारिक अदालत के निर्णय को चुनौती देने वाली व्यक्ति की याचिका को खारिज करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति अमित महाजन की पीठ ने कहा कि एक बालिग हिंदू बेटी हिंदू दत्तक ग्रहण एवं रखरखाव अधिनियम की धारा- 20 के तहत अपने पिता से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है, जब तक वह अविवाहित है और अपनी कमाई से अपना गुजारा नहीं कर सकती। पीठ ने कहा कि बालिग अविवाहित बेटी सीआरपीसी की धारा-125 के तहत पिता से गुजारा भत्ता मांगने के लिए मां के साथ मिलकर संयुक्त आवेदन दाखिल कर सकती है। अदालत ने यह टिप्पणी करते हुए पिता की याचिका खारिज कर दी। पारिवारिक अदालत ने बेटी और मां दोनों को अंतरिम गुजारा भत्ता के तौर पर हर महीने 45,000 रुपये देने का आदेश दिया गया था। दोनों ने मिलकर गुजारा भत्ता मांगने के लिए एक आवेदन दाखिल किया था। पारिवारिक अदालत ने कहा था कि पत्नी तब तक गुजाजा भत्ता पाने की हकदार होगी, जब तक वह दूसरी शादी नहीं कर लेती या उसे कोई नौकरी नहीं मिल जाती।

## लखनऊ में गर्लफ्रेंड ने लिव-इन-पार्टनर को मार डाला, खुद पुलिस को फोन कर जानकारी दी

**लखनऊ में लिव-इन पार्टनर की हत्या**
**बेटियों के सामने महिला ने किया कत्ल**



**लखनऊ।** लखनऊ में एक गर्लफ्रेंड ने अपने लिव-इन-पार्टनर की हत्या कर दी। महिला ने अपनी दो बेटियों के सामने इस वारदात को अंजाम दिया। अयोध्या रोड की शिवम ग्रीन सिटी में सोमवार की सुबह लिव इन में रहने वाली महिला ने अपनी दो बेटियों के सामने 33 वर्षीय बॉयफ्रेंड सूर्य प्रताप सिंह की हत्या कर दी। इसके बाद पुलिस को खुद ही फोन कर हत्या करने की सूचना भी दी। आनन फानन में पहुंची पुलिस और फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए हैं। शव पोस्टमार्टम को भेजने के बाद महिला को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## रहीमाबाद में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** मिशन शक्ति फेस-5 के तहत थाना रहीमाबाद पुलिस ने सोमवार दोपहर को जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान अहमदाबाद कटौली स्थित न्यू एरा पब्लिक स्कूल की छात्राओं के लिए आयोजित किया गया था।

एंटी रोमियो टीम और मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को महिला अपराधों की रोकथाम के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी। इनमें 1098, 1090, 181, 1076, 1930, 101, 112, 102 और 108 शामिल थे। इस दौरान छात्राओं को संबंधित पम्पलेट भी वितरित किए गए।कार्यक्रम में एंटी रोमियो टीम, पिंक बूथ, पिंक मोबाइल और महिला शक्ति केंद्र के बारे में भी विस्तृत जानकारी साझा की गई। इसके अतिरिक्त, छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति सचेत किया गया और उनसे बचाव के उपायों के लिए टोल फ्री नंबर 1930 के बारे में बताया गया। नए कानूनों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पुलिस टीम ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्हें बिना हेलमेट वाहन न चलाने,




तीन सवारी से बचने और अत्यधिक गति से वाहन न चलाने की सलाह दी गई।कार्यक्रम में प्रबंधक मोहम्मद कफील,प्रधानाचार्य कुसुमलता और अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। अभियान के दौरान, अपनी- अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।कार्यक्रम में इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक, उपनिरीक्षक अनिरुद्ध कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक अनिल कुमार वर्मा, कांस्टेबल मनु कुमार और महिला कांस्टेबल प्रियंका डागर सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# पीएसी बैरियल से टकराई बाइक दो लोगों की हुई मौत घर में मचा कोहराम, शराब के नशें में वाहन चलाने की आशंका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में तेज रफ्तार एक बार फिर जानलेवा साबित हुई देर रात तेज रफ्तार बाइक पीएसी में सड़क पर लगे बैरियर से टकरा गई। इस भीषण हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल और बाइक के परखच्चे उड़ गए। एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया वहीं मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के 27 बटालियन पीएसी मार्ग का है। जानकारी के अनुसार हादसा देर रात करीब 12 बजे हुआ। यहां 11 बटालियन आयुध भंडार के सामने सड़क पर लगे बैरियर से तेज रफ्तार बाइक टकरा गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बैरियर से टकराने के बाद करीब 10 फिट दूर जाकर गिरी। आसपास मौजूद लोगों ने हादसा होते ही पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। हादसे में बाइक पर सवार हसीमुद्दीन पुत्र रिजवान अहमद निवासी करसेवरा थाना तालगांव और मनीराम पुत्र मैकू निवासी पलिया कला थाना रामपुर कला जनपद सीतापुर उम्र करीब 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों युवक सड़क पर लहूलुहान हालत में पड़े थे। मौके पर पहुंची चौकी इंचार्ज स्वाति चतुर्वेदी ने हमराही के साथ 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया।

जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं,



मृतक हसीमुद्दीन और मनीराम के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए, जहां मातम पसरा रहा पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया हादसा तेज रफ्तार और बैरियर से टकराने के कारण हुआ है वही आशंका व्यक्त की जा रही है दोनों व्यक्ति शराब के नशे में थे। फिलहाल पुलिस की मामले की जांच की जा रही है!!

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तेंदुए की मौत की वजह साफ़ नहीं, मृत तेंदुए का विसरा बरेली लैब गया भेजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में शनिवार को खेतों के समीप मृत मिले तेंदुए की मौत की गुत्थी अभी तक पूरी तरह सुलझ नहीं सकी है पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद भी मौत की स्पष्ट वजह सामने नहीं आ पाई है जिससे वन विभाग की चिंता बढ़ गई है। अब तेंदुए की मौत के असली कारण का पता लगाने के लिए वन विभाग ने उसका विसरा आईवीआरआई बरेली लैब भेज दिया है वन विभाग के अनुसार पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में तेंदुए के शरीर के अंदरूनी हिस्सों में खून का बहाव पाया गया है, हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका कि यह स्थिति किस कारण से उत्पन्न हुई। इसी वजह से डॉक्टरों ने फिलहाल किसी एक कारण पर मुहर नहीं लगाई है। प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण बीमारी ही माना जा रहा है लेकिन इसकी पुष्टि विसरा जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी डीएफओ नवीन खंडेलवाल ने बताया कि मृत तेंदुआ नर था और उसकी उम्र करीब 6 वर्ष के आसपास आंकी गई है उन्होंने जानकारी दी कि पोस्टमॉर्टम के दौरान तेंदुए के दांत और नाखून पूरी तरह सुरक्षित पाए गए हैं इसके अलावा तेंदुए के शरीर के बाहरी हिस्सों पर किसी प्रकार के चोट, संघर्ष या हमले के निशान नहीं मिले हैं जिससे शिकार या आपसी संघर्ष की आशंका फिलहाल कम मानी जा रही है।

गौरतलब है कि शनिवार शाम करीब 5 बजे हरगांव के अटरा स्थित शारदा सहायक नदी के समीप खेतों के पास ग्रामीणों ने तेंदुए का शव पड़ा देखा था जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया था सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को



कब्जे में लेकर रविवार को दो डॉक्टरों के द्वारा पोस्टमॉर्टम कराया गया शुरुआत में बीमारी की आशंका जताई गई थी लेकिन रिपोर्ट में भी मौत की ठोस वजह सामने न आने से मामले को लेकर संशय बरकरार है फिलहाल वन विभाग विसरा जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है अधिकारियों का कहना है कि लैब से रिपोर्ट आने के बाद ही तेंदुए की मौत के असली कारण का खुलासा हो सकेगा!

## तेज़ रफ़्तार का कहर कार ने बच्ची को मारी टक्कर गंभीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में सीतापुर मार्ग पर सोमवार दोपहर को सड़क हादसे में एक 5 वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई हादसा ग्राम नेवादा के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार कार ने बालिका को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार ग्राम नेवादा निवासी राजिक के घर रिश्तेदारी में 5 वर्षीय बालिका आई हुई थी। सोमवार को वह घर के बाहर सड़क किनारे अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान वह अचानक सड़क पार करने के लिए दौड़ पड़ी तभी सीतापुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बालिका सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना होते ही आसपास मौजूद लोग मौके पर दौड़ पड़े। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। उधर, कार चालक बच्ची को टक्कर मारकर वाहन



सहित मौके से फरार हो गया लोगों में चालक की लापरवाही को लेकर आक्रोश भी देखा गया। कार की रफ्तार और हादसा सीसीटीवी में कैद हो गया। परिजन घायल बालिका को आनन-फानन में इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार बालिका को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं, हालांकि उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई है। पुलिस का कहना है कि फरार कार चालक की तलाश की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है पुलिस ने वाहन की पहचान कर जल्द आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है!!

## मेरठ में तेज रफ्तार का कहर...डिवाइडर से कूदकर स्कॉर्पियो से टकराई ब्रेजा कार, दो की मौत; 7 घायल

**मेरठ।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के एनएच-09 बछलौता गांव के सामने स्थित शिवा ढाबे के पास तेज रफ्तार ब्रेजा कार डिवाइडर कूदकर दूसरी तरफ जा रही स्कॉर्पियो से जा टकराई और पलट गई। दुर्घटना में ब्रेजा कार सवार दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इसी कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से दो घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जबकि स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार चार लोग भी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से विभिन्न अस्पतालों में घायलों को भर्ती कराया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। मेरठ जिले के परतापुर थाना क्षेत्र के सोलाना कांशी गांव निवासी 17 वर्षीय शाकिब गांव निवासी अपने दोस्त 21 वर्षीय गुलजार, 22 वर्षीय मुजीब, 22 वर्षीय मौज्जम व अपने बहनोई मेरठ के लिसाड़ी गांव निवासी इकरार के साथ शनिवार देर रात करीब 12.30 बजे ब्रेजा कार में सवार होकर मेरठ से थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के एनएच-09 स्थित राजाजी हवेली ढाबे पर खाना खाने के लिए जा रहे थे। सभी लोग कार में बैठे थे और शाकिब के बहनोई इकरार कार चला रहे थे।

# गौहनिया-करछना मार्गः सफर में, रोज मौत से मुठभेड़

**● प्रशासन की खामोशी सेजिले का मुख्य रास्ता भय का प्रतीक बन गया।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** यमुनापार गौहनिंया से करछना सम्पर्क मार्ग सुबह का उजाला धीरे-धीरे फैल रहा था। लोग अपने काम-काज के लिए निकलने लगे थे- किसी को बाज़ार जाना था, किसी को बच्चों को स्कूल छोड़ना था, तो कोई करछना की ओर काम पर जा रहा था। लेकिन जैसे ही वाहन गौहनिया से करछना जाने वाले इस मुख्य मार्ग पर चढ़ते हैं, दिल दहल जाता है। यह कोई गांव की पगडंडी नहीं, बल्कि वह प्रमुख सड़क है जो करछना को प्रयागराज शहर से जोड़ती है और जहां से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं। लेकिन इसकी हालत देखकर लगता है मानो सड़क नहीं, मौत का खड्डु बना दिया गया हो। कहीं एक फीट गहरा गड्ढा, कहीं सड़क पूरी तरह टूटी, कहीं दलदली गड्ढा–हर मोड़, हर कदम खतरे से भरा हुआ है। स्थानीय लोग बताते हैं कि यह मार्ग पहले कितना सुगम था, लेकिन अब किसी भी वाहन का यहां से सकुशल निकल जाना किसी चमत्कार से कम नहीं। गाड़ियों के पहिए गड्ढों में फंसते ही उछल जाते हैं, बाइक सवार गिरने से बचने के लिए लड़खड़ा जाते हैं और चारपहिया वाहन पलटने तक की स्थिति में आ जाते हैं।

रोजाना होने वाली इन परेशानियों ने लोगों के दिल में डर बैठा दिया है। सबसे बड़ा सवाल यह कि क्या प्रयागराज जिला प्रशासन की नजर इस मार्ग पर नहीं जाती? शिकायतें की गईं, तस्वीरें भेजी गईं, सोशल मीडिया पर आवाज उठाई गई, लेकिन न तो लोक निर्माण विभाग (PWD), न जिला प्रशासन, न DM ऑफिस और न ही यातायात पुलिस–किसी ने भी इस सड़क की सुध लेने की ज़हमत नहीं उठाई।

लोगों का कहना है कि यह जिले की महत्वपूर्ण सड़क है, जहां से करछना जाने वाले अधिकारी, अध्यापक, कर्मचारी, छात्र और आम जनता रोजाना गुजरती है। फिर भी इस मार्ग की उपेक्षा समझ से परे है। पिछले कुछ दिनों में इस मार्ग पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। एक युवक काम पर जाते समय गहरे गड्ढे में बाइक सहित गिर पड़ा। एक महिला स्कूटी का संतुलन बिगड़ने से सड़क पर फिसल गई। दूसरी ओर, कई कारों के टायर फट चुके हैं और एंबुलेंस तक इस रास्ते में फंसकर देर से पहुंचती हैं।

रात के समय यह मार्ग और भी खतरनाक हो जाता है। अंधेरे में गड्ढों का अंदाजा लगाना मुश्किल और निकलना उससे भी ज्यादा जोखिम भरा।स्थानीय लोगों की पीड़ा साफ झलकती है। वे कहते हैं- 'यह गांव की सड़क नहीं कि नजरअंदाज कर दो, यह करछना की मुख्य सड़क है, जो जिले की सबसे व्यस्त राहों में से एक है। अब अगर भी इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई, तो हम शांत नहीं बैठेंगे।' प्रशासन को चेतावनी दी गई है कि जल्द मरम्मत कार्य शुरू नहीं होने पर लोग आंदोलन करेंगे। यह कहानी नहीं, बल्कि उस मुख्य मार्ग की दुखभरी सच्चाई है, जिस पर हर दिन हजारों कदम चलते हैं और हर कदम मौत के साए से होकर गुजरता है। सवाल वही है–कब जागेगा प्रयागराज प्रशासन और कब उठेगा इस सड़क को बचाने का कदम?

# श्री राम विलास कमला देवी विद्यालय में मनाया गया अद्भुत वार्षिकोत्सव

**● मानवीय संवेदनाएं हो रही यांत्रिक : डॉ गंगा प्रसाद शर्मा पूर्व आई ए एस प्रशिक्षक**

**वक्ताओं ने दिया एकता और अनुशासन का पावन पैगाम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** सीतापुर के सकरन क्षेत्र के ग्राम कोलुहापुरवा के श्री रामविलास कमला देवी सेवा समिति द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव एवं छात्र अलंकरण समारोह अत्यंत गरिमामय, प्रेरणादायी एवं वैचारिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन न केवल प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान का साक्षी बना, बल्कि समाज में शिक्षा, संवेदना और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का सशक्त संदेश भी दे गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आई ए एस प्रशिक्षक डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा 'गुणशेखर' ने अपने उद्बोधन में गहन सामाजिक यथार्थ को रेखांकित करते हुए कहा कि आज के यांत्रिक होते समाज में मानवीय संवेदनाएँ क्षीण होती जा रही हैं और मशीनवत होती जा रही है। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि इंसानियत, मानवता और सहयोग की भावना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का अनिवार्य आधार होनी चाहिए। डॉ. शर्मा के अनुसार, शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा समाज की जड़ समस्याओं का स्थायी समाधान संभव है।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जनकवि डॉ. देवेंद्र कश्यप 'निडर',, ने गूढ़ दार्शनिक भाव में कहा– 'ज्ञान प्रगति का पासवर्ड है, जिसके बिना समस्याओं के समाधान का द्वार नहीं खुलता।' उनके विचारों ने उपस्थित विद्यार्थियों व अभिभावकों को आत्मचिंतन की ओर प्रेरित किया। उन्होंने काव्यपाठ के दौरान यह भी कहा कि अनुशासन की डगर न छोड़ो तो मंजिल मिल जायेगी। द्वितीय सत्र के मंच संचालक कवि श्री रोहित विश्वकर्मा ने हास्य और सकारात्मकता से परिपूर्ण काव्य प्रस्तुति देकर वातावरण को ऊर्जावान बनाया, जबकि श्रीमती पिंकी प्रजापति, कवयित्री ने संघर्ष और निरंतरता की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से नारी चेतना एवं आत्मबल का संदेश दिया– 'मैं हूँ नदी का किनारा, जो कभी रुकती नहीं।' उनकी कविता ने श्रोताओं के मन में अदम्य साहस का संचार किया। कार्यक्रम का प्रारम्भिक संचालन डॉ. चन्द्रशेखर प्रजापति, उप-संपादक, भाखा अंतरराष्ट्रीय अवधी पत्रिका के द्वारा किया गया। उनके कुशल संचालन ने कार्यक्रम की भूमिका तैयार की। कवि विकास मौर्य 'वीकू' एवं कवि राकेश मौर्य ने क्रमशः आधुनिक भावबोध और लोकभाषा अवधी में उत्कृष्ट काव्य पाठ प्रस्तुत कर श्रोताओं की भरपूर प्रशंसा अर्जित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिष्ठित शिक्षाविद् गुरुजी आर. डी. वर्मा ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने शिक्षा को संस्कारों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए समाज को दिशा देने वाले विचार प्रस्तुत किए। सामाजिक कार्यकर्ता नीतू वर्मा ने बेटियों की शिक्षा और नारी सशक्तिकरण को सामाजिक विकास का मूलमंत्र बताते हुए विचार रखे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रबन्धक श्री सुशील कुमार मौर्य, प्रधानाचार्य श्री तेजनरायन पाण्डेय, कार्यक्रम संयोजक सुरेंद्रकान्त मौर्य (प्रबन्धक - एल.पी.एल. डी. मेमोरियल एकेडमी) तथा व्यवस्थापक दिलीप कुमार की भूमिका सराहनीय रही। अंत में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, वक्ताओं, कवियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# कर्मचारी मशीन नही- भारत की कार्य-संस्कृति पर बड़ी बहस

**[ क्या हम इंसान हैं या मशीन? राइट टू डिस्कनेक्ट का बड़ा सवाल ]**

**[ बच्चे की कहानी या बॉस का कॉल—कब तक चलेगी ये जद्दोजहद? ]**



कल्पना कीजिए - रात के दस बज रहे हैं। घर में सुकून भरी रोशनी है, डिनर टेबल पर परिवार साथ बैठा है, और आपका बच्चा पहली बार स्कूल का किस्सा पूरे उत्साह से सुनाना शुरू करता है। तभी अचानक फोन की तेज़ रिंग उस खुशनुमा माहौल पर जैसे ब्रेक लगा देती है– 'सर, बस दो मिनट, ये प्रेज़ेंटेशन अपडेट कर दीजिए।' आप चेहरे पर मुस्कान सजाते हैं, पर भीतर कहीं गहरा दरार बन जाता है। अगले दस मिनट में खाना ठंडा हो जाता है, बच्चे की कहानी हवा में झूलती रह जाती है, और आपका मन एक बार फिर ऑफिस की अदृश्य जंजीरों में जकड़ जाता है। यह किसी एक परिवार की कहानी नहीं–पिछले दस सालों में भारत के करीब 60% से अधिक व्हाइट-कॉलर कर्मचारियों की कड़वी, रोज़ दोहराई जाने वाली सच्चाई है।

05 दिसम्बर को जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की सांसद सुप्रिया सुले ने लोकसभा में 'राइट टू डिस्कनेक्ट बिल-2025' रखा, तो भले ही सदन में तालियां नहीं बजीं सी, लेकिन देशभर के लाखों नौकरीपेशा लोगों के भीतर एक नई, चमकती उम्मीद ज़रूर जागी। यह बिल बिल्कुल साफ हैः दफ़्तर के तय समय के बाद न कोई फोन ज़रूरी होगा, न ई-मेल, न वॉट्सएप संदेश। जवाब न देना अब अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि सुरक्षित कानूनी अधिकार माना जाएगा। इतना ही नहीं, बिल में एक शक्तिशाली 'एम्प्लॉयी वेलफेयर अथॉरिटी' बनाने का भी प्रस्ताव है–एक ऐसी संस्था जो शिकायतें सुनेगी, नियम कड़ाई से लागू करेगी और ज़रूरत पड़ने पर जुर्माना लगाने की ताक़त भी रखेगी। यह बिल कोई अनसुना विचार नहीं है। पुर्तगाल, फ्रांस, बेल्जियम, इटली, स्पेन–दर्जनों यूरोपीय देशों में यह कानून पहले से लागू है। फ्रांस ने तो 2017 में ही 50 से अधिक कर्मचारियों वाली कंपनियों के लिए इसे अनिवार्य कर दिया था। परिणाम चौंकाने वाले थे–बर्नआउट के मामले घटे, और उत्पादकता कम होने के बजाय बढ़ी, क्योंकि कर्मचारी अगले दिन ताज़गी और साफ़ दिमाग के साथ काम पर लौटते थे। इसके विपरीत, भारत में हम 70-80 घंटे काम करने की संस्कृति को ही उपलब्धि मानकर चलते रहे हैं। मगर डब्ल्यूएचओ और आईएलओ लंबे कार्य-घंटों के कारण दिल की बीमारी या स्ट्रोक से अपनी जान गंवाते हैं, और इनमें सबसे अधिक संख्या भारत और चीन के लोगों की है।

हमारे यहां हालात और भी भयावह हैं। एक हालिया सर्वे बताता है कि 60% से अधिक भारतीय कर्मचारी रात 11 बजे के बाद भी दफ़्तर के संदेशों का जवाब देने को मजबूर होते हैं। 70% से अधिक लोगों का साफ़ कहना है कि वे डर के कारण ऐसा करते हैं–'जवाब न दिया तो बॉस नाखुश हो जाएगा, पदोन्नति रुक जाएगी, नौकरी पर असर पड़ जाएगा।' यही भय 'राइट टू डिस्कनेक्ट' को सिर्फ ज़रूरी नहीं, बल्कि अनिवार्य बनाता है। यह मात्र विश्राम का अधिकार नहीं–यह मानसिक संतुलन, व्यक्तिगत गरिमा और स्वस्थ जीवन का अधिकार है।

कुछ लोग तर्क देंगे– 'इससे तो काम ठप हो जाएगा!' पर सच इससे बिल्कुल उलट है। जब फ्रांस ने यह क़ानून लागू किया, तो कंपनियों ने खुद ही कार्य-संस्कृति को व्यवस्थित किया। मीटिंग्स छोटी हुई, अनावश्यक संदेश बंद हुए, और प्राथमिकताएं स्पष्ट हुई। भारत में भी यही बदलाव आएगा। क्योंकि जब कर्मचारी को भरोसा होगा कि रात दस बजे के बाद उसका फोन नहीं बजेगा, तब वह दिन के घंटों में ही दोगुनी एकाग्रता और ऊर्जा के साथ काम करेगा–बिना डर के, बिना थकान के। दूसरी ओर, कांग्रेस सांसद कडियाम काव्या ने इसी सत्र में महिला कर्मचारियों के लिए 'मेन्स्ट्रुअल लीव बिल' बिल पेश किया है, जो महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान 2 दिन की पेड लीव, रेस्ट सुविधाएं, साफ वॉशरूम और सैनिटरी इंफ्रास्ट्रक्चर देता है। अब दो महत्वपूर्ण बिल साथ आए हैं–एक शरीर की थकान और मानसिक बोझ से बचाने वाला, दूसरा शरीर के दर्द और ज़रूरतों को समझने वाला। दोनों मिलकर यह साफ़ संदेश दे रहे हैं कि इंसान सिर्फ मशीन नहीं है। उसके पास नींद है, परिवार है, दर्द है, भावनाएँ हैं और सबसे बढ़कर–उसकी अपनी पूरी जिंदगी है।

ये प्राइवेट मेंबर बिल है। सही है, ज्यादातर प्राइवेट मेंबर बिल पारित नहीं होते। फिर भी इतिहास गवाह है–महिला आरक्षण बिल कभी प्राइवेट मेंबर बिल के रूप में ही रखा गया था, और समलैंगिक संबंधों को अपराधमुक्त करने की मांग भी एक प्राइवेट बिल से हुई थी। कई विचार जो पहले असंभव, अव्यावहारिक या सिर्फ दूर की कल्पना माने जाते थे, वे जनता की सतत मांग, दबाव और सामूहिक आवाज़ से ही एक दिन वास्तविक कानून के रूप में आकार लेते हैं।

आज आवश्यकता है कि हम सब–कर्मचारी, यूनियन, मीडिया, सोशल मीडिया–मिलकर जोरदार आवाज़ उठाएं। अपने बॉस को नहीं, अपने सांसद को टैग करें। उनसे सीधे पूछें–क्या आप मेरे आराम और मेरी निज़ी ज़िंदगी के हक़ में हैं या नहीं? क्योंकि यह लड़ाई किसी एक पार्टी की नहीं है, बल्कि हर उस इंसान की है जो शाम सात बजे के बाद अपने बच्चे की हंसी सुनना चाहता है, बिना यह डरे कि कहीं बॉस का मैसेज न आ जाए। यह हमारी गरिमा, हमारी खुशी और हमारी ज़िंदगी की लड़ाई है।

राइट टू डिस्कनेक्ट सिर्फ एक बिल नहीं, यह हमारी सभ्यता और जीवन के मूल्य का सवाल है। यह सीधे सवाल उठाता है–क्या हम इंसान को फिर से इंसान बनने का हक देंगे, या उसे हमेशा के लिए थकाऊ वर्किंग मशीन बनाकर रखेंगे? यह बिल केवल अधिकार की बात नहीं करता, यह हमारी ज़िंदगी, हमारे परिवार और हमारी मानसिक शांति का सम्मान मांगता है। उम्मीद है कि इस बार संसद साफ़ जवाब देगी–हां, तुम इंसान हो, मशीन नहीं। और वह दिन जब रात दस बजे फोन बजेगा, हम बिना किसी अपराधबोध या डर के उसे साइलेंट कर सकेंगे, अपने समय और अपने जीवन के मालिक बनकर। यह सिर्फ कानून नहीं, बल्कि हमारी आज़ादी, हमारी गरिमा और हमारी खुशहाल जिंदगी की जीत होगी।

**प्रो. आरके जैन**

# हवाई हड़ताल और यात्री

भारत में विमानन उद्योग निजी क्षेत्र से लेकर सार्वजनिक क्षेत्र तक में सैर करता रहा है मगर इससे पहले कभी ऐसी अफरा- तफरी का माहौल नहीं बना जैसा कि आजकल बना हुआ है। देश के सभी हवाई अड्डों पर यात्रियों की भीड़ है जो अपने गन्तव्य तक जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मगर देश की निजी एयर लाइनों में से सबसे प्रमुख इंडिगो एयर लाइन ने हड़ताल कर रखी है जिसकी वजह से दूसरी एयर लाइनें मनमाना किराया वसूल रही हैं और हद यह हो गई है कि दिल्ली से मुम्बई तक की हवाई यात्रा का टिकट 60 हजार रुपए तक हो गया है। वास्तव में यह अराजकता का वातावरण है जिसकी तरफ भारत सरकार के नागरिक विमानन उड्डयन मन्त्रालय ने अब ध्यान दिया है। पिछले लगभग चार दिन से ऐसा ही माहौल बना हुआ है। देश में अब सरकार के हाथ में एक भी एयर लाइन नहीं है। घरेलू उड़ानों से लेकर विदेशी उड़ानों तक का कामकाज निजी एयर लाइनों के हाथ में है। इनमें से इंडिगो एयर लाइन के पास घरेलू उड़ानों का 65 प्रतिशत कारोबार है जबकि एयर इंडिया व अन्य विमानन कम्पनियों के पास शेष बाजार है। एयर इंडिया मुख्यतः विदेशी उड़ानों का कारोबार करती है। एयर इंडिया का निजीकरण हुए अभी कुछ वर्ष ही बीते हैं। इससे पहले यह सरकार के हाथ में थी मगर इसे टाटा समूह को बेच दिया गया। बाजार मूलक खुली अर्थव्यवस्था का नियम होता है कि इसमें उपभोक्ता मूलक बाजार संस्कृति को महत्व दिया जाता है अर्थात विभिन्न कम्पनियों के बीच जब प्रतियोगिता का माहौल बनता है तो उपभोक्ता को उत्पाद या सेवा प्रतियोगी दरों पर उपलब्ध होती है। मगर बाजार पर यदि किसी एक कम्पनी का ही अधिपत्य हो जाता है तो वह बेखौफ होकर उपभोक्ताओं से मनमाना मूल्य वसूल करती है। भारत के विमानन क्षेत्र में आजकल यही हो रहा है और भारत का प्रतियोगिता आयोग (कम्पटीशन कमीशन) सोया हुआ पड़ा है। 1991 से पहले जब भारत मिश्रित अर्थव्यस्था में चल रहा था तो भी देश में एकाधिकर निरोधक आयोग( एमआरटीपीसी) था जो लगातार चौंकन्ना होकर किसी एक कम्पनी को बाजार पर एकाधिकार करने से रोकता था लेकिन खुली बाजार मूलक अर्थव्यवस्था में प्रतियोगिता आयोग द्वारा कलम हिलाने की शायद ही कोई घटना प्रकाश में आई हो जबकि बाजार मूलक अर्थव्यवस्था में बाजार पर एकाधिकार जमाने की संभावनाएं भी सर्वाधिक बनी रहती हैं। केन्द्र सरकार का ध्यान अब इस तरफ गया लगता है तभी उसने घरेलू उड़ानों का किराया नियत करने की तरफ जरूरी कदम उठाया है। अब 500 कि.मी. तक की हवाई दूरी तक के लिए अधिकतम किराया 7500 रुपए होगा जबकि 500 से 1000 किमी. दूरी के लिए 12 हजार होगा और एक हजार से डेढ़ हजार कि.मी. दूरी तक के लिए यह 15 हजार रुपए होगा। इससे ऊपर दूरी तक के लिए यह 18 हजार रुपए होगा। भारत में दिल्ली से चैन्नई की दूरी डेढ़ हजार किमी से ऊपर है। सवाल यह है कि ऐसी स्थिति क्यों बनी जिसकी वजह से सरकार को हरकत में आना पड़ा? इसका कारण इंडिगो एयर लाइन में पायलटों की हड़ताल थी। पायलटों ने यह हड़ताल अपनी सेवा शर्तों में बदलाव की वजह से की। इसकी वजह से एयर लाइन ने अपनी उड़ानों को रद्द करने का नया रिकार्ड बना डाला और इनकी संख्या हजारों में पहुंच गई। जाहिर है इसकी वजह से पूरे देश के हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी बननी ही थी और यात्रियों को परेशानी होनी ही थी। अब जाकर सरकार ने इंडिगो एयर लाइन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की जवाब तलबी की है और पूछा है कि उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई क्यों न की जाये। कारण बताओ नोटिस जारी करके सरकार के उड्डयन मन्त्रालय ने अपनी जान बचाने की कोशिश ही की है जिससे नागरिकों का गुस्सा उस पर न उतर सके। मगर लोकतन्त्र में अन्तिम जिम्मेदारी सरकार की ही होती है जिससे वह अपना पीछा नहीं छुड़ा सकती। वर्तमान में उड्डयन मन्त्रालय का कार्यभार तेलगूदेशम पार्टी के श्री राम मोहन नायडू के पास है। यह पार्टी केन्द्र की मोदी सरकार में शामिल है परन्तु लोकतन्त्र में सरकार की सामूहिक जिम्मेदारी होती है जिससे सत्ता में बैठी कोई भी पार्टी अपना मुंह नहीं मोड़ सकती। अतः केन्द्र सरकार को ही सामूहिक तरीके से यह सोचना होगा कि निजी विमानन कम्पनियों द्वारा किसी भी तरीके से उपभोक्ताओं या यात्रियों का शोषण न हो सके। इस बहाने सरकार यह भी जरूर सोचे कि देश की सभी विमानन कम्पनियों का निजीकरण करके कहीं उससे कोई चूक तो नहीं हो गई है। वास्तव में पिछली मनमोहन सरकार के दौरान ही एयर लाइनों के निजीकरण की आधारशिला रख दी गई थी। उस समय नागर विमानन मन्त्री राष्ट्रवादी कांग्रेस के श्री पटेल थे। उन्होंने एयर इंडिया व इंडियन एयर लाइनों का पहले विलीनीकरण किया और बाद में विलीनीकृत एयर इंडिया को घाटे में लाकर खड़ा कर दिया। श्री पटेल के कार्यकाल के दौरान लाभप्रद घरेलू व विदेशी हवाई रूट निजी कम्पनियों को आवंटित किये गये जिससे सरकारी एयर लाइन का घाटा बढ़ता ही गया और मोदी सरकार में स्थिति यह आ गई कि केवल दो निजी कम्पनियों का पूरे हवाई बाजार पर एकाधिकार हो गया। अतः इस स्थिति को भी बदलने की जरूरत है।

# सीमापार साजिशों की जकड़न में कश्मीर घुसपैठ की नई आहट और भारत की सुदृढ़ सुरक्षा रणनीति

कश्मीर एक बार फिर उसी चुनौतीपूर्ण मोड़ पर खड़ा दिखाई दे रहा है, जहां सीमापार से होने वाली हलचलें, आतंकी नेटवर्क की गतिविधियां और पाकिस्तान समर्थित संगठनों का दबाव सुरक्षा तंत्र पर व्यापक असर डालने की कोशिश कर रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में नियंत्रण रेखा के पार तेजी से बढ़ती गतिविधियों ने भारत की सुरक्षा एजेंसियों को और अधिक सतर्क होने पर मजबूर कर दिया है। विश्व के सबसे संवेदनशील माने जाने वाले इस सीमाक्षेत्र में, इन दिनों घुसपैठ की संभावनाएं बढ़ी हैं और खुफिया एजेंसियों के अनुसार सौ से अधिक आतंकी भारत में घुसने की फिराक में हैं। इनकी संख्या 110 से 120 के बीच बताई जा रही है, जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अलग-अलग लॉन्चपैड से लगातार गतिविधियां बढ़ा रहे हैं। इन संकेतों के बीच भारत ने भी अपनी तैयारियों को और पुख्ता किया है। सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता, सेना की रणनीतिक तैनाती, बीएसएफ की उन्नत निगरानी और स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय इन सभी ने मिलकर एक ऐसा सुरक्षा कवच तैयार किया है जो किसी भी घुसपैठ के प्रयास को सीमापार ही विफल करने के लिए प्रतिबद्ध है। कश्मीर के संवेदनशील भू-भाग में यह एक कठिन चुनौती तो है, लेकिन भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और बहु-परत सुरक्षा संरचना इस खतरे से निपटने के लिए पर्याप्त रूप से सक्षम दिखाई दे रही हैं।

सीमा पर इन दिनों कड़ी निगरानी के साथ कई तकनीकी साधनों का उपयोग बढ़ाया गया है। नाइट विज़न कैमरे, हाई-टेक ड्रोन, अत्याधुनिक थर्मल इमेजिंग सिस्टम, ग्राउंड सेंसर, लेजर अलार्म और रियल-टाइम मॉनिटरिंग से जुड़े आधुनिक उपकरण जवानों को हर हरकत पर बारीकी से नजर रखने में सहायता प्रदान कर रहे हैं। कश्मीर घाटी के पहाड़ी और घने जंगलों वाले क्षेत्र में, जहां मौसम और भौगोलिक स्थिति सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बनते रहे हैं, वहां भी तकनीक ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया है। इससे न केवल रात में होने वाली संभावित घुसपैठ की कोशिशें नाकाम हो रही हैं, बल्कि आतंकियों की आवाजाही से जुड़ी सूक्ष्म गतिविधियां भी तुरंत पकड़ में आ रही हैं।

जम्मू-कश्मीर में बीएसएफ ने वर्ष 2025 में अभी तक 118 पाकिस्तानी चौकियों को ध्वस्त किया है। यह संख्या इस बात का संकेत है कि सीमा पार की ओर से भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाली संरचनाओं को लगातार समाप्त किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर फ्रंटियर के आईजी शशांक आनंद ने स्पष्ट कहा है कि भारत सरकार ने शून्य घुसपैठ का लक्ष्य निर्धारित किया है और बीएसएफ इस लक्ष्य को साधने के लिए संपूर्ण क्षमता, सामरिक समझ और निरंतर अभियान चला रही है। यह केवल सुरक्षा कार्रवाई नहीं, बल्कि एक व्यापक संदेश है कि भारत किसी भी परिस्थिति में अपनी सीमाओं की अखंडता से समझौता नहीं करेगा।

भारत की सीमाओं के पार मौजूद आतंकी ढांचे को कई बार पाकिस्तान की ओर से प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन मिलता रहा है। नियंत्रण रेखा के पार बने लॉन्चपैड पर आतंकी गुटों की गतिविधियां पिछले कुछ हफ्तों में बढ़ी हैं। घुसपैठ के लिए अलग-अलग मार्गों की तलाश, खराब मौसम का लाभ उठाने की कोशिश और स्थानीय स्तर पर बने नेटवर्क को सक्रिय करने जैसे कई प्रयासों के बीच भारतीय सुरक्षा बलों ने भी गश्त बढ़ा दी है। गांवों, ऊंची चौकियों, कठिन पहाड़ी दर्रों और जंगलों में विशेष फील्ड यूनिट्स की तैनाती ने घुसपैठ की सभी संभावनाओं को सीमित कर दिया है। फोर्सेस को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी घुसपैठ की कोशिश को सीमा पार ही रोकना है। डीआईजी विक्रम कुंवर ने भी 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत कई महत्वपूर्ण लॉन्चपैड और पेड़-आधारित छिपने के ठिकानों को नष्ट करने की जानकारी दी है। यह अभियान उन आतंकियों के लिए बड़ा झटका है जो प्राकृतिक आड़ में छिपकर भारतीय सीमा में घुसपैठ करते थे। पाकिस्तान समर्थित संगठनों द्वारा घाटी में आतंकी भेजने की साजिश नई नहीं, लेकिन भारत की रणनीति अब कहीं अधिक मजबूत, आक्रामक और तकनीकी रूप से दक्ष हो गई है। यही कारण है कि घुसपैठ के प्रयासों में तेजी आने के बावजूद सफल घुसपैठ की संख्या में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

घाटी में सुरक्षा का माहौल बनाए रखना केवल सीमापार निगरानी का मामला नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक सामरिक दृष्टिकोण का हिस्सा है। इसमें सीमा पर निगरानी के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा, स्थानीय पुलिस की सतर्कता, खुफिया जानकारी का त्वरित आदान-प्रदान और सेना-बीएसएफ-सीआरपीएफ व जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच समन्वय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बदलते सुरक्षा परिवेश और आतंकियों की नई रणनीतियों को देखते हुए भारत ने हर स्तर पर सुरक्षा ढांचा बहुस्तरीय बनाया है। यह केवल एक सैन्य आवश्यकता नहीं, बल्कि घाटी में शांति और विकास की निरंतर प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा है। कश्मीर के नागरिकों के सामने एक लंबा संघर्ष रहा है।आतंकवाद, अस्थिरता और सीमापार शत्रुता ने दशकों तक यहां की जनजीवन और विकास को प्रभावित किया। लेकिन हाल के वर्षों में स्थितियों में आए सकारात्मक बदलावों ने घाटी को नई दिशा दी है। इस दिशा को बनाए रखने के लिए घुसपैठ को रोकना सबसे बड़ी जरूरत है, क्योंकि आतंकवाद की जड़ें इसी घुसपैठ से मजबूत होती हैं। जितनी घुसपैठ कम होगी, उतना ही स्थानीय स्तर पर शांति का माहौल पनपेगा और विकास के मार्ग और अधिक खुलेंगे। सीमापार से आने वाली चुनौतियों का जवाब केवल सीमा पर तैनात जवानों की बहादुरी या तकनीक की क्षमता ही नहीं, बल्कि यह भारत की सामरिक नीति की परिपक्वता भी है। सरकार का जीरो-



इन्फिल्ट्रेशन का लक्ष्य इसी नीति का हिस्सा है।एक ऐसा लक्ष्य जो कठिन जरूर, लेकिन असंभव बिल्कुल नहीं। इसी दिशा में बीएसएफ, सेना और स्थानीय सुरक्षा एजेंसियां एकमत होकर काम कर रही हैं। सीमापार हलचल चाहे जितनी तेज हो, भारत की सुरक्षा व्यवस्था उसके लिए कई कदम आगे खड़ी दिखाई देती है।

घाटी में इन दिनों मौसम सर्द है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों की नजरें पहले से ज्यादा गर्म और सतर्क हैं। हर हरकत पर नजर रखने वाला सुरक्षा कवच यह संदेश देता है कि कोई भी आतंकी, कोई भी संगठन और कोई भी बाहरी ताकत कश्मीर की शांति को भंग करने में सफल नहीं होगी। सीमापार जितनी हलचल बढ़ेगी, उतनी ही मजबूती से भारत अपनी सीमा की रक्षा करेगा। यही नई सुरक्षा नीति का केंद्र है।पहले चेतावनी, फिर निगरानी और अंत में निर्णायक कार्रवाई। कश्मीर के इस संवेदनशील समय में भारत ने अपनी तैयारी, इच्छाशक्ति और रणनीति के ज़रिए यह साफ कर दिया है कि अब घुसपैठ को केवल रोकना नहीं, बल्कि जड़ से समाप्त करना राष्ट्रीय लक्ष्य है। सीमा पर तैनात हर जवान, हर चौकी, हर कैमरा और हर तकनीकी व्यवस्था इसी लक्ष्य को केंद्र में रखकर काम कर रही है। पाकिस्तान समर्थित आतंकी भले साजिशें रचते रहें, लेकिन भारत की सीमाओं पर खड़ा सुरक्षा कवच पहले से कहीं अधिक मजबूत, सजग और अडिग है।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## भ्रष्टाचार का वैश्विक संकट और हमारी नैतिक जिम्मेदारी




हर वर्ष 9 दिसंबर को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस केवल एक औपचारिक स्मरण दिवस नहीं है, बल्कि मानव सभ्यता के लिए उस चुनौती की ओर संकेत करता है जो राष्ट्रों की प्रगति, सामाजिक न्याय और नैतिक मूल्यों को भीतर से क्षीण करती रहती है। यह दिन 2003 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्वीकृत संयुक्त राष्ट्र भ्रष्टाचार विरोधी अभिसमय की याद दिलाता है, जिसने भ्रष्टाचार को किसी एक देश, संस्था या समाज की समस्या न मानकर एक वैश्विक संकट के रूप में स्वीकार करने का साहस दिखाया। दुनिया की राजनीति, अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचनाओं में फैलती अनियमितताओं और सत्ता-लाभ के रोग ने जिस प्रकार राष्ट्रों की क्षमताओं को कमजोर किया है, वह इस अभिसमय की आवश्यकता को स्पष्ट करता है। भ्रष्टाचार विकास का सबसे बड़ा अवरोध इसलिए भी है कि यह राज्य के संसाधनों और संरचनाओं को उस स्थान तक पहुँचने से रोक देता है जहाँ उन्हें पहुँचना चाहिए जनता के जीवन में सुधार, समान अवसरों की उपलब्धता और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण।

आज विश्व बैंक की रिपोर्ट्स और वैश्विक संगठनों के आकलन स्पष्ट बताते हैं कि भ्रष्टाचार प्रतिवर्ष खरबों डॉलर को निगल जाता है। रिश्वत, घोटाले, फर्जी ठेके, लाभ हस्तांतरण और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे रूपों में यह आर्थिक अपराध अब किसी सीमा में बँधा नहीं रहा। सबसे अधिक पीड़ा की बात यह है कि इसका दुष्प्रभाव उन लोगों पर पड़ता है जिनके पास आवाज़ कमजोर है, संसाधन सीमित हैं और जिनकी जीवन-गुणवत्ता शासन की ईमानदार नीतियों पर निर्भर करती है। विकासशील देशों के स्वास्थ्य, शिक्षा और जनकल्याण कार्यक्रमों के विफल होने के पीछे अनेक कारण हो सकते हैं, पर भ्रष्टाचार उन सभी का साझा और सबसे निर्दयी दोषी है।

भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र में भ्रष्टाचार की समस्या और भी जटिल हो जाती है क्योंकि यहाँ शासन जनता की भागीदारी पर आधारित है। लोकतंत्र की आत्मा ही पारदर्शिता और जवाबदेही है, किंतु जब व्यवस्थाएँ राजनीति, नौकरशाही, ठेकों और व्यावसायिक हितों के दबाव में उलझने लगती हैं, तब सार्वजनिक विश्वास टूटता है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने नीतिगत सुधारों, प्रशासनिक पारदर्शिता और संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करने के अनेक प्रयास किए। लोकपाल, केन्द्रीय सतर्कता आयोग, सूचना का अधिकार अधिनियम जैसे कदम निश्चित रूप से परिवर्तन की दिशा में महत्त्वपूर्ण हैं। डिजिटल गवर्नेंस, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर और आधार आधारित सत्यापन ने लाभार्थी योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ाई है। फिर भी यह स्वीकार करने में संकोच नहीं होना चाहिए कि भ्रष्टाचार की जड़ें सामाजिक और राजनीतिक ताने-बाने में अभी भी गहरी हैं।

समस्या का सबसे कठिन पक्ष यह है कि भ्रष्टाचार केवल कानून से नियंत्रित होने वाली गतिविधि नहीं, बल्कि मनोवृत्ति है। जब समाज में लाभ-प्रथम सोच मूल्य-आधारित जीवन को पीछे धकेल देती है, जब सुविधा पाने के लिए शॉर्टकट सामान्य व्यवहार बन जाता है, और जब शक्ति का उपयोग सेवा की जगह पकड़ मजबूत करने में किया जाने लगता है तभी भ्रष्टाचार एक आदत बन जाता है। भारतीय परंपरा में सत्य, धर्म और ईमानदारी को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। 'सत्यमेव जयते' केवल मुहर पर अंकित वाक्य नहीं, बल्कि शासन की मूल आत्मा है। गांधी ने सत्य को राजनीति का केंद्र बताया, कबीर ने मानव चरित्र की पवित्रता को श्रेष्ठता का पैमाना माना और तुलसी ने मर्यादा को जीवन-संयम का आधार कहा। ऐसे सांस्कृतिक धरोहर वाले समाज में भ्रष्टाचार का फैलना यह दर्शाता है कि संकट केवल संस्थानों का नहीं, बल्कि मनुष्य की नैतिकता का भी है। यदि पारिवारिक और सामाजिक परिवेश बच्चों और युवाओं में ईमानदारी के संस्कार विकसित नहीं करता, तो प्रशासनिक सुधार चाहे जितने सक्षम हों, वे अधूरे ही रहेंगे।

युवा पीढ़ी इस परिवर्तन का सबसे प्रभावी साधन बन सकती है। शिक्षा संस्थानों में नैतिक शिक्षा को केवल एक विषय की तरह नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टि की तरह समझाया जाना चाहिए। युवाओं को यह समझने की आवश्यकता है कि पारदर्शिता की मांग केवल आलोचना नहीं, बल्कि निर्माण का मार्ग है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म आज आवाज़ को ताकत देते हैं, पर उनका उपयोग केवल सनसनी या राजनीतिक शोर के लिए नहीं, बल्कि जागरूकता और सुधार के लिए होना चाहिए। सच यह है कि परिवर्तन लाने का साहस अक्सर युवाओं में ही होता है और यदि वही भ्रष्टाचार-विरोधी सोच के वाहक बनें, तो आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर शासन-प्रणाली विरासत में मिल सकती है।

भ्रष्टाचार का चरित्र आज अंतरराष्ट्रीय हो चुका है। एक देश में हुए अपराध का पैसा दूसरे देशों की टैक्स हैवन अर्थव्यवस्थाओं में सुरक्षित हो जाता है। कॉरपोरेट लॉबिंग, डिजिटल वित्तीय नेटवर्क, सीमा-पार निवेश और व्यापारिक गठजोड़ों ने भ्रष्टाचार को एक वैश्विक उद्योग का रूप दे दिया है। ऐसे में दुनिया के देशों के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान, आपराधिक प्रत्यर्पण और वित्तीय पारदर्शिता के लिए साझा मंच अनिवार्य हो गया है। संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक, इंटरपोल और वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (Financial Action Task Force) जैसी संस्थाएँ मिलकर जिस सहयोगी ढांचे की वकालत कर रही हैं, वह इस लड़ाई को अगले स्तर पर ले जाने में सहायक हो सकता है। कोई भी देश यह मानकर नहीं चल सकता कि वह अकेले इस संकट से निपट सकता है।

अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस हमें यही सोचने का अवसर देता है कि ईमानदारी किसी और से अपेक्षित गुण नहीं, बल्कि स्वयं से शुरू की जाने वाली प्रक्रिया है। समाज के हर स्तर पर, घर से लेकर कार्यालय तक, शिक्षालय से लेकर प्रशासन तक, हम जितना ईमानदारी को व्यवहार में उतारेंगे, उतना ही भ्रष्टाचार का दायरा सिमटेगा। कानून और संस्थाएँ अपनी जगह महत्वपूर्ण हैं, पर वे तभी प्रभावी हो सकती हैं जब नागरिक स्वयं नैतिकता के प्रति प्रतिबद्ध हों।

स्वच्छ, पारदर्शी और न्यायपूर्ण समाज किसी एक सरकार के प्रयासों का परिणाम नहीं होता; यह नागरिकों की सामूहिक चेतना और निरंतर ईमानदार आचरण से बनता है। विकास तभी टिकाऊ है जब वह सत्य और न्याय की नींव पर खड़ा हो। अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस यह स्मरण कराता है कि दुनिया तभी आगे बढ़ सकती है जब ईमानदारी उसका आधार बने और यह आधार किसी दस्तावेज़ में दर्ज नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर निर्मित होता है।

**महेन्द्र तिवारी**

# ताइवान को दूसरा यूक्रेन बनाने की अमेरिकी तैयारी और भारतीय दृष्टिकोण की अहमियत

दुनिया आज एक ऐसे दौर से गुजर रही है जहाँ वैश्विक शक्ति-संतुलन तेजी से बदल रहा है, और इसी शक्ति संघर्ष के केंद्र में ताइवान खड़ा है, जिसे अमेरिका और चीन के बीच तनाव की धुरी माना जाने लगा है। रूस-यूक्रेन युद्ध ने विश्व को यह दिखा दिया है कि महाशक्तियों के भू-राजनीतिक खेल में छोटे देश किस तरह तबाह हो जाते हैं, और अब यही खतरा ताइवान के सिर पर मंडरा रहा है। अमेरिका द्वारा ताइवान को लगातार सैन्य, राजनीतिक और कूटनीतिक रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है, ठीक उसी तरह जैसे यूक्रेन को रूस के विरुद्ध भड़काया गया था। इतिहास गवाह है कि अमेरिका जिस देश का समर्थन करता है, वह अंततः संकट की कगार पर पहुंच जाता है और अफगानिस्तान इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहाँ तालिबानी आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक संघर्ष के समय अमेरिका ने रातों-रात सेना वापस बुलाकर अफगानिस्तान को अराजकता और खूनी सत्ता-परिवर्तन के हवाले कर दिया। यूक्रेन को रूस के विरुद्ध खड़ा करने का परिणाम दुनिया देख चुकी है–अरबों का नुकसान, लाखों निर्दोष लोगों की मौतें, शहरों का मलबा, और युद्ध का अंत आज तक नहीं। अमेरिका और नाटो के राष्ट्र बाहर बैठकर तमाशबीन बने रहे, हथियार बेचे, राजनीति चमकाई, पर जमीन पर कोई निर्णायक समर्थन नहीं दिया। अब ताइवान पर यही खेल दोहराया जा रहा है।

अमेरिका द्वारा ताइवान की संप्रभुता जैसी संवेदनशील विषय पर खुला समर्थन, 'रणनीतिक अस्पष्टता' की नीति के बजाय स्पष्ट हस्तक्षेप का संकेत देता है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा, चीन की कड़ी चेतावनियों के बावजूद, अमेरिका की उस रणनीति को दर्शाती है जो चीन-विरोधी शक्ति संतुलन बनाने के लिए ताइवान को मोहरे की तरह इस्तेमाल कर रही है। चीन ने इस यात्रा को अपनी संप्रभुता में प्रत्यक्ष हस्तक्षेप बताया और सैन्य कार्रवाई की खुली धमकी दी, उसकी सेना ने ताइवान के चारों ओर लाइव-फायर सैन्य अभ्यास का ऐलान करते हुए युद्ध-स्तरीय तैयारी शुरू कर दी। नैंसी पेलोसी ने ताइवान पहुंचकर कहा कि 23 मिलियन ताइवानी लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी अमेरिका की है। ऐसे बयान यूक्रेन युद्ध की शुरुआत से पहले अमेरिका द्वारा दिए गए बयानों जैसे ही प्रतीत होते हैं, जहाँ यूक्रेन को 'पूर्ण समर्थन' का आश्वासन दिया गया, पर युद्ध शुरू होते ही अमेरिका ने सुरक्षित दूरी बना ली।

चीन 20 वर्ष पहले वाला देश नहीं। सैन्य, आर्थिक और सामरिक क्षमता में वह विश्व की शीर्ष तीन शक्तियों में है। रूस-यूक्रेन युद्ध में उसने रूस का समर्थन कर यह संकेत दिया कि वह पश्चिमी गठबंधन को चुनौती देने के लिए तैयार है। यदि चीन और अमेरिका के बीच ताइवान विवाद खुली लड़ाई में बदलता है, तो यह केवल स्थानीय संघर्ष नहीं होगा बल्कि तीसरे विश्व युद्ध की संभावना को जन्म दे सकता है। अमेरिका, यूरोप और नाटो यदि ताइवान के समर्थन में खड़े होते हैं और रूस चीन के साथ, तो विश्व युद्ध की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

अब इस प्रसंग को भारत के संदर्भ से समझना अत्यंत आवश्यक है। भारत की भौगोलिक स्थिति, आर्थिक नीति, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में उसकी सामरिक भूमिका और चीन के साथ उसके सीमा विवाद ने इस पूरे परिदृश्य को हमारे लिए अत्यंत संवेदनशील बना दिया है। भारत-चीन सीमा पर 2020 के गलवान संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच विश्वास पूरी तरह टूट चुका है। चीन पाकिस्तान के माध्यम से भारत को घेरने की नीति (CPEC, ग्वादर पोर्ट) पहले ही चला रहा है, और अब यदि ताइवान-संघर्ष बढ़ता है, तो चीन दक्षिण एशिया में सैन्य और रणनीतिक दबाव बढ़ा सकता है। ऐसे में भारत का अत्यंत सावधानी से कदम चुनना अनिवार्य है।

भारत QUAD का सदस्य है–जिसमें अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन का संतुलन बनाने के लिए जुड़े हैं। यदि ताइवान में संघर्ष बढ़ता है, तो अमेरिका भारत से खुलकर समर्थन की अपेक्षा करेगा। पर भारत के लिए यह निर्णय आसान नहीं, क्योंकि चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार भी है, और सीमा से सटे देशों में अस्थिरता भारत की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाएगी। यदि ताइवान युद्ध होता है, तो वैश्विक सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन टूट जाएगी, जिसका सबसे बड़ा प्रभाव भारत की तकनीकी-आर्थिक व्यवस्था पर पड़ेगा। ताइवान विश्व का 65-70% चिप निर्माण नियंत्रित करता है। चिप-कंपनियों के ध्वस्त होने का मतलब–मोबाइल, कंप्यूटर, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो-उद्योग, उपग्रह-तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्वास्थ्य उपकरणों का ठहर जाना। दुनिया की




अर्थव्यवस्था घुटनों पर आ जाएगी।

भारत अभी सेमीकंडक्टर उत्पादन के राष्ट्रीय मिशन पर काम कर रहा है, पर युद्ध की स्थिति में यह प्रयास पर्याप्त सिद्ध नहीं होगा। ऊर्जा, ईंधन और आयात-निर्यात असंतुलन भी भारत को आर्थिक रूप से चुनौती देगा। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण भारत को कच्चा तेल, गैस और खाद्य-सामग्री के मूल्य वृद्धि का जोखिम झेलना पड़ा है–ताइवान युद्ध उसका कई गुना व्यापक प्रभाव ला सकता है। भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि क्या वह पश्चिमी दबाव में अमेरिका के पक्ष में खड़ा हो या अपनी कूटनीतिक स्वतंत्रता 'रणनीतिक स्वायत्तता' को सुरक्षित रखे। भारत का हित युद्ध में नहीं, शांति में है। भारत वैश्विक मध्यस्थता की भूमिका निभाकर कूटनीतिक नेतृत्व दिखा सकता है। भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध में भी यही नीति अपनाई–न किसी का अंध समर्थन, न विरोध–केवल राष्ट्रहित।

आज विश्व को जरूरत युद्ध की नहीं, संवाद की है। यदि अमेरिका ताइवान को यूक्रेन की तरह मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा और चीन के साथ उसकी प्रत्यक्ष भिड़ंत हुई, तो परिणाम पूरी मानवता के भविष्य को संकट में डाल देंगे। भारत को ऐसे समय में विश्व-राजनीति में संतुलनकारी भूमिका निभाने का अवसर भी है और दायित्व भी–क्योंकि भारत सभ्यता-आधारित शांतिपूर्ण विचारधारा का प्रतीक है। दुनिया को चाहिए कि ताइवान को दूसरा यूक्रेन न बनने दे और महाशक्तियाँ अपने स्वार्थों के लिए छोटे देशों को युद्ध में न झोंकें। यदि कूटनीति विफल हुई, तो आने वाला समय मानव-इतिहास का सबसे खतरनाक अध्याय होगा। भारत को सावधानी, विवेक, स्वायत्त रणनीति और वैश्विक शांति-नेतृत्व का मार्ग चुनना होगा, क्योंकि ताइवान-संघर्ष केवल एशिया का नहीं, पूरी मानवता का संकट होगा।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भगवान भरोसे चल रही तहसील की व्यवस्था



**-10:30 बजे तक नहीं पहुंचे एसडीएम व तहसीलदार**

**रुद्रपुर, देवरिया।** रुद्रपुर तहसील की व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। इसमें तहसील के जिम्मेदार अधिकारी ही पलीता लगा रहे हैं। सोमवार को 10:30 बजे तक एसडीम और तहसीलदार का कक्ष बन्द रहा। इसके अलावा अन्य कई कार्यालय भी बंद रहे और कर्मचारी गायब रहे।यह सिर्फ एक दिन की बात नहीं है। वास्तव में यह समस्या रोज की है। तहसील कार्यालय की पूरी व्यवस्था का सबसे जिम्मेदार अधिकारी उप जिलाधिकारी है। उप जिलाधिकारी द्वारा कभी भी कार्यालय परिसर का निरीक्षण नहीं किया जाता। जिसके चलते तमाम दफ्तरों के जिम्मेदार कर्मचारी गायब रहते हैं। या तो वे लेट लतीफ आते हैं या कार्यालय के बाहर बैठकर टाइम पास करते हैं। दूसरी तरफ तहसील में निजी कर्मचारियों का बोलबाला है जिनके माध्यम से तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार फैल रहा है। आवश्यक दस्तावेजों के लिए धन उगाही और पैसे की लेन देन तो आम बात है। सही कार्यों के लिए भी कर्मचारी जानबूझकर हीला हवाली करते हैं जिससे कोई भी कार्य समय पर नहीं हो पाता है। मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के चलते भी तमाम अधिकारी व कर्मचारी कार्यालय छोड़कर फील्ड में रह रहे हैं। जिसके चोटे फरियादियों को निराश होना पड़ता है। इस संबंध में एसडीएम हरिशंकर लाल से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु बात नहीं हो पायी।

### ग्रामीणों संग समाज सेवी ने धूम धाम से मनाया बछिया का जन्मदिन



**मनकापुर गोण्डा-** आप लोग मनुष्य का जन्मदिन धूम धाम से मनाते देखे होंगे लेकिन एक गांव मे सोशल वर्कर द्वारा गाय की बछिया जिसका पशु मालिक द्वारा चंचला कहकर पुकारते है उसका पहला वर्षगांठ पर धूम धाम से ग्रामीणों के बीच पशु मालिक द्वारा मनाया गया जिसमे ग्रामीणों द्वारा बछिया को फूल माला पहनाकर और तिलक लगाकर खुशी मनाया गया। समाज सेवी /पशु मालिक टेकधर शुक्ला ने पशुओं से लाभ के बारे मे जानकारी देते हुए कहा की हमारी सरकार द्वारा गौ माता की सुरक्षा एवं सम्मानित करने का काम कर रही है तो इसी के तहत हमने भी इस बछिया जो कि एक वर्ष की हो गई है इसको मेरे और मेरे परिवार द्वारा बहुत ही प्यार दुलार किया जाता है इस बछिया को हम लोग चंचला के नाम से पुकारते है यह हम लोगो के द्वारा बछिया चंचला का प्रथम वर्ष गाँठ पर धूम धाम से जन्मदिन मना रहे है जिसमे हम ग्रामीणों सहित गणमान्य लोगो के लिए भंडारे मेंद्र भोजन की व्यवस्था किया गया है।हमारा प्रयास रहेगा कि प्रतिवर्ष इसके वर्ष गाँठ पर जन्मदिन धूम धाम से मनाएंगे। इस अवसर पर ग्रामीणों सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### एकराय होकर युवक से मारपीट, धमकाया



**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला चौकाबाग में रहने वाले शक्ति राजा पुत्र भरत राजा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 3 दिसम्बर की रात करीब 8.10 बजे अपनी मौसी के लड़की की सगाई समारोह में शामिल होने के लिए लवकुश गार्डन जा रहा था। तभी रास्ते में ग्राम मैलवारा निवासी रिषभ राजा पुत्र ऊतम बुन्देला, राजदीप, कल्लू व शेरवास निवासी रानू एकराय होकर आये और बिना कारण गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद आशीष पटेल पुत्र अखिलेश, रब्बू पटेल पुत्र भगत सिंह ने बीच-बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट कर धमकाया गया। इस हमले में उसे गंभीर चोटें आयीं हैं। पूरा घटनाक्रम वीडियो में भी उसके मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## एडीजी ज़ोन का औचक निरीक्षण: पुलिस लाइन से पुलिस ऑफिस तक व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल, लापरवाही पर सख्त चेतावनी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोरखपुर।** एडीजी ज़ोन मुथा अशोक जैन ने सोमवार को पुलिस लाइन, पुलिस ऑफिस और संबद्ध शाखाओं का व्यापक एवं औचक निरीक्षण कर विभागीय व्यवस्थाओं की गहराई से समीक्षा की। सुबह से शुरू हुए निरीक्षण अभियान में एडीजी ने क्वार्टर गार्ड, आरटीसी, एमईएस, एमटी शाखा, कैंटीन, लाइन परिसर और कार्यालयीन सेक्शनों में पहुंचकर व्यवस्था, अनुशासन और कार्यप्रणाली का सूक्ष्म मूल्यांकन किया। निरीक्षण के बाद एसएसपी कार्यालय में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभागीय फाइलों, लंबित मामलों और प्रशासनिक कार्यों के संदर्भ में विस्तृत समीक्षा की गई। सबसे पहले एडीजी जैन क्वार्टर गार्ड पहुंचे, जहां उन्होंने ड्यूटी पर तैनात जवानों से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था, उपस्थिति रजिस्टर, हथियारों की स्थिति और गार्ड परिसर की सुव्यवस्था की जांच की। उन्होंने जवानों को सुरक्षा ड्यूटी में सतर्कता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की नसीहत दी। इसके बाद उन्होंने आरटीसी में प्रशिक्षण गतिविधियों का अवलोकन किया और प्रशिक्षकों को आधुनिक पुलिसिंग की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण पद्धति को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

एमईएस शाखा में एडीजी ने भवनों की संरचना, मरम्मत, जल विद्युत व्यवस्था और रख-रखाव की स्थिति का आकलन किया। वहीं एमटी शाखा में उन्होंने वाहनों की फिटनेस, मेंटेनेंस रजिस्टर, दुरुस्ती कार्य और वाहन उपयोग विवरण की जांच करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि गश्त व आपातकालीन प्रतिक्रिया में उपयोग होने वाले वाहन किसी भी परिस्थिति में खराब हालत में नहीं होने चाहिए। कैंटीन निरीक्षण के दौरान एडीजी जैन ने खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, रेट लिस्ट और पारदर्शी व्यवस्था की पड़ताल की। उन्होंने कहा कि जवानों को मिलने वाली सामग्री और भोजन हर हाल में निर्धारित मानकों पर खरा उतरना चाहिए। पुलिस लाइन परिसर में स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा कर उन्होंने खुले क्षेत्रों और आवासीय हिस्सों में साफ-सफाई को और बेहतर बनाए रखने पर जोर दिया।

निरीक्षण के बाद एसएसपी कार्यालय में आयोजित बैठक में एडीजी जैन ने फाइलों के निस्तारण, लंबित विवेचनाओं, कार्यालयीन दक्षता, डिजिटल रिकॉर्ड अपडेट, अनुशासनिक कार्रवाई और समयबद्ध कार्यप्रणाली पर विशेष चर्चा की। उन्होंने सभी शाखाओं को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। रिकॉर्ड प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन और पुलिस ऑफिस जिले की पुलिस व्यवस्था का केंद्र होते हैं और यहां की कार्यकुशलता से ही पूरी व्यवस्था की छवि बनती है। इसलिए, हर अधिकारी-कर्मचारी अनुशासन, संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करे। निरीक्षण के दौरान एसएसपी राजकरन नय्यर, एसपी सिटी अभिनव त्यागी, सीओ लाइन योगेंद्र सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## स्मार्टफोन, टैबलेट की मांग को लेकर पंचायत सहायकों ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा



**ललितपुर।** विकास खण्ड बिरधा के पंचायत सहायकों ने पंचायत स्तर पर होने वाली डाटा फीडिंग को सुरक्षित बनाने के लिए स्मार्टफोन की मांग का ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। पंचायत सहायकों ने एक समूह ने जिला सचिव अभिषेक बबेले और ब्लॉक अध्यक्ष रामबाबू के नेतृत्व में खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पंचायत सहायकों ने मांग करते हुए कहा कि उनके द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं को ग्राम पंचायत स्तर पर क्रियान्वयन करने के लिए, अपने निजी मोबाइल फोन का उपयोग किया जाता है जो कि उनकी निजी संपत्ति है और निजी मोबाइल में स्टोरेज एवं निजी डेटा चोरी की संभावनाएं भी बनी रहती है। अतः पंचायत सहायकों ने मांग की कि उन्हें शासन स्तर से मोबाइल फोन अथवा टैबलेट आबंटित किए जाए जिससे सरकारी कार्यों का क्रियान्वयन सुनियोजित ढंग से किया जा सके। ज्ञापन पर भूपेंद्र रमेशरा, अभिषेक बरोदिया, अजय बेटना, राजेंद्र झरकोन, प्रमेंद्र, शिल्पी, कलावती, कुसुम सहित अन्य पंचायत सहायकों के हस्ताक्षर बताए गए हैं।

## बाबरी मस्जिद के विरोध में हुमायु का पुतला फुंका



**●भारत सनातन राष्ट्र की तरफ अग्रसर है मुगल राष्ट्र नहीं बनने देंगे -पप्पू पाण्डेय**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कुशीनगर।** भाजपा नेता पप्पू पाण्डेय के नेतृत्व में सेमरा हर्दो चौराहे पर पश्चिम बंगाल में हुँमायु नामक मुस्लिम द्वारा मुगल शासक बाबर के नाम पर मस्जिद बनावाये जाने के विरोध में हुमायूं का प्रतीकात्मक पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन विशुनपुरा भाजपा मण्डल मंत्री व पूर्व प्रधान मनोज कुमार गौंड ने किया। इस विरोध प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता पप्पू पाण्डेय ने कहा कि भारत हिन्दू राष्ट्र है, फिर मुगल सल्तनत का सपना देखना हुमायूं जैसे लोगों को भारी पड़ेगा, किसी भी कीमत पर इस देश में मुगलो के नाम का मस्जिद नहीं बनने दिया जायेगा, भारत हिन्दू राष्ट्र बनने की तरफ अग्रसर हो गया है,भारत में बाबरी मस्जिद का निर्माण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, क्योंकि भारत का बागडोर आज विश्व के सबसे बड़े नेता के हाँथो में है, अगर कोई राष्ट्र की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करेगा तो उसे किसी भी क़ीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, ऐसे कृत्य करने वाले लोग देश से बाहर भेजे जायेंगे और वहीं अपना बाबरी मस्जिद बनवा सकते हैं, यह कुकृत्य करना राष्ट्रद्रोह है और सूरज को दीपक दिखाने के समान है।

इस कार्यक्रम को कठकुयां भाजपा मण्डल अध्यक्ष विजय सोनी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद का निर्माण हिन्दू राष्ट्र और हिन्दू आस्था के खिलाफ है, इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चन्दन पाण्डेय, रोशन चौधरी, राजेश यादव, रामेश्वर कुशवाहा, डमडम सिंह, अमन तिवारी, राजेश पासवान, रामू मौर्या, बिग्गू प्रसाद, जवाहिर गौतम, देवशिह पटेल, आशुतोष पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## गोरखपुर में चला बड़ा फायर सेफ्टी ड्राइव: एडीजी व एसएसपी के निर्देश पर दर्जनों प्रतिष्ठान चेक, कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोरखपुर-** शीतकाल में आग लगने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए गोरखपुर पुलिस और अग्निशमन विभाग ने रविवार को देर रात जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा लखनऊ तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर राज करन नय्यर के निर्देश पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी गोरखपुर की टीम ने शहर के प्रमुख क्लबों, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉलों और होटलों में व्यापक फायर सेफ्टी चेकिंग अभियान संचालित किया। अभियान के दौरान फायर सेफ्टी मानकों की बारीकी से जांच की गई। टीमों ने आपात निकास मार्ग, फायर अलार्म सिस्टम, हाइड्रेंट, फायर एक्सटिंग्विशर, स्मोक डिटेक्टर और विद्युत पैनलों की स्थिति का निरीक्षण किया। कई स्थानों पर अग्निशमन यंत्रों की समयावधि पूरी पाई गई, जबकि कुछ प्रतिष्ठानों में आपात स्थिति से निपटने की तैयारी अपर्याप्त मिली। अधिकारियों ने ऐसे प्रतिष्ठानों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए और निर्धारित समय सीमा में सुरक्षा मानकों को दुरुस्त करने की चेतावनी भी दी।

अभियान का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा रहा–फायर फाइटिंग प्रशिक्षण। अग्निशमन विभाग के विशेषज्ञों ने विभिन्न प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में शुरुआती प्रतिक्रिया, फायर एक्सटिंग्विशर का सही उपयोग, सुरक्षित निकासी और बचाव उपायों की प्रशिक्षित तरीके से जानकारी दी। कर्मचारियों ने स्वयं भी अग्निशमन उपकरणों को संचालित कर व्यावहारिक प्रशिक्षण हासिल किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि किसी भी आग की घटना में शुरुआती 3 से 5 मिनट बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए हर कर्मचारी को प्राथमिक स्तर की फायर फाइटिंग स्किल आनी चाहिए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि यह अभियान जनपद में अग्नि सुरक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनका कहना था कि ऐसे निरीक्षण न केवल सुरक्षा कमियों को उजागर करते हैं बल्कि लोगों में फायर सेफ्टी को लेकर जागरूकता भी बढ़ाते हैं। उन्होंने नागरिकों और प्रतिष्ठान संचालकों से अपील की कि वे अग्निशमन उपकरणों को समय-समय पर अपडेट करें, कर्मचारियों को नियमित प्रशिक्षण दें और परिसर में विद्युत भार तथा गैस कनेक्शन की समय-समय पर तकनीकी जांच कराते रहें। गोरखपुर पुलिस और फायर विभाग का यह संयुक्त अभियान शहर में सुरक्षा तैयारियों को तेज करने के उद्देश्य से चलाया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह चेकिंग आगे भी जारी रहेगी और जो प्रतिष्ठान सुरक्षा मानकों की अवहेलना करेंगे उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अभियान के चलते शहरवासियों को आश्वस्त संदेश गया है कि प्रशासन सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है।

## ख़जनी क्षेत्र उनवल में अवैध देसी शराब का आतंक!

**● बाहुबली संरक्षण में चल रहे धंधे ने बढ़ाई गुंडई – आधी रात नशेड़ियों ने घर में घुसकर परिवार पर किया हमला, इलाके में दहशत**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत उनवल कस्बा अवैध देसी शराब के कारोबार का गढ़ बनता जा रहा है। वर्षों से एक प्रसिद्ध फॉर्च्यून दुकान पर देसी शराब की खुलेआम बिक्री हो रही है। स्थानीय लोगों और सभ्रांत परिवारों ने कई बार शिकायत की, लेकिन पुलिस और आबकारी विभाग की कार्रवाई केवल दिखावा बनकर रह गई। छापे पड़ते हैं, माल बरामद भी होता है, लेकिन कुछ ही देर बाद सब सामान्य कर दिया जाता है। सूत्र बताते हैं कि इस धंधे को बाहुबली नेता का संरक्षण प्राप्त है, जिससे जिम्मेदार अधिकारी 'पैकेट' भरने के बाद आंखें मूंद लेते हैं। यही कारण है कि आम जनता की आवाज दब रही है और क्षेत्र की शांति लगातार भंग हो रही है। इसी अवैध शराब के कारण रविवार की रात एक बड़ा विवाद फिर सामने आया। वार्ड 13, पुरानी बाजार निवासी विष्णु कुमार निगम ने बताया कि 7 दिसंबर की रात लगभग 10:15 बजे वह भोजन की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान वार्ड 4 निवासी मन्नू साहनी एक अज्ञात युवक के साथ उनके घर में घुस आया और दो बोतल शराब की मांग करने लगा। विष्णु ने स्पष्ट कहा कि उनके घर में शराब नहीं बेची जाती। इस पर दोनों गाली-गलौज और धमकी देते हुए बोले – 'दो बोतल दे दो, नहीं तो दिमाग सही कर देंगे।' विष्णु की मां ने भी समझाया कि शराब की बिक्री बगल में होती है, यहां नहीं, लेकिन आरोपी भड़क गए और अभद्र भाषा में अपमान करते हुए वहां से चले गए।

कुछ ही देर बाद मन्नू साहनी दो अन्य साथियों के साथ लौट आया। तीनों के हाथ में डंडा, लोहे की सरिया और ईंट थी। आरोपियों ने घर में घुसते ही विष्णु की मां और छोटे भाई नीरज को जबरन बाहर घसीट लिया और ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया। नीरज का गला दबाते हुए उसे जान से मारने की कोशिश की गई। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जुटे, तब जाकर हमलावर वहां से फरार हुए। हड़बड़ी में वे अपनी बाइक (P53DZ1150) मौके पर ही छोड़ गए।

सूचना मिलते ही उनवल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक कब्जे में ले गई, लेकिन आरोपी भाग निकले। पीड़ित विष्णु कुमार निगम ने घर में घुसपैठ, मारपीट, जान से मारने की धमकी और गाली-गलौज के खिलाफ स्ख्ड्त दर्ज करने और कठोर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में खुलेआम चल रहे अवैध शराब कारोबार को तुरंत बंद कराने की गुहार लगाई है। स्थानीय लोग कहते हैं कि यदि पुलिस और आबकारी विभाग की निष्पक्ष कार्रवाई होती, तो ऐसे अपराध और गुंडई जन्म ही न लेते। फिलहाल पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। लोग प्रशासन से सख्त, निर्णायक कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो पुरानी बाजार में फार्चूयन कारोबारी कई वर्षो से देशी शराब का ब्लैक धंधा करता है ,10 से 15 रुपये अतिरिक्त लेकर रोजमर्रा के दुकान और देशी शराब का धंधा करता है ,स्थानीय पुलिस व आबकारी का सरक्षण प्राप्त है जिसके कारोबारी को बल मिल रहा और निडर हो कर करोबार फैलाया है , गहन जांच हो उनवल कस्बे में तमाम कारोबारी ऐसे घटना में लिप्त है और एक चर्चित नेता के कारोबार को बल मिल रहा है।

## हरे पेड़ों का कत्ल और सिस्टम की चुप्पी खुली नाकामी का प्रमाण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**







**गोण्डा।** जनपद में इन दिनों जो कुछ हो रहा है, वह केवल पेड़ों की कटाई नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की खुली नाकामी का प्रमाण है। सड़कों के किनारे, खेतों की मेड़ों पर और आबादी के आसपास दिनदहाड़े हरे-भरे पेड़ काटे जा रहे हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि वन विभाग और प्रशासन को यह सब दिखाई नहीं देता। कटरा वन रेंज सहित जनपद के कई हिस्सों में अवैध कटान कर रहे हैं और यह कोई चोरी-छिपे होने वाला अपराध नहीं है। भारी-भरकम तनों को काटना, उन्हें उठवाना और ले जाना यह सब खुले में होता है। फिर सवाल उठता है कि क्या यह सब बिना विभागीय जानकारी के संभव है? जवाब साफ है या नहीं। सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर वृक्षारोपण के कार्यक्रम चला रही है, लेकिन उसी सरकार के जिम्मेदार अफसर पुराने पेड़ों के संहार पर मौन साधे बैठे हैं। यह मौन अब संदेह नहीं, बल्कि सहमति का संकेत बनता जा रहा है।सबसे चिंताजनक बात यह है कि शिकायतों के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। ग्रामीण आवाज उठाते हैं, आवेदन देते हैं, फोटो और वीडियो उपलब्ध कराते हैं लेकिन नतीजा सिफर। इससे साफ है कि या तो विभाग अक्षम है या फिर व्यवस्था भीतर से सड़ी हुई है।पेड़ केवल लकड़ी नहीं होते, वे हवा, पानी, जीवन और भविष्य होते हैं। जब इन्हें काटा जाता है तो सिर्फ जंगल नहीं उजड़ता, इंसान की सांसें भी कटती हैं। फिर भी जिम्मेदार अफसर आंखें मूंदे बैठे हैं यह अपराध से कम नहीं।अब सवाल यह नहीं है कि कटाई हो रही है या नहीं, सवाल यह है कि आखिर कब तक जिम्मेदार अफसरों को संरक्षण मिलता रहेगा? इस सम्बन्ध में डीएफओ से सम्पर्क किया गया लेकिन पक्ष से जानकारी नहीं हो सकी। अखिर कब तक माफिया की कुल्हाड़ी सिस्टम की गर्दन पर चलती रहेगी? यदि अब भी इस अवैध कटाई पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाली पीढ़ियां हमें यह पूछेंगी कि जब जंगल काटे जा रहे थे तब, सिस्टम क्या कर रहा था?

## ह्यूम पाइप में करोड़ों रुपये का घोटाला: गोण्डा के 16 ब्लॉकों में फैला भ्रष्टाचार का जाल, फाइलों में दबा सच!

**● सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को मिल रही चुनौती आखिर कैसे और क्यों नहीं हो रहा भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई ?**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की सख्त कानून व्यवस्था के बावजूद भी जनपद में जल निकासी व्यवस्था के नाम पर ह्यूम पाइप घोटाला अब पूरे जिले में एक संगठित लूट तंत्र का रूप ले चुका है। जनपद के सभी 16 विकास खंड तरबगंज, झंझरी, कर्नलगंज, हलधरमऊ, बेलसर, रुपईडीह, कटरा बाजार, पंडरी कृपाल, परसपुर, मुजेहना, नवाबगंज, मनकापुर, उमरी बेगमगंज, बभनजोत, छपिया और वजीरगंज इस घोटाले की जद में बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बार-बार शिकायत की, जिला स्तरीय जांच समिति भी बनी, पूर्व डीएम नेहा शर्मा ने जांच के आदेश दिए, लेकिन एक वर्ष से ज्यादा समय बीतने के बाद भी न रिपोर्ट आई, न दोषियों पर कार्रवाई।

**कागजों में करोड़ों की पाइप लाइन, ज़मीन पर गड्ढा भी नहीं**

सरकारी फाइलों में पाइप खरीद, ढुलाई, मजदूरी और मेंटेनेंस के नाम पर भारी भुगतान दिखाया गया, जबकि कई पंचायतों में न पाइप दिखे, न नाली, न निकासी व्यवस्था। यानी सरकारी धन बहा, लेकिन पानी आज भी सड़कों पर बह रहा है।

**किसके इशारे पर रुकी जांच?**

सूत्र बताते हैं कि जांच में कई बड़े नाम सामने आने वाले थे, इसी वजह से फाइलों को जानबूझकर दबा दिया गया। आज तक यह स्पष्ट नहीं हुआ कि जांच रिपोर्ट कहां है, और किसकी मेज पर धूल खा रही है।

**हर ब्लॉक में एक जैसा खेल, एक जैसा पैटर्न**

चाहे तरबगंज हो या मनकापुर, नवाबगंज हो या रुपईडीह

हर जगह भुगतान पहले, काम बाद में और कई जगह तो काम हुआ ही नहीं!

यह संकेत देता है कि यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि पूर्व नियोजित भ्रष्टाचार नेटवर्क है।

**ग्रामीणों का ऐलान—अब आर-पार की लड़ाई**

ग्रामीणों ने साफ कह दिया है कि अगर शीघ्र जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई,दोषियों पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई,और सरकारी धन की रिकवरी नहीं हुई,तो जनपद स्तर पर बड़ा जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

**सबसे बड़ा सवाल**

जब हर ब्लॉक सवालों में है, तो प्रशासन की चुप्पी किसके लिए है? क्या निगाहें शासन और प्रशासन पर टिकी हैं—क्या गोण्डा का हम पाइप घोटाला बेनकाब होगा या फिर फाइलों में ही दफन कर दिया जाएगा ?

## देवीपाटन मंडल मुख्यालय में विशेष महिला जनसुनवाई, 22 महिलाओं ने रखी समस्याएँ

**●चकमार्ग कब्ज़ा, सीमांकन विवाद और धमकी जैसे गंभीर मामलों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोण्डा।** देवीपाटन मंडल मुख्यालय में सोमवार को 'मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद' के तहत आयोजित विशेष महिला जनसुनवाई में महिलाओं ने बड़ी संख्या में पहुँचकर अपने गंभीर मामलों को अधिकारियों के सामने रखा। कुल 22 महिलाओं ने अपने-अपने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर न्याय व त्वरित राहत की मांग की। जनसुनवाई की अध्यक्षता मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने की। जनसुनवाई के दौरान आयुक्त ने प्रार्थना पत्र पढ़कर संबंधित अधिकारी से मौके पर ही वार्ता की और मामलों को विस्तारित करते हुए दो सप्ताह के भीतर निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त न्यायिक मीनू राणा और उपायुक्त खाद्य भी मौजूद रहीं।

**चकमार्ग पर अवैध कब्ज़ा: महिला ने जनसुनवाई में लगाई गुहार**

जनसुनवाई में ग्राम बांसगांव डेलीपुरवा की लालिता तिवारी ने चकमार्ग पर दबंगों द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे की गंभीर शिकायत दर्ज कराई। उनके अनुसार विपक्षी पक्ष चकमार्ग पर जबरन खेती कर रहा है और विरोध करने पर ग्रामीणों को मारपीट व फौजदारी मुकदमे की धमकी देता है। उन्होंने कहा कि कई शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई न होने से ग्रामीण परेशान हैं। प्रार्थिनी ने चकमार्ग को कब्ज़ामुक्त कराने और आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। अधिकारियों ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

**सीमांकन विवाद: पत्थर उखाड़ने और मिलीभगत का आरोप**

ग्राम खरगूपुर इमिलिया की मीरा सोनी और सवित्री देवी ने गाटा संख्या 2057 के सीमांकन विवाद की शिकायत की।महिलाओं ने बताया कि वर्ष 2011 में सीमांकन कर पत्थर नस्ब किया गया था, लेकिन विपक्षी पक्ष ने साजिशन हदबरारी वाद दायर कर नया आदेश ले लिया। आरोप है कि लेखपाल और राजस्व निरीक्षक की मिलीभगत से पत्थर उखाड़कर भूमि को गाटा 1685 में जोड़ दिया गया। बार-बार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से वे परेशान हैं। दोनों ने सीमांकन पुनः करवाते हुए पत्थर नस्थ कर कब्ज़ा बहाल करने की मांग की।

**दलित महिला ने जमीन पर अवैध कब्ज़ा और जान से मारने की धमकी की शिकायत की**

ग्राम बूढ़ा देवर-गरीबी पुरवा की माला देवी ने अपने सहन की भूमि पर कब्जे की कोशिश और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि 5 दिसंबर की सुबह विपक्षी पक्ष ने उनकी भूमि पर कूड़ा फेंकने का प्रयास किया और विरोध करने पर उन्हें गंभीर धमकियाँ दी गईं। आरोप है कि एक व्यक्ति हथियार लेकर हमला करने दौड़ा, जिससे वह किसी तरह बच सकीं। माला देवी का कहना है कि उनका परिवार लगातार डरा-धमकाया जा रहा है। उन्होंने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई और अवैध कब्जा रोकने की मांग की है।

## एमएसपी के दावे हो रहे झूठे साबित

**●खुली मंडी में औने-पौने दामों में फसल बेचने को मजबूर किसान**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** सरकारें कितने भी दावे कर ले बुन्देलखण्ड का किसान हमेशा खुद को ठगा महसूस करता है क्यो न हो जब जिलाधिकारी खुद कुम्भकरण की नींद सोये हो। भारत सरकार और राज्य सरकार एम.एस.पी की खरीदों को प्रमुखता से कराकर लगातार कृषकों की आय दोगुना करने का प्रयास कर रही है लेकिन खोखले सिस्टम की मार बुन्देलखण्ड के किसानों के हिस्से में दीमक की तरह काम कर रही है लाचार किसान खुद की फसलों को खुली मंडी में बेचने को मजबूर है। कृषको को उनकी फसल का समर्थन मूल्य उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से मिले और उनके अगूठे से रजिस्ट्रेशन हो ऐसे दिशा निर्देशों और पारदर्शिता के साथ उत्तर प्रदेश में मूँग, उर्द, तिल एवं मूँगफली की खरीदी शुरू की गई बीते माह 1 नबम्बर से यह खरीदी शुरू की जानी थी लेकिन सरकारी हीला हवाली के चलते यह खरीद लगभग 20 नवम्बर को ललितपुर जिले में शुरू हो सकी और क्रयनीति के अनुसार कृषक से खरीदी उपज का भुगतान उसके खाते में 72 घन्टे में पहुँचाने का दावा भी किया गया लेकिन जब इस मामले की पड़ताल की गई तो चैकाने वाले आंकड़े सामने आये कुल 516 कृषकों से खरीदी गई मूँगफली 16752.7 कुन्तल है जिसका मूल्य 88372552 करोड़ रुपये होता है जिनमें से सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक कार्यालय की मानें आज दिनांक तक एक भी कृषक का भुगतान नहीं हुआ है पृकृति और सूदखोरों से ज्यादा तो कृषक आज सरकारी तंत्र की मार झेलने को मजबूर है इसीलिए,बुन्देलखण्ड के ललितपुर में किसान अपनी उपज को खुली मण्डी में औने-पौने दामों में बेचने को मजबूर है। जब झांसी में बैठे आला अधिकारियों से इस मामले में बात की गई तो कि कृषकों के भुगतान के लिए आपकी तरफ से क्या कार्यवाही की गई है तो अधिकारी मीटिंग का बहाना बनाकर कन्नी काटते नजर आये।

# संक्षिप्त खबरें

## पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव गोपालपुर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर रुकवाया का निर्माण कार्य

### दर्जनों ग्रामीणों कि सड़क को गुणवत्ता पूर्ण मशीन से निर्माण कार्य कराने की अपील



**घुंघचाई/पीलीभीत** हैंड मिक्स से सड़क का निर्माण कराने से नाराज लोगों ने विरोध करते हुए काम रुकवा दिया। प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी कर मशीन से सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव गोपालपुर से लेकर थरुआन होते हुए घाटमपुर बंडा हाईवे से जुडने वाले मार्ग का लाखो की लागत से निर्माण कराया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि हेड मिक्सिंग से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। जबकि क्षेत्रीय लोग सड़क का निर्माण मशीन से कराने की मांग कर है। उसके बावजूद हाथ से ही निर्माण कराया जा रहा है। लोगो का कहना है कि अगर हाथ से सड़क का निर्माण कराया गया तो सड़क जल्द ही टूट जाएगी।मशीन से सड़क निर्माण के लिए कई बार कहा। लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। इससे नाराज लोगों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी कर मशीन से सड़क का निर्माण करने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन के दौरान मनदीप सिंह, प्रेम सिंह,नरवेल सिंह,सुखदेव सिंह, मेहताब सिंह, प्रताप सिंह, सुखविंदर सिंह,जगतार सिंह,शीतल सिंह सहित कई मौजूद रहे।

## बहुआयामी संस्था के बैनर तले परवेज आलम की अध्यक्षता में संपूर्ण हुआ निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन



**मितौली खीरी कस्ता।** आरडीसी ग्लोबल स्कूल सीतापुर रोड सर्नाडिलवा में डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल द्वारा आई कैंप का लगाया गया जिसमें निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित करके मरीजों की आंखों की जांच की गई तथा जिसमें मरीजों की आंखों का लाल होना , मोतियाबिंद,आंखों का गड़ना आंखों में सूजन तथा आंखों के संबंधित अन्य रोगों की जांच हुई,आंखों में होने वाले रोगों के प्रति सावधानियां व आंखों की सुरक्षा के बारे में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा दिशा निर्देश बताएं वह समझाए गए कैंप में लगभग 110 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिसमें लगभग 40 मरीज को मोतियाबिंद के लिए चिन्हित किया गया जिसमें 35 मरीज को ऑपरेशन के लिए अस्पताल ले जाया गया जिसमें मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था भी निशुल्क उपलब्ध कराई गई जिसमें मरीज रामप्यारी लाल जी सीताराम जसवंत मूलचंद आदि मरीज भेजे गए उन मरीजों की सर्जरी और लेंस दवाई चश्मा और सारी सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी जो मरीज कैंप के द्वारा भेजे गए हैं और लगभग 30 मरीजों को चश्मा लगाने की सलाह दी गई अस्पताल की तरफ से डॉक्टर अमित राठौर कैंप कोऑर्डिनेटर समीर अली शोभित दीक्षित मुस्कान शर्मा अंशिका खुशनूर रीता आदि स्टाफ द्वारा नेत्र शिविर में मरीजों की आंख की जांच की गई तथा जिसमें ग्राम प्रधान दिलीप सिंह तोमर ,परवेज आलम अयान अली तथा आदि गांव के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## कृषि सखी नेचुरल फार्मिंग प्रशिक्षण का आरंभ

**आजमगढ़।** कृषि विभाग, जनपद आजमगढ़ द्वारा नेचुरल फार्मिंग योजना के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, कोटवा आजमगढ़ में कृषि सखियों हेतु पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीकों, लागत में कमी, जैविक खाद-कीटनाशकों के निर्माण एवं खेती में आत्मनिर्भरता से जोड़ना है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रासायनिक खेती की तुलना में नेचुरल फार्मिंग न केवल मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाती है बल्कि कम लागत में बेहतर व स्वस्थ उत्पाद उपलब्ध कराती है। प्रशिक्षण के दौरान कृषि सखियों को जीवामृत, घन जीवामृत, बीजामृत, वर्मीकम्पोस्ट, द्रव खाद तैयार करने, मल्चिंग, गोधन और गोपोषित खेती जैसी तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास कराया जाएगा। कार्यक्रम में बताया गया कि कृषि सखी प्रशिक्षण के बाद अपने-अपने क्षेत्रों में महिला किसानों को जागरूक कर आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में कृषि सखियों, कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# कुंभी गोला ब्लॉक के देवी स्थान मार्ग पर वर्षों से रुका निर्माण, जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से ग्रामीणों में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के ब्लॉक कुंभी गोला की श्याम नगर कॉलोनी (गोला देहात) स्थित देवी स्थान के सामने का मुख्य मार्ग आज भी बुनियादी विकास से वंचित है। यह सड़क क्षेत्र की आबादी, धार्मिक महत्व, रोजमर्रा के आवागमन और निकटस्थ कॉलोनियों की कनेक्टिविटी के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन वर्षों बीत जाने के बावजूद सड़क का निर्माण नहीं किया जा सका। इंटरलॉक रोड तो दूर, खड़ंजा तक नहीं डाला गया है, जबकि इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों, महिलाओं, दुपहिया-चारपहिया वाहनों, मजदूरों और ट्रैक्टर-ट्रॉली जैसे भारी वाहनों की आवाजाही होती है। बरसात में यही रास्ता दलदल में बदल जाता है और कई बार बच्चे व वाहन फिसलकर गिर भी चुके हैं, लेकिन सड़क की दुर्दशा सुधारने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों, खासकर गोला विधायक अमन गिरी ने इस सड़क को लगातार नजरअंदाज किया है। पास की अन्य सड़कों का निर्माण विधायक निधि से करवाया गया, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से देवी स्थान के सामने की सड़क को योजना से बाहर रखा गया। ग्रामीणों के अनुसार विधायक को कई बार लिखित प्रार्थना पत्र देकर सड़क निर्माण की मांग की गई, मगर हर बार केवल आश्वासन मिला और काम कभी शुरू नहीं हुआ।

समस्या को गंभीर होते देख ग्रामीणों ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद क्षेत्रीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे और जल्द सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। इतना ही नहीं, ग्रामीणों से लिखित सहमति पत्र पर हस्ताक्षर भी करवा लिए गए, लेकिन इसके बाद न तो कोई माप हुआ, न निरीक्षण और न निर्माण। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि सिर्फ पोर्टल पर निस्तारण दिखाने के लिए कार्रवाई की गई ताकि रिपोर्ट पूरी हो जाए, जबकि धरातल पर काम कराने की नीयत बिल्कुल नहीं थी। इससे लोगों में और ज्यादा नाराजगी बढ़ गई। इसी बीच करीब छह माह पहले पास की सड़क को बनवा रहे भोली गिरी ने भी ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि अगले चरण में देवी स्थान के सामने की सड़क पर कार्य शुरू होगा हालांकि सड़क की नपाई भी हुई फिर निर्माण ठंडे बस्ते में चला गया।

ग्राम वासी बताते हैं कि बारिश में पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं और कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद सड़क निर्माण की ओर गंभीरता से ध्यान न देना जनता की पीड़ा के प्रति संवेदनहीनता दर्शाता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि अब सड़क निर्माण के लिए आश्वासन नहीं, बल्कि काम शुरू होने की निश्चित तारीख चाहिए।

# विद्या निकेतन में तंबाकू मुक्त पीढ़ी' कार्यक्रम संपन्न



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** दिनांक 08 दिसम्बर 2025 को स्थानीय विद्यालय वि0कु0स्मा0 सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज, गोला गोकर्णनाथ-खीरी में 'तंबाकू मुक्त पीढ़ी' (Tobacco Free Generation) कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र /छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू सेवन कैंसर के अलावा कई अन्य बीमारियों का कारण बनता है।भारत में हर साल लगभग 13 लाख लोग तंबाकू के सेवन से मरते हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है तथा तंबाकू मुक्त पीढ़ी के निर्माण में युवाओं का योगदान महत्वपूर्ण है। तत्पश्चात बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी द्वारा छात्र/छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

# ऐप्जा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्रा किया राम लीला मेले का उद्घाटन





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली**/ऐप्जा राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्रा ने एक महीने चलने वाले रामलीला मेले का उद्घाटन किया यह मेला मैगलगंज के मिलिट्री ग्राउंड में आयोजित होता है इस मेले में लंबे समय से विवाद उत्पन्न होने के कारण मेले में रौनक नहीं आ रही थी इसको लेकर ऐप्जा चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग आई एम सारथी ने पहल करते हुए पुनः मेले की सुंदरता वापस लाने के लिए सभी को एक मंच पर एकत्रित करने का कार्य किया।

जिसके कारण एक महीने चलने वाले इस मेले में भारी भीड़ जुटी इस समारोह में सबसे बड़ी बात यह रही दोनों समुदायों के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और मेले को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया गया और मेले को उत्तम गति प्रदान करने का आवाहन किया गया यहां पर उपस्थित विधायक सौरभ सोनू नगर पंचायत अध्यक्ष कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऐप्जा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया और कहा इस मेले को भव्य बनाने के लिए प्रयास किए गए थे जो सफल हुए इसके लिए उन्होंने चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग आई एम सारथी एवं मेला कमेटी के साथ अन्य गणमान्य लोगों को एक साथ एक मंच पर एकत्रित होने के लिए बधाई दी और कहा मिले सनातन के ऐतिहासिक कार्य हैं इन्हें सफल बनाना हम सब की जिम्मेदारी है इसको पूर्ण रूप से निर्वहन करने का संकल्प ले।

# साहू राठौर मोदी एकता मंच ने वैवाहिक बर वधू परिचय सम्मेलन आयोजित किया जुटी भीड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली**/के जोगी नवादा में स्थित बाबा बनखंडी नाथ मंदिर रामलीला मैदान में आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य उनके पति गिरधारी लाल साहू थे इस वैवाहिक परिचय सम्मेलन में पीलीभीत बरेली रामपुर बदायूं जनपदों की सुजात बन्धुओ की भारी भीड़ जुटी।

इस कार्यक्रम में 150 युवक युवतियों के परिचय सम्मेलन में रजिस्ट्रेशन कराया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री आर्य ने समाज को गति देने के लिए वैवाहिक परिचय सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित कराया जाना समाज हित में बताया और कहा इस तरह के आयोजन करने से समाज के लोगों को रिश्ते ढूंढने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया लक्ष्मी नारायण राठौर ने अपने संबोधन में कहा इस प्रकार का आयोजन करने से लड़का एवं लड़की के तलाश करने माता-पिताओं को आसानी होती है इसलिए इस तरह के आयोजन प्रत्येक जनपद स्तर पर आयोजित किया जाना चाहिए।

यहीं पर उपस्थित मुन्नालाल राठौर ने कहा उक्त कार्यक्रम से समाज में जागृति आती है इसलिए समाज को ऐसे कार्य निरंतर करते रहना चाहिए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरपाल साहू ने की और संचालन विजय कुमार साहू ने किया यहां पर उपस्थित प्रमोद कुमार साहू सुरेश राठौड़ शिवसागर साहू प्रकाश राठौड़ आदि ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई कार्यक्रम में चंद्रपाल राठौर संतोष साहू राम भरोसे लाल कैलाश राठौड़ दिलीप राठौड़ भगवत शरण साहू रमेश साहू अशोक राठौड़ धीरज साहू मीना साहू भीमसेन राठौर मोहन स्वरूप राठौर मथुरा प्रसाद राठौर मुकेश साहू रोहित राठौर एडवोकेट ओंकार राठौर कृष्ण पाल राठौर पन्नालाल साहू मदन राठौड़ रामपाल साहू सेवाराम राठौर शिव रतन राठौर समेत समाज के भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# वार्षिक निकाय बैठक मे लेखा जोखा प्रस्तुत

**मोहम्मदी खीरी।** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति सिसौरा में वार्षिक निकाय की बैठक में आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया समिति के सचिव राकेश कुमार शुक्ला ने समिति के सदस्यों की संख्या उर्वरक बिक्री श्रण आवंटन और वसूली का लेखा जोखा प्रस्तुत किया समिति के सभापति धर्मेंद्र सिंह ने समिति की लाभ और बाउंड्री वॉल विकास श्रण अदायगी की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई ने कहा कि सिसौरा समिति निरंतर आगे बढ़ रही है सभापति ने बाउंड्री वॉल और पुलिया के लिए कहा था पुलिया बन गई और बाउंड्री वॉल का निर्माण चल रहा है। प्राथमिक सहकारी विकास समिति के जिला अध्यक्ष देवेश कुमार सिंह ने कहा कि खीरी जिले की समितियां अन्य जिलों की अपेक्षा अच्छी काम कर रही है। कार्यक्रम के पूर्व मां सरस्वती के चित्र पर मुख्य अतिथि ने माल्यार्पण किया। इस दौरान धर्मेंद्र सिंह चौहान, राघवेन्द्र सिंह, दीपेंद्र सिंह, कमलेश वर्मा, संतराम, नन्हे लाल, निर्मल सिंह, सच्चिद्र सिंह, मौजूद रहे।

# गायत्री शक्तिपीठ पर हुआ अखंड ज्योति पत्रिका विस्तारक सम्मेलन

## ● संपन्न हुआ गायत्री परिवार का अभिनंदन समारोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर।** गायत्री परिवार द्वारा रविवार को नगर के गोला रोड स्थित श्री वेद माता गायत्री शक्तिपीठ पर प्रातः काल अखंड ज्योति पत्रिका विस्तारक सम्मेलन का आयोजन किया जिसे गायत्री तपोभूमि मथुरा से आए गायत्री साधक अशोक कुमार पाण्डेय ने संबोधित किया। उन्होंने कहा व्यक्ति के नैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को समर्पित गायत्री परिवार मिशन की अखण्ड ज्योति, युग निर्माण योजना, प्रज्ञा अभियान पाक्षिक आदि पत्रिकाएँ हम सभी को घर-घर पहुँचाना है, इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपना दायित्व निभाना होगा।मध्यान्ह भोजन अवकाश के बाद कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ जिसे कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ प्रतिनिधि जय प्रकाश वर्मा ने संबोधित कर हाल ही में गायत्री परिवार लखीमपुर द्वारा नगर में मीरपुर-रसौरा तिराहे पर सम्पन्न किए गए विराट नारी उत्कर्ष समारोह को सफल बनाने वाले सभी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए नारी उत्कर्ष अभियान की आगे की रूपरेखा समझाई।

मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया अभिनन्दन समारोह में गुरुनानक विद्यक सभा कन्या इंटर कॉलेज सहित जिले के विभिन्न स्कूलों की कन्याओं और गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र, गायत्री मंत्र पट्टिका आदि के साथ सम्मानित किया गया जिन्होंने विराट नारी उत्कर्ष समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न विभागों में सराहनीय योगदान दिया। गायत्री शक्तिपीठ लखीमपुर के लेखा प्रभारी कृष्णा कांत तिवारी ने विराट नारी उत्कर्ष समारोह के आय-व्यय का विवरण दिया। जिला समन्वयक राम खेलावन निषाद ने सभी का आभार ज्ञापन किया और 01 जनवरी से निघासन होने वाले 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में शामिल होने और सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सत्य नारायण वर्मा, उदय सिंह, अजय वर्मा, यज्ञदेव वर्मा, कुलदीप वर्मा, दीपक वर्मा, सीपी मौर्य, शिरोमणि शुक्ला, देशराज राठौर, राकेश यादव, मधु तिवारी, कामता प्रसाद मौर्य, राज किशोर वर्मा, मुरलीधर वर्मा, अनुभव कटियार, प्रज्ञा वर्मा, राम प्रवेश वर्मा आदि औजूद रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष किसान कांग्रेस बृज मौर्या का पलिया विधान सभा क्षेत्र का मैराथन दौरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पलिया कलां खीरी।** प्रदेश अध्यक्ष किसान कांग्रेस उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी बृज मौर्या द्वारा 137, पलिया विधान सभा विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत भीरा और विभिन्न गाँवों/वार्डों कुकरा, बांकेगंज, खंजनपुर मजरा मोहलिया, ढकाया, पर्वस्तनगर, बाबुकपुर, आजादनगर, ग्राम पंचायत जटपुरा मजरा बुद्धरपुर, सुनहरा भूड़का, ग्राम पंचायत ग्रांट नम्बर 11, प्रतापपुर, रायपुर, निपानिया, नयागांव, भूपपुर, बल्दीपुर, रामनगर, उदयपुर, भीखनपुर, कालीमपुर, मोतीपुर, बाबूपुर, शेरपुर, लेनपुर, तिलकपुर, महराला, गिरधरपुर, बंजारिया, सिद्धनपुर, मदनुआ, अन्नपुर, खुशहालपुर, देवीपुर, खेताली, सरकारपुर, इमलिया, बेचापुर, का भ्रमण किया। बृज मौर्या ने स्थानीय जनता से संवाद कर वर्तमान में हो रहे सद्भकहेतु जागरूकता व क्षेत्र की समस्याओं एवं भाजपा सरकार में क्षेत्रीय विकास के कार्यों में हो रही उपेक्षा की समीक्षा की। भ्रमण के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक, जनसुनवाई तथा आगामी विधान सभा चुनाव की रूपरेखा पर चर्चा की। सभी कार्यकर्ताओं एवं सम्मानित नागरिकों से अनुरोध किया कि राजनैतिक रूप से जागरूक रहें और चुनाव आयोग जो सत्ताधारी दल की क्रटीम बनके काम कर रही है उनके व भाजपा द्वारा हो रहे वोट चोरी को पुरजोर तरीके से रोकें और वास्तविक लोकतंत्र स्थापित करने में मदद करें।

कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश महासचिव शुभम अग्निहोत्री, प्रदेश सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर शोएब खान, नगर अध्यक्ष भीरा आशिफ खान, जिला उपाध्यक्ष अल्प संख्यक शाहिद खान,प्रदेश सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर अफजल खान उदयवीर यादव, आदिल खान, संदीप कुमार द्वारा किया गया।

# आबकारी विभाग का चला हंटर दस अभियोग पंजीकृत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निघासन खीरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि अवैध शराब माफिया के लिए प्रदेश में न तो कोई जगह है और न ही कोई ढिलाई जिसको देखते हुए अवैध कच्ची शराब माफियाओं की कमरतोड़ कार्यवाही करने के लिए आबकारी विभाग ने कमर कस ली इसी दौरान आबकारी आयुक्त के आदेश के अनुपालन में उप आबकारी आयुक्त ई.आई.बी. एवं उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार के मार्ग दर्शन में जनपद के कई थाना क्षेत्र के इलाके में ईआईबी हरिओम सिंह के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह आबकारी स्टाफ थाना धौरहरा पढ़ुआ निघासन मझगई व भीरा के कई संदिग्ध गांवों में दबिश की गई दबिश के दौरान कुल 235 लीटर अवैध मदिरा बरामद करते हुए 2900 सौ किग्रा लहन नष्ट किया गया व लहन में प्रयोग किये गए उपकरणों को भी नष्ट किया इस दौरान आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में दस अभियोग पंजीकृत किए गये।

आबकारी विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही से अवैध कच्ची शराब बनाने व बेचने वालों में हड़कंप मचा हुआ बरहाल आबकारी विभाग के उच्च अधिकारियों की कार्यवाही जन समुदाय के लिए पेरासिटामोल का काम किया जबकि अवैध कच्ची शराब माफियाओं के दांत खट्टे होते नजर आये।

### कार्यवाही लगातार जारी रहेगी

आबकारी विभाग के उच्च अधिकारी व सहायक आबकारी आयुक्त ईआईबी हरेंद्र सिंह ने बताया की अवैध शराब माफियाओं पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी विभाग कार्यवाही करने में जरा भी कोताही नहीं बरतेगा आज की कार्यवाही में दस अभियोग पंजीकृत किये गए 235 लीटर अवैध शराब व 2900 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया साथ ही उपयोग किए गए उपकरणों को नष्ट किया गया।

# श्रीमद्भागवत अमृत कथा से महक रहा नौरंगाबाद

**लखीमपुर खीरी।** स्थानीय नौरंगाबाद मोहल्ला स्थित चंदेल लॉन एक बार फिर दिव्य अध्यात्म की पावन सुगंध से महकने लगा, 7 दिसंबर से आरंभ हुये श्रीमद्भागवत भक्ति ज्ञानयज्ञ के दूसरे दिन वृन्दावन धाम से पधारे पण्डित अमित कृष्ण जी महाराज ने भागवत शब्द की व्याख्या और धुंधकारी की कथा सुनाई। लगातार 18 वर्षों से अनवरत चल रहा यह आध्यात्मिक उत्सव अब नगर की पहचान बन चुका है, एक ऐसा आयोजन, जहाँ भागवत का अमृत केवल सुनाई नहीं देता, बल्कि जनमानस के हृदय में उतरकर जीवन का मार्ग प्रकाशमान करता है। आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा की मधुर, मनोमुग्धकारी रसधार बहाएँगी। उनके श्रीमुख से निःसृत अमृतमयी वाणी न केवल श्रोताओं को भक्ति की ओर ले जाएगी, बल्कि जीवन के जटिल प्रश्नों का दिव्य समाधान भी प्रदान करेगी। आयोजन समिति के महासचिव एवं भारत विकास परिषद संस्कृति शाखा, लखीमपुर के अध्यक्ष एड. आर्येन्द्र पाल सिंह ने एक विज्ञप्ति जारी कर उक्त जानकारी देते हुए क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम में आर्येन्द्र सिंह, संयोजक संदीप सिंह, शैलेन्द्र कुमार मौर्या सहित पूरी टीम तत्परता से प्रयासरत है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति और समर्पण का जीवंत संगम है जहाँ कथा का हर श्लोक, हर प्रसंग और व्याख्या प्रेरणा का स्रोत बन रही है।

# उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बीती रात एक बड़ा हादसा टल गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**आजमगढ़** राष्ट्रीय ओलमा कौंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना आमिर रशादी बीती रात आजमगढ़ से लखनऊ की ओर जा रहे थे। लगभग रात 11:30 बजे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 198 किलोमीटर मार्कर के पास विपरीत दिशा से अचानक एक जंगली जानवर तेज़ गति से आकर उनकी गाड़ी से टकरा गया। अचानक हुई इस टक्कर से मौलाना की स्कॉर्पियो कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी पर अच्छी बात ये रही कि गाड़ी में मौजूद मौलाना और अन्य यात्रियों में से किसी को कोई गंभीर चोट नही आयी जिससे कि बड़ा हादसा होने से टल गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन सौभाग्य से सभी लोग सुरक्षित रहे और केवल मामूली चोटें आईं। घटना की सूचना तुरंत एक्सप्रेसवे के इमरजेंसी नंबर पर दी गई, जिसके बाद पेट्रोलिंग टीम तत्काल मौके पर पहुँची।

मीडिया से बातचीत में मौलाना आमिर रशादी ने इस दुर्घटना को सुरक्षा व्यवस्थाओं की गंभीर कमी और एक्सप्रेसवे प्रबंधन की बड़ी खामी करार दिया। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर नीलगाय और अन्य जंगली जानवरों से टकराव की घटनाएँ पहले भी कई हो चुकी हैं, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा, 'एक्सप्रेसवे पर किसी जंगली जानवर का पहुँचना ही यह साबित करता है कि सुरक्षा इंतज़ाम बेहद कमजोर हैं। यह स्थिति यात्रियों की जान को हमेशा जोखिम में डालती है। इतना महंगा टोल टैक्स देने के बाद भी यदि सुरक्षित सड़क उपलब्ध न हो, तो यह अत्यंत चिंताजनक है। पूरे एक्सप्रेसवे की तत्काल फेंसिंग कराना आवश्यक है ताकि भविष्य में किसी और के साथ ऐसी घटना दोबारा न हो। आम जनता एक्सप्रेसवे का उपयोग सुरक्षित और निर्बाध यात्रा के लिए करती है।'

# महिला को छः किलो अवैध गांजा समेत पकड़ा





**हमीरपुर –** मौदहा कोतवाली पुलिस ने रविवार के दिन 06 किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि रविवार के दिन मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अरतरा रोड पर अरण्या गेस्ट हाउस से लगभग पांच सौ मीटर आगे मोहल्ला पूर्वी तरौस कस्बा व थाना मौदहा से महिला को एक प्लास्टिक की बोरी में 06 किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया।बताया कि अभियुक्ता पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही की गई है और उसे न्यायालय पेश किया गया है।

# त्रि-दिवसीय प्रांतीय वार्षिक निरीक्षण का शुभारम्भ; शिक्षण और प्रबंधन का होगा सूक्ष्म मूल्यांकन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक गुणवत्ता मानकों को बनाये रखने की दिशा में प्रान्तीय योजनानुसार विद्या भारती विद्यालय पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (यू.पी.बोर्ड) में त्रिदिवसीय प्रान्तीय वार्षिक निरीक्षण आज दिनांक 08 दिसम्बर 2025 से प्रारम्भ हुआ। निरीक्षण हेतु प्रान्त द्वारा निर्धारित दल जिसमें श्री राजेन्द्र सिंह जी (प्रधानाचार्य, जय बजरंग इण्टरमीडिएट कालेज, रामनगर, अम्बेडकर नगर) व उनकी टीम श्री ओम प्रकाश सिंह जी (अंग्रेजी प्रवक्ता), श्री अशोक सिंह जी (गणित प्रवक्ता), श्री सच्चिदानन्द त्रिपाठी जी (भौतिक विज्ञान प्रवक्ता), श्री प्रभाकर मिश्र जी (कार्यालय प्रमुख) विद्यालय की सम्पूर्ण शैक्षिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का अवलोकन करेंगे। निरीक्षण का शुभारम्भ आगन्तुक प्रधानाचार्य व उनकी टीम, विद्यालय के प्रबन्धक श्री विमल अग्रवाल जी व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी ने वन्दना सभा में मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। आये हुए अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी ने कराया।

प्रबन्धक श्री विमल अग्रवाल जी ने अतिथि महानुभावों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी ने बताया कि यह निरीक्षण तीन दिवसीय है जो 10 दिसम्बर तक चलेगा। इस निरीक्षण में विद्यालय के सभी महत्वपूर्ण विभागों (जैसे कक्षा का संचालन, अध्यापन की गुणवत्ता, पाठ्यक्रम की प्रगति और छात्रों के प्रदर्शन का मूल्यांकन, खेलकूद, रचनात्मक गतिविधियां, पुस्तकालय, प्रयोगशाला एवं अन्य आवश्यक संसाधनों का उपलब्धता) का निरीक्षण होगा। कार्यालय में रिकार्ड कीपिंग एवं वित्तीय प्रबन्धन का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया जायेगा। आगन्तुक प्रधानाचार्य श्री राजेन्द्र सिंह जी ने बताया कि विद्या भारती की योजनानुसार वर्ष में एक बार सुधार की दृष्टि से विद्यालयों का निरीक्षण किया जाता है उन्होंने भैया/बहनों को बताया कि वह भी पूर्व में इस विद्यालय के आचार्य रह चुके हैं और यहाँ आने पर उनकी पुनः स्मृतियां जीवंत हो उठीं।

## संक्षिप्त खबरें

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित.



**जनपद भदोही**– आज दिनांक 8\12\2025 को ज्योति बाल विधामंदिर इण्टर कालेज पीपर गाँव मे मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला शक्ति केंद्र द्वारा कार्यक्रम में बाल विवाह की सामाजिक व कानूनी जटिलताओं पर विस्तार से जानकारी दी गई तथा बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन किया गयाएश्रीमती प्रियंका गुप्ता तथा रेशमा भारतीय द्वारा कहा कि किसी भी बच्चे काए चाहे वह लडका हो या लडकी कम उम्र में विवाह नही होना चाहिए। विवाह की कानूनी उम्र लड़कों की 21 वर्ष और लड़कियों की 18 वर्ष है । बाल विवाह न केवल बच्चों के भविष्य को प्रभावित करता हैए बल्कि यह कानूनन दंडनीय अपराध भी है। ऐसे मामलों की सूचना तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर देने की अपील की ए समय से पूर्व विवाह उनकी शिक्षाए स्वास्थ्य और व्यक्तिगत विकास पर गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने बालकएबालिकाओं को अच्छी शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने का संदेश दिया। इसके साथ ही बालकध्बालिकाओं को बाल विवाह मुक्त भारत की शपत भी दिलाई गयी। महिला कल्याण विभाग द्वारा आन्नद मौर्या एंव बालक बालिकाए उपस्थित रहे!

### औराई में मेथिल एसिड से भरा टैंकर पलटा, सड़क पर फैला केमिकल; फायर ब्रिगेड ने संभाला मोर्चा

**औराई।** महाराजगंज बाजार स्थित एचपी पंप के सामने मेथिल एसिड से लदा टैंकर अचानक पलट गया। टैंकर का अगला टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ता हुआ दूसरी लेन पर जा गिरा। गनीमत रही कि हादसे के समय सड़क सुनसान थी, वरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। चालक को हल्की चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार उन्नाव से केमिकल लेकर कोलकाता जा रहा टैंकर सुबह करीब 5 बजे दुर्घटनाग्रस्त हुआ। चालक अविनाश यादव, निवासी पसरिया बीघापुर, उन्नाव ने बताया कि अचानक आगे का टायर फटने से वाहन नियंत्रण खो बैठा और पलट गया। सूचना पर क्षेत्राधिकारी औराई चमन सिंह चावड़ा तथा कोतवाल मनोज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। 112 पुलिस व नेशनल हाईवे क्रेन की सहायता से टैंकर को सीधा कराया गया। हादसे के बाद सड़क पर मेथिल एसिड पानी की तरह फैल गया था, जिससे आग लगने का खतरा बढ़ गया। स्थिति को गंभीर देखते हुए फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने पूरे मार्ग को साफ कराया और केमिकल को निष्क्रिय करने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस द्वारा हाइड्रा की मदद से टैंकर को हटाकर सुरक्षित स्थान पर खड़ा किया गया है। कोतवाल मनोज कुमार ने बताया कि टैंकर फुल लोड था, जिससे कुछ एसिड जमीन पर फैल गया था। एहतियात के तौर पर पूरे क्षेत्र को कुछ समय के लिए खाली कराया गया। वाहन मालिक को भी घटना की सूचना दे दी गई है।

### रैपुरी गांव में विषाक्त पदार्थ से विवाहिता की मौत

**पिता ने लगाया हत्या का आरोप**

**गोपीगंज।** थाना गोपीगंज क्षेत्र के रैपुरी गांव में रविवार की रात विषाक्त पदार्थ सेवन से एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव निवासी सज्जन गौतम की पत्नी कविता गौतम (24 वर्ष) की रविवार रात हालत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई। सूचना पर सोमवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा। मृतका के एक माह की एक पुत्री भी है। मृतका के पिता शारदा प्रसाद गौतम, निवासी शिवसेवक पट्टी कोइरौना, ने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में उनकी बेटी का विवाह रैपुरी गांव निवासी हंसलाल गौतम के पुत्र सज्जन गौतम से हुआ था। शादी में दहेज स्वरूप एक बाइक व 51 हजार रुपये नकद दिया गया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष द्वारा अधिक दहेज की मांग को लेकर बेटी को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। पिता ने तहरीर में पति सज्जन, सास हिरावती, जेठ सुरेश, जेठानी रागिनी और ननद विंदू देवी पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। कोतवाल शैलेश कुमार राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दहेज उत्पीड़न व हत्या की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दिव्यता, संस्कृति और सनातन परंपरा से ओतप्रोत एक अद्वितीय वैदिक पाणिग्रहण संस्कार का आयोजन सम्पन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मीरजापुर।** बाबा विश्वनाथ की तपोभूमि काशी में हरिहरपुर स्थित दि भारत सेलिब्रेशन लॉन एंड रिसॉर्ट में दिव्यता, संस्कृति और सनातन परंपरा से ओतप्रोत एक अद्वितीय वैदिक पाणिग्रहण संस्कार का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमे उपस्थित जन-समुदाय को वैदिक युग की शुचिता, सात्विकता और पवित्रता का साक्षात अनुभव कराया। इस महामंगल महोत्सव में पाणिग्रही दीर्घायु इंजीनियर सौरीश शर्मा 'अमन', राष्ट्रीय अध्यक्ष–भारत मानवता संस्थान तथा पाणिग्रहिता दीर्घायुषी कु. प्रिंसी शर्मा, अतिथि सहायक आचार्या का पावन वैवाहिक सूत्रबद्ध सम्पन्न हुआ, जो अपने-अपने परिवारों की सेवा, विनम्रता और संस्कार की उज्ज्वल परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रतीक बना। यह समूचा आयोजन साहित्यकार एवं संस्कृति-सेवी श्री रमेश कुमार शर्मा 'लेखक', प्रांत परावर्तन प्रमुख–धर्म प्रसार विभाग, विश्व हिन्दू परिषद, काशी प्रांत के पुण्य-सान्निध्य, मार्गदर्शन एवं विशिष्ट संरक्षकत्व में सम्पन्न हुआ। इस दिव्य संस्कार की गरिमा को परम पूज्य गुरुजनों की मंगलमयी उपस्थिति ने और अधिक आलोकित किया, जिसमे परम पूज्य महन्त श्री कमल नयन दास शास्त्री जी महाराज (उत्तराधिकारी–परम् पूज्य महन्त श्री नृत्यगोपाल दास जी महाराज, श्री अयोध्या जी), परम् पूज्य महामण्डलेश्वर नवनीत जी महाराज, किन्नर अखाड़ा, परम् पूज्य आचार्य महन्त भारत भूषण दास जी महाराज (पीठाधीश्वर–श्री गुरु रविदास जन्मस्थान मंदिर, सीरगोवर्धनपुर), परम् पूज्य आचार्य महन्त रामेश्वर दास जी महाराज (उपाध्यक्ष–अखिल भारतीय संत समिति), परम् पूज्या महन्त श्री नृत्यगोपाल दास जी महाराज, श्री अयोध्या जी), परम् पूज्य महामण्डलेश्वर नवनीत जी महाराज, किन्नर अखाड़ा, परम् पूज्य आचार्य महन्त भारत भूषण दास जी महाराज (पीठाधीश्वर–श्री गुरु रविदास जन्मस्थान मंदिर, सीरगोवर्धनपुर), परम् पूज्य आचार्य महन्त रामेश्वर दास जी महाराज (उपाध्यक्ष–अखिल भारतीय संत समिति), परम् पूज्या राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी बिन्दु बहन जी तथा परम् पूज्य महन्त रामशरण दास जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही । इन संतों के आशीर्वाद और दिव्य उपस्थिति ने सम्पूर्ण वातावरण को देवत्व की उज्ज्वल आभा से दीप्त कर दिया। सूर्योदय की प्रथम किरण से लेकर सूर्यास्त की अंतिम स्वर्णिम आभा तक चले इस वेदमय आयोजन में मंडप, वेदी, तोरण, दीप, पुष्प और संपूर्ण परिसर को वैदिक शिल्प एवं सांस्कृतिक बोध के अनुसार सजाया गया, जिससे वातावरण में सात्विकता, श्रद्धा और ईश्वरीय ऊर्जा का अनवरत संचार बना रहा। प्रवेश द्वार पर आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य चंदन-तिलक, पुष्प एवं अंगवस्त्र के साथ 'अतिथि देवो भवः' की सनातनी परंपरा का सजीव स्वागत दृश्य सबके हृदय में गहन श्रद्धा उत्पन्न कर रहा था। पूरे आयोजन में वेद-उपनिषदों की शिक्षाओं, धर्माश्रम के आदर्शों, मूल हिन्दू संस्कारों और प्राचीन भारतीय जीवन-पद्धति का संतुलित और सहज सजीव चित्रण प्रस्तुत



रहा, जिससे यह समारोह केवल विवाह न होकर संस्कृति-शिक्षा का जीवंत विद्यालय बन गया। सनातन वैदिक पाणिग्रहण संस्कार महामंगल महोत्सव की समस्त विधियाँ 21 श्रेष्ठ कर्मकाण्डवेत्ता विद्वान आचार्यों द्वारा वेदों के मूल मंत्रों के साथ सम्पन्न हुईं, जिनकी ध्वनि से वातावरण में शुद्धता, पवित्रता और दिव्यता का स्पंदन निरंतर बना रहा। लगभग 2000-2500 श्रद्धेय अतिथि सनातनी वेशभूषा में सम्मिलित हुए–पुरुष धोती-कुर्ता या कुर्ता-पायजामा में और महिलाएँ भारतीय साड़ी या सूट में सुसज्जित रहीं जिससे सम्पूर्ण परिसर प्राचीन भारतीय गृहस्थ आश्रम की अनुभूति से आलोकित रहा। सनातन वैदिक पाणिग्रहण संस्कार महामंगल महोत्सव को अपनी शुभकामनाओं से विभूषित करने वाले प्रमुख विभूतियों में से महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार जी (रांची, झारखण्ड), मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी (उत्तर प्रदेश) तथा उप-मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य जी के प्रतिनिधि के रूप में श्री लाल प्रताप सिंह जी, माननीय श्री सोहन लाल श्रीमाली जी (उपाध्यक्ष–राज्य पिछड़ा आयोग, उ.प्र.), 'पद्मश्री' श्री चन्द्रशेखर सिंह जी (किसान वैज्ञानिक), गौरव नन्द जी, विधान सभा प्रत्याशी, मैनपुरी, वरिष्ठ भाजपा नेता, 'पद्मश्री' श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव जी (प्रख्यात कजरी गायिका) आदरणीय श्री जीत नारायण सिंह जी (भारत के मुख्य न्यायाधीश के छोटे सगे भाई), आदरणीय श्री मुनेश्वर मिश्र जी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ एवं प्रधान संपादक सहजसत्ता), आदरणीय श्री ललन सिंह जी (पूर्व अध्यक्ष, अखिल भारतीय सामाजिक समरसता अभियान, काशी प्रांत), आदरणीय श्री कन्हैया अग्रवाल जी, प्रबंधक-लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कालेज, आदरणीय श्री रामचरन शर्मा जी (पूर्व पुस्तकालयाध्यक्ष, लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज) श्री भानु प्रताप सिंह जी, समाज चिंतक, लखनऊ, के साथ ही साथ आयोजन के श्रेष्ठतम स्तम्भ के रूप में श्री गणेश प्रसाद जी (वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी), श्री दुर्गा प्रसाद साहू जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष–भारतीय राष्ट्रीय वैश्य महासंघ, श्री राजकुमार शर्मा जी (प्रभारी निरीक्षक, थाना लंका, वाराणसी) एवं अनेकों गढ़मान्य अतिथियों ने पूरे उत्सव को संगठन, अनुशासन और सांस्कृतिक आदर्शों से सुशोभित किया।

समरसता भोज में बिना लहसुन-प्याज का शुद्ध सात्विक भोजन परोसा गया, जिसे वनवासी समाज द्वारा निर्मित हरे पत्तों की पत्तलों तथा कुम्हार भाईयों द्वारा निर्मित मिट्टी के पात्रों में प्रस्तुत किया गया, जिससे पृथ्वी, जल और अग्नि तत्वों की पवित्रता अक्षुण्ण बनी रही। यह भोज सामाजिक समदृष्टि, सर्वसमावेशिता और सनातन धर्म की समरस परंपरा का आत्मीय प्रतीक बना। सनातन वैदिक पाणिग्रहण संस्कार महामंगल महोत्सव में चौलर लोकनृत्य, कथक, कजरी, लोक एवं शास्त्रीय संगीत जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने काशी की प्राचीन लोकधारा, भाव-संवेदना और भारतीय जीवन-दर्शन को पुनः जनमानस के समक्ष प्रतिष्ठित किया। संत-महात्मा, शिक्षाविद, चिकित्सक, किसान, श्रमिक, न्यायकर्ता और समाज के विविध वर्गों की उपस्थिति ने यह उद्घोषित किया कि सनातन धर्म की आत्मा एकत्व, समरसता और करुणा में ही निवास करती है। इस पवित्र महामंगल महोत्सव को सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक आधार प्रदान करने वाले अनेक सम्माननीय व्यक्तित्व–संस्कार भारती, अखिल भारतीय धोबी विकास मंच, विविध सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रवासी भारतीय, अधिवक्ता, शिक्षक, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं मीडिया जगत के सहयोगी बंधु , निरंतर सहभागी रहे एवं समस्त परिजनों ने अपनी सौहार्दपूर्ण सेवाभाव, अनुशासन और समर्पित परिश्रम से आयोजन को भव्यता और गरिमा की ऊँचाइयों पर पहुँचाया। पूरे महामंगल महोत्सव की दिव्यता को सभी श्रद्धेय अतिथियों ने अपने आशीर्वाद और मार्गदर्शन से जो परम महत्ता प्रदान की, उसने इस आयोजन को केवल एक पारिवारिक उत्सव न रहने देकर धर्मबल, संस्कारबल और राष्ट्रबल का जागरण बना दिया। यह वैदिक पाणिग्रहण संस्कार, महामंगल महोत्सव विशेषतः युवा पीढ़ी के लिए एक युगांतकारी संदेश लेकर आया, जो– 'जब तक वैदिक संस्कार जीवित हैं, तब तक भारत की आत्मा अमर है। '

**शीर्षक**

सनातन वैदिक पाणिग्रहण संस्कार का महामंगल महोत्सव सम्पन्न ' 'काशी में वैदिक पाणिग्रहण संस्कार का दिव्य महामंगल महोत्सव सम्पन्न ' 'दिव्यता और संस्कृति से ओतप्रोत वैदिक महामंगल महोत्सव सम्पन्न ' 'वेदमय वातावरण में वैदिक पाणिग्रहण संस्कार का महामंगल महोत्सव सम्पन्न ' 'काशी की पावन धरती पर वैदिक विवाह का महामंगल महोत्सव सम्पन्न ' 'धर्म, संस्कृति और सात्विकता का महामंगल महोत्सव सम्पन्न ''भारतीय संस्कारों का गौरवमयी-वैदिक महामंगल महोत्सव सम्पन्न ' 'सनातन संस्कृति के उत्थान हेतु वैदिक पाणिग्रहण संस्कार महामंगल महोत्सव सम्पन्न ' 'वेद-धर्म परंपरा के मध्य भव्य वैदिक महामंगल महोत्सव सम्पन्न '

# सुरक्षित नारीद्द समृद्ध प्रदेशद्द मिशन शक्ति का यही संदेश

**● महिला सुरक्षा,सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान फेज-5.0 के तहत जनपदीय पुलिस अधिकारी, महिला बीट आरक्षी/एंटी रोमियो टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं नए आपराधिक कानून, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, साइबर अपराधों के प्रति तथा शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी प्रदान कर किया जा रहा जागरुक – महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान फेज-5.0के तहत अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में जनपद में महिला बीट आरक्षी/एंटी रोमियों पुलिस टीम सहित पुलिस अधिकारीगण के माध्यम से क्षेत्र में भ्रमण कर प्रमुख चौराहों, कस्बों, बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों/कॉलेजों/कोचिंग संस्थानों, रेलवे स्टेशन, रोडवेज सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों व गांवों में जाकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0स्वानिधि योजना,पी0एम0सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा बाल विवाह, पाक्सो एक्ट, एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं ऑपरेशन मुक्ति के अंतर्गत बाल विवाह एवं बालश्रम तथा महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया जा रहा है तथा छोटे-छोटे बच्चों को गुडटच-बैडटच के बारें में बताया गया और किसी भी समस्या के बारे में अपने अभिभावकों या पुलिस को अवश्य अवगत कराने के सुझाव दिये गये । सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट्फार्मों के सुरक्षित उपयोग एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरते जाने वाले विभिन्न एहतियात के बारें में, साइबर अपराधों एवं डिजिटल अरेस्ट के बारें में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर फ्रॉड की घटना घटित होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करने व उसके द्वारा बताए गए निर्देशों का पालन करें। अपनी जन्मतिथि, नाम, मोबाइल नंबर, आदि का इस्तेमाल कभी भी पासवर्ड बनाने में ना करें, एक ही पासवर्ड का प्रयोग विभिन्न सेवाओं वेबसाइट और ऐप में ना करें, अनजान व्यक्तियों से प्राप्त वीडियो कॉल को रिसीव ना करें, अपने निजी और बैंकिंग डिटेल्स को किसी के साथ फोन या ईमेल पर एसएमएस के जरिए शेयर ना करें, फ्री वाई-फाई का इस्तेमाल करने से बचें तथा शॉपिंग और बैंकिंग के लिए इसका इस्तेमाल कदापि न करें। साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन नम्बर-1930 सहित विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों यथा- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया ।

# किसान मोर्चा ने किया विद्युत विभाग पर प्रदर्शन

**● विधेयक रद्द करने सहित कई मांगों का ज्ञापन सौंपा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** अखिल भारतीय संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को बड़ी संख्या में किसानों ने विद्युत वितरण प्रखंड भदोही के अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने बिजली व्यवस्था से जुड़े मुद्दों तथा नए विधेयकों के विरोध में अपनी मांगें उठाते हुए ज्ञापन सौंपा। किसानों ने विद्युत विधेयक 2025 को रद्द किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई। उनका कहना था कि इस विधेयक से न तो उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा और न ही किसानों को, बल्कि बिजली महंगी होने से आम जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगी बिजली के कारण कई घरों में अंधेरा छा सकता है। किसानों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में अन्य प्रमुख मांगें शामिल रहीं जिसमे स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया बंद की जाए,रबी फसल की सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति दिन में सुनिश्चित की जाए,पुराने एवं जर्जर तारों तथा खंभों को बदला जाए,बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों को स्थायी किया जाए,बीज विधेयक 2025 को रद्द किया जाए तथा खेती को कार्पोरेट नियंत्रण से मुक्त रखा जाए। किसान नेताओं ने कहा कि उनकी मांगें पूरी तरह जनहित से जुड़ी हैं और इन पर शीघ्र कार्रवाई आवश्यक है। प्रदर्शन के दौरान इंद्र देव पाल, जगन्नाथ मौर्या, अमृतलाल मौर्य, अमृत, रामचन्द्र पटेल, रामजीत यादव, केशव प्रसाद, ज्ञान प्रकाश प्रजापति, बनारसी सोनकर, हृदय लाल यादव, ज्वाला प्रसाद, सालिक राम यादव, सुशील कुमार श्रीवास्तव, श्रीराम बिंद, मिवाई लाल, सुशीला श्रीवास्तव, भूलाल पाल, सोहन सहित अनेक किसान उपस्थित रहे। किसानों ने चेताया कि यदि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को आगे और तेज किया जाएगा।

# गोपीगंज में 'न्यू लाइफ मेडिकेयर क्लिनिक' का शुभारंभ

**● ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी सुलभ व आधुनिक दिशा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोपीगंज।** ग्रामीण क्षेत्र को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने की दिशा में गोपीगंज में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए न्यू लाइफ मेडिकेयर क्लिनिक का भव्य उद्घाटन किया गया। हाजी कारी इमाम गुलाम मुर्तुजा ने नियाज़ के बाद फीता काटकर क्लिनिक का शुभारंभ किया। उद्घाटन के अवसर पर मुफ्त स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ उठाया। क्लिनिक का संचालन डॉ. सगूफा अख्तर बी.यू.एम.एस., जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय, नई दिल्ली करेंगी, जो स्त्री रोग, जनरल फिज़िशियन एवं सर्जरी के क्षेत्र में अनुभव रखती हैं। उन्होंने बताया कि क्लिनिक का उद्देश्य ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में आधुनिक, सुलभ तथा किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। कई महिलाओं ने कहा कि क्षेत्र में महिला चिकित्सक की उपलब्धता से उन्हें काफी सुविधा और राहत मिलेगी, क्योंकि परामर्श में अब झिझक नहीं होगी। स्थानीय लोगों ने क्लिनिक के संचालन को गोपीगंज की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए सकारात्मक कदम बताया। उद्घाटन कार्यक्रम में डॉ. आशुतोष पांडे, डॉ. आर.के. बिंद, डॉ. विजय गौतम, डॉ. असलम अंसारी, डॉ. बदरूदजमा, डॉ. आशुतोष यादव, डॉ. नंदलाल, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. शगुफ्ता अख्तर, डॉ. मुकेश, डॉ. स्वप्निल सिंह, माबूद खान, मोहम्मद सोनू समेत कई लोग मौजूद रहे।

# उपकेंद्र पाली बंद होने से 20 गांवों के 1200 किसान परेशान, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**भदोही।** साधन सहकारी समिति ज्ञानपुर के उपकेंद्र पाली के बंद होने से क्षेत्र के लगभग 20 गांवों के करीब 1200 किसान भारी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। किसानों ने सोमवार को जिलाधिकारी भदोही को ज्ञापन सौंपकर उपकेंद्र को पुनः चालू कराने की मांग की। किसानों ने बताया कि पाली उपकेंद्र वर्षों से न्याय पंचायत और वारी न्याय पंचायत के किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराता रहा है। लेकिन लंबे समय से उपकेंद्र बंद रहने के कारण किसानों को खाद समय से नहीं मिल पा रहा है, जिससे खेती प्रभावित हो रही है। किसानों को अब 15 किलोमीटर दूर अन्य केंद्रों से खाद लाना पड़ रहा है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ गए हैं। ज्ञापन में ग्राम सभा पाली द्वारा किसान सेवा सहकारी समिति के पक्ष में भूमि आवंटित होने का भी उल्लेख किया गया है। गाटा संख्या 398, रकबा 0.053 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित होने के बावजूद अभी तक समिति को भूमि का नामांतरण नहीं मिल सका है। किसानों ने जिलाधिकारी से निवेदन किया कि उपकेंद्र पाली को तत्काल प्रभाव से पुनः चालू कराया जाए, ताकि क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को राहत मिल सके और उन्हें खाद-बीज के लिए भटकना न पड़े।

# भटकी हुई मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को पुलिस ने घर पहुँचाया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए भदोही पुलिस ने एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुँचाकर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। घटना 06 दिसंबर की रात करीब 10 बजे की है, जब पीआरवी 7673 को सूचना मिली कि थाना औराई क्षेत्र के भगवानपुर गांव में एक आंशिक रूप से विचलित महिला भटक कर पहुंच गई है। सूचना मिलते ही पीआरवी टीम तत्काल मौके पर पहुँची और महिला को सुरक्षित मिशन शक्ति केंद्र, औराई ले जाया गया। वहां तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने धैर्यपूर्वक व सहजता से बातचीत कर उसके परिजनों का पता लगाया। महिला के परिजन ग्राम सागरपुर बवई, थाना सुरियावां निवासी हैं। वे तत्काल औराई आने में असमर्थ थे, ऐसे में पुलिस टीम ने स्वयं महिला को उसके घर पहुंचाकर परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर दिया। महिला को सुरक्षित घर पहुंचाने की यह संवेदनशील पहल परिजन ही नहीं, बल्कि आमजनमानस द्वारा भी खूब सराही जा रही है। पुलिस अधीक्षक भदोही श्री अभिमन्यु मांगलिक ने भी पुलिस टीम की तत्परता और मानवीय कार्य की सराहना की।

# भटकी हुई मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को पुलिस ने घर पहुँचाया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए भदोही पुलिस ने एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुँचाकर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। घटना 06 दिसंबर की रात करीब 10 बजे की है, जब पीआरवी 7673 को सूचना मिली कि थाना औराई क्षेत्र के भगवानपुर गांव में एक आंशिक रूप से विचलित महिला भटक कर पहुंच गई है। सूचना मिलते ही पीआरवी टीम तत्काल मौके पर पहुँची और महिला को सुरक्षित मिशन शक्ति केंद्र, औराई ले जाया गया। वहां तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने धैर्यपूर्वक व सहजता से बातचीत कर उसके परिजनों का पता लगाया। महिला के परिजन ग्राम सागरपुर बवई, थाना सुरियावां निवासी हैं। वे तत्काल औराई आने में असमर्थ थे, ऐसे में पुलिस टीम ने स्वयं महिला को उसके घर पहुंचाकर परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर दिया। महिला को सुरक्षित घर पहुंचाने की यह संवेदनशील पहल परिजन ही नहीं, बल्कि आमजनमानस द्वारा भी खूब सराही जा रही है। पुलिस अधीक्षक भदोही श्री अभिमन्यु मांगलिक ने भी पुलिस टीम की तत्परता और मानवीय कार्य की सराहना की।




# किसान मोर्चा ने किया विद्युत विभाग पर प्रदर्शन

**●विधेयक रद्द करने सहित कई मांगों का ज्ञापन सौंपा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** अखिल भारतीय संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को बड़ी संख्या में किसानों ने विद्युत वितरण प्रखंड भदोही के अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने बिजली व्यवस्था से जुड़े मुद्दों तथा नए विधेयकों के विरोध में अपनी मांगें उठाते हुए ज्ञापन सौंपा। किसानों ने विद्युत विधेयक 2025 को रद्द किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई। उनका कहना था कि इस विधेयक से न तो उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा और न ही किसानों को, बल्कि बिजली महंगी होने से आम जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगी बिजली के कारण कई घरों में अंधेरा छा सकता है। किसानों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में अन्य प्रमुख मांगें शामिल रहीं जिसमे स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया बंद की जाए,रबी फसल की सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति दिन में सुनिश्चित की जाए,पुराने एवं जर्जर तारों तथा खंभों को बदला जाए,बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों को स्थायी किया जाए,बीज विधेयक 2025 को रद्द किया जाए तथा खेती को कार्पोरेट नियंत्रण से मुक्त रखा जाए। किसान नेताओं ने कहा कि उनकी मांगें पूरी तरह जनहित से जुड़ी हैं और इन पर शीघ्र कार्रवाई आवश्यक है। प्रदर्शन के दौरान इंद्र देव पाल, जगन्नाथ मौर्या, अमृतलाल मौर्य, अमृत, रामचन्द्र पटेल, रामजीत यादव, केशव प्रसाद, ज्ञान प्रकाश प्रजापति, बनारसी सोनकर, हृदय लाल यादव, ज्वाला प्रसाद, सालिक राम यादव, सुशील कुमार श्रीवास्तव, श्रीराम बिंद, मिवाई लाल, सुशीला श्रीवास्तव, भूलाल पाल, सोहन सहित अनेक किसान उपस्थित रहे। किसानों ने चेताया कि यदि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को आगे और तेज किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कर्नल अमित भार्गव ने झण्डा दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी को लगाया प्रतीक झण्डा



**जिलाधिकारी ने स्वैच्छिक अंशदान देकर धन संग्रह का किया शुभारम्भ।**

**प्रयागराज** – सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर कार्यालय द्वारा समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा को कर्नल अमित भार्गव (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, प्रयागराज ने प्रतीक झण्डा लगाया तथा जिलाधिकारी ने स्वैच्छिक अंशदान देकर धन संग्रह का शुभारम्भ किया एवं समस्त जनपद वासियों/सभी अधिकारियों से देश की सुरक्षा एवं अखण्डता की रक्षा के लिये अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों की वीरांगनाओं, अपंग सैनिकों व भूतपूर्व सैनिकों के सहायतार्थ इस राष्ट्रीय कार्य में दिल खोलकर अधिक से अधिक दान देने की अपील की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा निदेशालय सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उ0प्र0, लखनऊ द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया गया। यह जानकारी जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल अमित भार्गव (अ0प्रा0), प्रयागराज ने दी है।

### ट्रेनिंग सेंटर में फ्री ब्यूटीशियन एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम का शुभारंभ




**नैनी प्रयागराज।** इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर में सोमवार को फ्री ब्यूटीशियन एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है। उद्घाटन समारोह के दौरान बताया गया कि प्रशिक्षण अवधि में प्रतिभागियों को ब्यूटीशियन ट्रेनिंग किट प्रदान की जाएगी (किट किन्जायेंगी), जिसमें सभी आवश्यक उपकरण एवं सामग्री शामिल हैं।साथ ही प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाण पत्र (Certificate) भी दिया जाएगा / किन्जायेंगे, जो भविष्य में रोजगार और उद्यम शुरू करने में सहायक होगा। वक्ताओं ने कहा कि कौशल आधारित प्रशिक्षण से महिलाएँ आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी और स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को नई दिशा मिलेगी।कार्यक्रम में संस्था के प्रबंधक, प्रशिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की।

### बिजली बिल राहत शिविर, मे लगातार उपभोक्ता करा रहे पंजीकरण



**नैनी, प्रयागराज।** बिजली बिल राहत योजना 2025 के तहत धनुआ पावर हाउस के टीजी डब्ल्यू-2 की ओर से सोमवार को मामा-भांजा चौराहे के समीप विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में स्थानीय नागरिकों को सरकार की बिजली बिल राहत योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उन्हें योजना का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया गया। शिविर का संचालन कर रहे टीजी-2 के रंजन कुमार यादव ने बताया कि लोगों में योजना को लेकर उत्साह और जागरूकता देखने को मिली। उन्होंने कहा कि कैंप के दौरान बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण कराया जिससे उन्हें भविष्य में बिजली बिल में मिलने वाली राहत का सीधा लाभ प्राप्त होगा। कैंप के सफल संचालन में लाइनमैन संजय पटेल, मंगल, राजेंद्र, सुजित, पंकज सहित अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी सरलता से उपलब्ध कराने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं।

# बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के कार्यालय सहित कई आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर

**●कई महीनो के अंतराल में वितरित होता है पुष्टाहार।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शंकरगढ़ (प्रयागराज)।** विकासखंड शंकरगढ़ में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति चिंता बढ़ाने वाली है। कुल 16515 लाभार्थियों को सेवाएं देने के लिए बने 158 केंद्रों में से अधिकांश केंद्र या तो भवनविहीन हैं, या जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हैं। कई केंद्र खुले आसमान के नीचे या स्कूलों में चल रहे हैं, जबकि कुछ स्थानों पर कार्यकत्रियों के घर ही केंद्र बन गए हैं। शंकरगढ़ विकासखंड में धात्री महिला - 1039, गर्भवती महिला - 1186,0-6 माह के शिशु - 1076,6 माह-3 वर्ष के बच्चे - 7142,3-6 वर्ष के बच्चे - 6072, तथा कुपोषित बच्चे - 155 पंजीकृत हैं। इतनी बड़ी संख्या में लाभार्थी होने के बावजूद आधारभूत व्यवस्थाएं बेहद खस्ता हैं। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों को संचालित करने वाले शंकरगढ़ में स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय पर पूरी तरह जर्जर है। इसकी छत कब गिर जाय कोई नहीं जानता। कार्यालय के बाहर हर माह दिए जाने वाले अनुपूरक पुष्टाहार और रेसिपी बेस्ड पुष्टाहार का बोर्ड तो लगा है लेकिन इसके अनुरूप तो पुष्टाहार नहीं



मिल रहा है। पूछने पर बताया गया कि हर महीने नहीं आता। जब आता है तो दिया जाता है। सरकार द्वारा बच्चों और गर्भवती महिलाओं पर इतना बजट खर्च करने के बावजूद कुछ जगह 3 महीने और 4 महीने में तो कुछ जगह कम मात्रा देने की शिकायत भी मिली हैं। सामग्री बांटने वाले समूह का कहना है कि हर महीने नहीं आता। जिस महीने आता है सबको दिया जाता है।

**भवन जर्जर, छत गिरने का खतरा**

158 में से केवल 54 केंद्रों के भवन बाल विकास परियोजना के हैं, जबकि बाकी या तो स्कूलों में चल रहे हैं या किसी के घर पर। विभागीय भवनों में भी हालात बेहतर नहीं हैं। केवल 20 भवन ही केंद्र संचालन योग्य बचे हैं, जबकि अधिकांश भवनों की छतों में गहरी दरारें पड़ गई हैं। कर्मचारियों ने विभाग को कई बार पत्र लिखकर भवन मरम्मत की मांग की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्वयं शंकरगढ़ बाल विकास परियोजना कार्यालय भी जर्जर अवस्था में है।किसी भी सेवा वाहन कि समुचित व्यवस्था नहीं है।शंकरगढ़ बाल विकास परियोजना कार्यालय में केवल एक चपरासी है। और एक चपरासी के सहारे ही पूरा बाल विकास कार्यालय संचालित हो रहा है जबकि सुपरवाइजर के 2 पद रिक्त और सफाईकर्मी की भी नियुक्ति नहीं

**प्रशासन की उदासीनता से बच्चों और महिलाओं का भविष्य खतरे में**

शंकरगढ़ क्षेत्र में हजारों बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा का दायित्व आंगनबाड़ी केंद्रों पर है, लेकिन जब केंद्रों की छतें ही गिरने की कगार पर हों, तो व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। स्थानीय लोग और कर्मचारी सरकार और विभाग से मांग कर रहे हैं कि जर्जर भवनों का तुरंत ध्वस्तीकरण व नए भवनों का निर्माण हो । परियोजना कार्यालय को सुरक्षित भवन उपलब्ध कराया जाए। एवं रिक्त पदों पर नियुक्ति हो।पुष्टाहार समय से उपलब्ध कराया जाए । शंकरगढ़ में आंगनबाड़ी व्यवस्था की यह बदहाल तस्वीर बताती है कि विकासखंड शंकरगढ़ में पोषण और मातृ-शिशु कल्याण जैसी संवेदनशील सेवाएं जोखिम में हैं।

# बड़ोखर में आयोजित चतुर्थ विशाल पर्वतारोहण स्पर्धा कार्यक्रम सम्पन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोराव, प्रयागराज।** प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों की सुरक्षा व संवर्धन तथा पर्यटन विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को लेकर आयोजित चतुर्थ विशाल पर्वतारोहण स्पर्धा कार्यक्रम बड़ोखर में कृषक शान्ति निकेतन इण्टर कालेज से शुरू होकर बड़ोखर पहाड़ पर स्थित तालाब पर बच्चों को प्रशस्ति प्रमाणपत्र वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। पर्वतारोहण से पूर्व आयोजित पर्यावरण, पर्यटन व धरोहरों पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दर्जनों स्कूल के सैकड़ों बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चों का ज्ञानबर्धन करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कैमूर पहाड़ी की तलहटी में स्थित कोरांव तहसील क्षेत्र के बड़ोखर ग्राम पंचायत में पर्यटन की देश के लिए असीम संभावनाएं हैं। यहां कैमूर पहाड़ी पर स्थित तालाब और जीर्ण शीर्ण अवस्था में मंदिर पर्वत के ऊपर अपनी प्राचीनता का जहां संदेश दे रहा है, वही देश के विकास से जुड़ी बेलन नदी घाटी सभ्यता को भी सुशोभित कर रहा है। यहां जरूरत है देश और प्रदेश की सरकार को इसकी ऐतिहासिकता और पौराणिकता तथा प्राकृतिक धरोहरों को संजोने की और इसे विकसित करने की जिससे मध्य प्रदेश के



सीमा से सटे हुए इस क्षेत्र का भी संपूर्ण विकास हो सके। वक्ताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बड़ोखर ग्राम पंचायत को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता भी जताई है। इस दौरान पर्यावरण पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए नाटक एकांकी के माध्यम से पर्यावरण स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया और प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम को प्रमुख रूप से पूर्व विधायक राम कृपाल कोल, गांव की नई आवाज़ के सम्पादक विजय चितौरी, वरिष्ठ पत्रकार राम लखन गुप्त, प्राचार्य डॉ मो0 शाबिर अली, पृथ्वी पाल सिंह, लखन प्रतापगढ़ी, नरेंद्र प्रताप सिंह, धीरज सिंह, किसान नेता लल्लन सिंह पटेल, सहित कई वक्ताओं ने पर्यावरण संतुलन के प्रति संदेश दिया। इस अवसर पर कवि पत्रकार जगदम्बा प्रसाद शुक्ल, फूल चन्द्र सिंह, लक्ष्मी नरायण पाल, कमलेश सिंह, सत्यम केसरी, सुनील केसरी, धर्मवीर कुशवाहा, आशिफ खान, अखिलेश सिंह, महिला प्रकोष्ठ की सुषमा विश्वकर्मा, सुमन शुक्ला, मनोकामना पाण्डेय सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। पर्वतारोहण स्पर्धा के दौरान शिवम् अक्षयवट मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल नैनी की तरफ़ से उपलब्ध कराई गई मेडिकल सुविधाएं आक्सीजन दवाइयां, एम्बुलेंस के साथ डॉ प्रखर राय, आनन्द पाण्डेय, प्रियंका आदित्य व जितेन्द्र मिश्र उपस्थित रहे। पर्वतारोहण कार्यक्रम के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह एवं आयोजक सुरेश कुमार कुशवाहा ने कार्यक्रम के मूल उद्देश्य से परिचित कराते हुए आगत अतिथियों का स्वागत किया और पर्वतारोहण की इस मुहिम को लगातार आगे बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पर्वतारोहण कार्यक्रम आने वाले समय में देश के लिए नजीर बनेगा और पर्यावरण संरक्षित करने की एक नई मुहिम की शुरुआत मानी जाएगी। पर्वतारोहण कार्यक्रम में बच्चे कार्यक्रम स्थल से पर्वत के ऊपर तालाब के पास जाकर ध्वजारोहण करते हैं और पर्यावरण की रक्षा करने के लिए संकल्प भी लेते हैं। यह कार्यक्रम विगत 4 वर्षों से अनवरत आयोजित हो रहा है। जिसमें लगातार क्षेत्र के लोगों की भागीदारी बढ़ रही है।

# प्रयागराज मण्डल में मनाया गया डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का 70वां महापरिनिर्वाण दिवस

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज** – प्रयागराज मण्डल कार्यालय के संकल्प सभागार में मण्डल रेल प्रबंधक, रजनीश अग्रवाल की अध्यक्षता में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का 70वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया । इस कार्यक्रम में अपर मण्डल रेल प्रबंधक/सामान्य, दीपक कुमार, वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी, वैभव कुमार गुप्ता, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी सहित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति रेलवे कर्मचारी एसोशिएशन और अन्य पिछड़ा वर्ग रेलवे कर्मचारी एसोशिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे । मण्डल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की । मण्डल रेल प्रबंधक, रजनीश अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि 6 दिसंबर 1956 को डॉ. अंबेडकर ने इस संसार से विदा ली, परंतु




उनके विचार, उनका संघर्ष और उनकी अमर शिक्षाएँ आज भी हम सभी को सही दिशा दिखाती हैं । उन्होने भारतीय लोकतंत्र की नींव समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर रखी थी । समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुँचाना उनकी सोच का केंद्र था । डॉ. अंबेडकर ने कहा था 'मनुष्य महान अपने जन्म से नहीं, बल्कि अपने कर्मो से बनता है।' अतः हम सब समता और सदभाव की भावना को अपने कार्यस्थल पर सर्वोच्च प्राथमिकता दें, किसी भी प्रकार के भेदभाव, अनुचित व्यवहार या असमानता को न केवल अस्वीकार करें बल्कि उसके विरुद्ध दृढ़ता से खड़े हों । डॉ. अंबेडकर की शिक्षा 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' को अपना मार्गदर्शन सिद्धांत बनाए रखें ।

इस अवसर पर वरिष्ठ विधि अधिकारी/प्रयागराज मण्डल, लक्ष्मी प्रसाद जी ने इस अवसर पर अपने विचार रखते हुये कहा कि महापरिनिर्वाण का अर्थ है मृत्यु के बाद उपरांत मुक्ति अर्थात जन्म और मृत्यु के चक्र से सदा के लिए मुक्ति मिलना, जो बौद्ध धर्म में एक परम अवस्था है । डॉ. भीमराव अंबेडकर जी प्रसिद्ध राजनीतिक नेता, दार्शनिक, लेखक, अर्थशास्त्री, न्यायविद्, बहु-भाषाविद्, धर्म दर्शन के विद्वान और एक समाज सुधारक थे, जिन्होंने भारत में अस्पृश्यता और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया । इस कार्यक्रम में कार्यालय अधीक्षक, आनंद जयसवार एवं मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के मुख्य कार्यालय अधीक्षक/कर्मिक, अविनाश चंद्र ने भी अपने विचार रखे । महापरिनिर्वाण दिवस के इस कार्यक्रम का संचालन वेल्फेयर इंस्पेक्टर, अंजलि गुप्ता ने किया ।

# घूरपुर-प्रतापपुर मार्ग - डीएम ने कहा था 15 दिन... लेकिन 30 दिन बाद भी सड़क पर एक गिट्टी तक नहीं पड़ी

**●गांव का सवालः जांच नहीं हुई... तो काम क्यों रुका है? और अगर जांच हुई... तो काम शुरू क्यों नहीं?**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** यमुनानगर क्षेत्र के बारा तहसील अंतर्गत घूरपुर से प्रतापपुर मार्ग का निर्माण कार्य लगभग दो महीने पहले शुरू हुआ था। 26 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस 28-30 किलोमीटर लंबी सड़क ने शुरुआत में ही उम्मीद जगाई थी कि अब इस क्षेत्र के 60 गांवों और करीब दो लाख लोगों की जिंदगी आसान हो जाएगी। लेकिन जैसे-जैसे काम आगे बढ़ा, सड़क की हालत देखकर लोगों का भरोसा टूटता गया। जहां आरसीसी डाली गई थी, वह कुछ ही दिनों में उखड़ने लगी। गिट्टी ठीक से दबाई नहीं गई, लेवलिंग अधूरी, मिक्सिंग कमजोर और सड़क का आधा हिस्सा वहीं का वहीं धूल और पत्थरों का मैदान बन गया। जैसे किसी ने सड़क नहीं, बनावटी विकास की परत बिछाई हो। जब निर्माण में घटिया सामग्री और खराब गुणवत्ता देखकर जनता का गुस्सा बढ़ा, तभी जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष वर्मा ने आदेश दिया था कि 15 दिन के भीतर सड़क की पूरी जांच कराई जाए और उसके बाद तुरंत काम शुरू किया जाए, ताकि सड़क



सुरक्षित और सही गुणवत्ता में पूरी हो सके। लेकिन अब 15 दिन नहीं, पूरा एक महीना गुजर चुका है—सड़क पर कोई काम नहीं हुआ है। न एक गिट्टी डाली गई, न एक रोलर चला, न कोई मजदूर दिखाई दिया। सड़क वही की वही पड़ी है, बल्कि अब और खराब हो रही है। लोग रोज इसी रास्ते से गुजरते हैं और हर कदम पर यही महसूस करते हैं कि विकास का सपना धूल में मिल चुका है। अब ग्रामीणों के मन में सिर्फ सवाल हैं—जांच आखिर हो क्यों नहीं रही? यदि जांच नहीं हो पाई तो काम को यूं अधर में क्यों छोड़ दिया गया? और अगर जांच पूरी हो चुकी है तो काम दोबारा शुरू क्यों नहीं हो रहा? सड़क जितनी प्रशासन के लिए जरूरी है, उतनी ग्रामीणों के लिए भी। इस रास्ते से प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, पुलिस, एम्बुलेंस, बच्चे, महिलाएं—हर कोई गुजरता है। फिर भी निर्माण कार्य पर कोई हलचल दिखाई नहीं देती।

सड़क की सबसे बुरी हालत यह है कि जहां आरसीसी की परत उखड़ चुकी है, वहां नुकीले पत्थर बाहर आ गए हैं। बाइक सवार किसी भी समय गिर सकते हैं। बरसात में कीचड़ गड्ढों को तालाब बना देता है। धूल इतनी उड़ती है कि दस कदम दूर चलता आदमी नज़र नहीं आता। बच्चे स्कूल जाने में रोज गिरते हैं। बुजुर्ग डगमगाते कदमों से किसी तरह गड्ढों को पार करते हैं। महिलाएं पानी भरने या खेतों की ओर जाते समय धूल से परेशान हो जाती हैं। यह सड़क अब लोगों के लिए रास्ता नहीं, रोज का जोखिम बन चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फ अधूरी सड़क नहीं, बल्कि प्रशासन की वादाखिलाफी और विभाग की लापरवाही की जीती-जागती मिसाल है। डीएम ने खुद कहा था—15 दिन। लेकिन आज 30 दिन से अधिक हो गए और हालात सुधरने के बजाय बदतर हो रहे हैं। लोग पूछते हैं—क्या जांच की फाइल कहीं अटकी हुई है? क्या रिपोर्ट आ नहीं रही? या फिर जांच के नाम पर सड़क को यूं ही छोड़ दिया गया है? ग्रामीणों का कहना है कि अगर दो महीने की शुरुआत में ही सड़क यह हाल दिखाएगी तो पूरी होने पर इसका क्या भरोसा? यह सड़क 60 गांवों की जीवनरेखा है, लेकिन आज यह धूल, गिट्टी, गड्ढों और टूटे हुए विश्वास की लंबी पट्टी बनकर पड़ी है। अंत में गांव की एक ही आवाज़ है—हमें जांच की खबरें नहीं चाहिए, हमें सड़क चाहिए। मजबूत, पूरी और सुरक्षित सड़क। लोग कहते हैं—हमने इंतजार किया, भरोसा किया, उम्मीद भी की... लेकिन अब सिर्फ एक सवाल बचा है—क्या यह सड़क कभी बनेगी या हमारी जिंदगी की तरह यह भी गड्ढों में ही फंसी रह जाएगी?

# काशी तमिल संगमम् के तृतीय दल के सदस्यों का महापौर एवं एमएलसी ने भव्य स्वागत किया

**● प्रधानमंत्री ने भारत की सांस्कृतिक एकता को एक माला में पिरोने का काम किया है महापौर।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** ''काशी तमिल संगम'' कार्यक्रम के तृतीय दल के सदस्यों का सोमवार को जनपद प्रयागराज आगमन पर महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी एवं नगर मजिस्टेªट विनोद कुमार सिंह के द्वारा तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर टीम के सदस्यों का भव्य रूप से स्वागत किया गया। तृतीय दल में लगभग 200 सदस्य प्रयागराज आयें। इस अवसर पर संगम क्षेत्र के वीआईपी घाट के पास आयोजित कार्यक्रम में मा0 महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, विधान परिषद सदस्य श सुरेन्द्र चौधरी के द्वारा दल के टीम लीडर को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा गंगा जल भेंट किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अभिलेखागार एवं राजकीय पांडुलिपि पुस्तकालय द्वारा अभिलेख एवं पांडुलिपियों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी, जिसमें कागज तथा ताड़पत्र के पौराणिक ग्रंथो के प्रदर्श विशेष आकर्षण



का केंद्र रहे। इस अवसर पर एन0सी0जेड0सी0सी0 द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी की गयी।

इस अवसर पर महापौर ने लोगो का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने भारत की सांस्कृतिक एकता को गतिशीलता, मजबूती प्रदान करने, भारत की भिन्न-भिन्न संस्कृतियों को एक माला में पिरोने के लिए काशी तमिल संगमम् यात्रा का आयोजन किया है। आप लोगो को इस यात्रा में काशी, प्रयागराज की संस्कृति के साथ भारत की इस वैभवशाली परम्परा को देखने का अवसर प्राप्त हुआ है। तमिल और हिंदी के साहित्यकारों ने भारत की संस्कृति को सेतु के रूप में बांधने का काम किया है। तमिल साहित्यकार भारतीय जी, नगराजन जी, पूज्यसंत तिरूवल्लुवर जी, जिन्होंने जीवन के मर्म को लिखने का काम किया है, ठीक उसी प्रकार से दोहो में हमारे उत्तर भारत के संत तुलसीदास जी, सूरदास जी, कालीदास जी के ग्रंथों को अवलोकन करने के बाद सबका सार एक जैसा ही है, सबने अपनी-अपनी भाषाओं में भारत के जीवन का सार लिखने का कार्य किया है। यही भारत की शक्ति है। उन्होंने कहा कि हमारी पुरातम संस्कृति में कभी भाषा का विवाद एवं जातीयता का उन्माद नहीं रहा। हमारी संस्कृति में ''वसुधैव कुटुम्बकम'' के मंत्र को आत्मसात करते हुए पूरे विश्व के कल्याण की कामना करता है। काशी तमिल संगमम् टीम के सदस्यों को सुसज्जित नावों के द्वारा वीआईपी घाट से संगम ले जाकर मां गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के संगम का अवलोकन/स्नान कराया गया तथा तीर्थराज प्रयागराज के महत्व के बारे में बताया गया। संगम क्षेत्र के अद्भुत एवं मनोहारी दृश्य देखकर सदस्यगण मंत्रमुग्ध हो गये। सदस्यगणों के द्वारा संगम क्षेत्र में वीआईपी घाट पर बनाये गये सैण्ड आर्ट का अवलोकन किया गया। संगम क्षेत्र कार्यक्रम के पश्चात काशी तमिल संगमम् टीम के सदस्यगणों ने लेटे हनुमान जी का दर्शन एवं पूजन किए। इसके उपरांत टीम के सदस्य शंकर विमान मण्डपम मंदिर, स्वामी नारायण मंदिर भी गये। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी के द्वारा किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में नगर मजिस्टेªट श्री विनोद कुमार सिंह एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों के द्वारा काशी तमिल संगमम् यात्रा के दूसरे दल के सदस्यों की यात्रा को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराया गया।

# खाक चौक विवाद सुलझाः संतों-प्रशासन की बातचीत के बाद भूमि पूजन

**●माघ मेला में खाक चौक को उसके पारंपरिक स्थान पर बसाने की तैयारी**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र में खाक चौक की बसावट को लेकर उपजा विवाद आखिरकार रविवार को संतों और मेला प्रशासन की लंबी एवं गंभीर बातचीत के बाद शांत हो गया। खाक चौक व्यवस्था समिति के प्रधानमंत्री जगदगुरू संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा ने दोपहर बाद मंत्रोच्चार के बीच अपने पारंपरिक शिविर स्थल पर भूमि पूजन कर परंपरा के निर्वाह का संदेश



दिया। भूमि पूजन ने साफ संकेत दे दिया कि अब खाक चौक के साधु-संतों के लिए धार्मिक परंपरा के अनुरूप भूमि आवंटन का मार्ग खुल चुका है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सोमवार से शिविरों के लिए जमीन आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। माघ मेला में खाक चौक का महत्व अत्यंत विशिष्ट माना जाता है। यहीं पर साधु-संत वर्षों से तप, साधना और प्रवचन की अपनी प्राचीन परंपरा निभाते आए हैं। हालांकि हर वर्ष गंगा की धारा, कटान और भूगोल में परिवर्तन से मेला क्षेत्र प्रभावित होता रहा है, लेकिन खाक चौक की बसावट हमेशा धार्मिक मर्यादा के अनुरूप ही निर्धारित की जाती है। यही वजह है कि संतों का आग्रह था कि उन्हें वही स्थान मिले जो सदियों से उनके अखाड़ों और परंपराओं के अनुकूल रहा है। मेला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष गंगा और संगम क्षेत्र में कटान अधिक होने के कारण कई हिस्सों का पुनर्विन्यास करना पड़ा है। एसडीएम विवेक शुक्ला ने कहा कि फिर भी प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि खाक चौक को यथासंभव उसी पारंपरिक क्षेत्र में स्थापित किया जाए, जहां त्रिवेणी के दक्षिण से अक्षयवट के उत्तर तक इसकी ऐतिहासिक बसावट होती आई है।

# नैनी थाने में मालखाने से लाइसेंसी रिवाल्वर गायब, मुंशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली मालखाना में लाइसेंसी रिवाल्वर नहीं मिलने पर नैनी थाना प्रभारी ने बर्खास्त मुंशी राजेंद्र प्रसाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पूर्व में मालखाना से रखी गई लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की नकदी से लगभग 24 लाख रुपये पैसा गायब होने के मामले में इसी मुंशी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे जनवरी 2016 में जेल भेजा था। मालखाना के प्रभारी रहते हुए बर्खास्त मुंशी के समय लाखों रुपये गायब हो गया था। इसके बाद मालखाने का सील कर दिया गया था। प्रभारी निरीक्षण ब्रिज किशोर गौतम द्वारा दर्ज एफआईआर में बताया गया कि वर्ष 2007 में हत्या के मामले में दर्ज मुकदमें में पप्पू उर्फ रहमत अली निवासी एडीए कालोनी की लाइसेंसी रिवाल्वर जब्त करते हुए मालखाने में जमा कराया गया था। मुकदमें से बरी होने के बाद पप्पू द्वारा रिवाल्वर रिलीज कराने का लेकर न्यायालय में वाद दायर किया गया था। न्यायालय के आदेश पर सीलशुदा मालखाने का चार्ज हेड मोहर्रिर अशोक को देने के लिए टीम गठित की गई थी। इसमें सहायक पुलिस आयुक्त करछना अरूण कुमार त्रिपाठी, प्रवीण कुमार सिंह प्रतिसार निरीक्षक द्वितीय रिजर्व पुलिस लाइन व थाना प्रभारी नैनी ब्रिज किशोर गौतम थे। उक्त की मौजूदगी में मालखाने की सील खुलवाकर वीडियो ग्राफी के बीच रिवाल्वर की खोजा गया लेकिन उसका पता नहीं चला। इसपर बर्खास्त मुंशी से फोन पर बात की गई, लेकिन उसने आने में असमर्थता जताई। इसपर टीम द्वारा उसकी संदिग्धता पाये जाने पर बर्खास्त मुंशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया।

# बारा विधायक डॉ. वाचस्पति ने पुनरीक्षण में बीएलओ का सहयोग करने की अपील की

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बाद मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर बारा में प्रशासनिक सक्रियता चरम पर दिखाई दी। इसी क्रम में बारा विधायक डॉ. वाचस्पति ने अपनी पूरी विधानसभा की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेकर तहसील सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की, जिसमें पूरा प्रशासन मौजूद रहा। सभागार के अंदर माहौल बेहद गंभीर लेकिन विकासात्मक ऊर्जा से भरा था।उपजिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम, तहसीलदार रोशनी सोलंकी, नायब तहसीलदार विजय और राकेश यादव, तथा स्ढ्डक्रमें लगी पूरी तकनीकी और स्थलीय टीम एक-एक करके रिपोर्ट पेश करते रहे और विधायक डॉ. वाचस्पति हर बिंदु पर गहरी नजर रखते दिखे। विधायक ने साफ कहा कि मतदाता पुनरीक्षण केवल सरकारी कार्य नहीं, बल्कि जनता को उनके अधिकार से जोड़ने का सबसे बड़ा माध्यम है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त




नहीं की जाएगी। हर मतदाता का नाम सही-सही दर्ज हो उन्होंने पूरी टीम को स्पष्ट निर्देश दिए कि क्षेत्र के हर बूथ पर किस तरह की प्रगति चाहिए, कहाँ गति धीमी है, किस जगह पर विशेष निगरानी देनी है, हर बात जमीन से जुड़ी भाषा में समझाते हुए आगे का रोडमैप तय करवाया। विधायक बार-बार यह कहते भी सुने गए कि बारा विधानसभा की जनता ने उन्हें सेवा के लिए चुना है और वे हर कार्य में स्वयं निगरानी रखेंगे। समीक्षा बैठक के दौरान यह भी देखा गया कि डॉ. वाचस्पति जनता के हितों को लेकर कितने संवेदनशील हैं। उन्होंने टीम से कहा कि गाँव-गाँव जाकर बुजुर्ग,दिव्यांग, महिलाओं और नए मतदाताओं के नाम सुनिश्चित कराए जाएँ। हमारी विधानसभा का एक भी योग्य मतदाता छूटना नहीं चाहिए, यही हमारे क्षेत्र की ताकत है। विधायक डॉ. वाचस्पति ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एसआईआर का काम प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर जिस गति से काम कर रहे हैं, उससे बारा विधानसभा प्रदेश की सबसे सक्रिय और व्यवस्थित विधानसभा के रूप में आगे आएगी। बैठक में प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार निषाद श्यामू, मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी, ई. प्रकाश सिंह, संतोष जायसवाल, ओमप्रकाश मिश्रा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### विनोबा भावे विश्वविद्यालय की पूर्व डीन एवं दर्शनशास्त्र की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी शर्मा का निधन



**हज़ारीबाग, झारखंडः-** विनोबा भावे विश्वविद्यालय की पूर्व डीन रही एवं दर्शनशास्त्र की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी शर्मा का निधन गुड़गाँव, दिल्ली के एक अस्पताल में हो गया। दिनाँक 07 दिसम्बर 2025 को रात्रि 9:00 बजे उन्होंने अन्तिम सांसें ली। यह खबर पुरे शिक्षा जगत के लिए बहुत ही पीड़ादायक खबर है। कई दिनों से डॉ. रजनी शर्मा बीमार चल रही थी और उनका इलाज़ दिल्ली में चल रहा था। विनोबा भावे विश्वविद्यालय की पूर्व डीन रही एवं दर्शनशास्त्र की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी शर्मा के बी महिला महाविद्यालय में भी दर्शनशास्त्र की विभागाध्यक्ष रह चुकी हैं। उनके निधन से उनके परिवार के अलावा हज़ारीबाग के शिक्षा जगत में शोक की लहर है। उनके पति नरसिंह शर्मा (सेवानिवृत अधीक्षण अभियंता, बिजली बोर्ड) तीन पुत्री में अल्पना शर्मा पति सुधीर कुमार, वन्दना शर्मा पति मनोज कुमार, दीपिका शर्मा पति आशीष कुमार सहित पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अन्तिम संस्कार 09 दिसम्बर 2025 को दिल्ली में होगा।

### पेय जल की समस्या से बढ़ी ग्रामीणों की मुश्किलें

**इस ग्राम में कुल 3 नलकूप हैं, एक खराब जबकि दो से निकलता है पानी कम**



**पाकुड़िया, पाकुड, झारखंडः-** प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया से 12 किलोमीटर दूर ग्राम धर्मपुर में पेय जल की समस्या से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ती दिखीं। बताया जाता है कि पाकुड़िया प्रखण्ड अंतर्गत बनियापसार पंचायत के धर्मपुर गांव में कुल 80 घर मोहली समाज के लोग हैं और इस ग्राम में मात्र 3 नलकूप देखे गए। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि एक चापाकल खराब पड़ा है वहीं दूसरी ओर दोनों से बड़ी कठिनाई से पानी निकलता है। महिलाओं ने बताया कि बनियापसार ग्राम में पक्की पथ के निकट पेय आपूर्ति के लिए बड़ी टंकी का निर्माण किया गया है और गांव में पाइप भी बिछाया गया, परन्तु अब तक बड़ी जल टंकी से गांव में पानी की आपूर्ति कब की जाएगी, इसकी जानकारी लोगों को नहीं है। इस धर्मपुर गांव में खराब पड़े नलकूपों की मरम्मत पंचायत से करवा दी जाए तो पेय जल की सुविधा बेहतर हो सकती है। बताते चलें, इस ग्राम में सभी मोहली समाज के लोग हैं और इनका पेशा मुख्य रूप से सूप, डाला तथा बांस से बनी चीजें बनाकर बाजार में बेचने का है। कुछ लोग खेती भी करते हैं। ग्रामवासियों ने सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने की बात भी बताई। हालांकि ग्राम में अब तक 20-25 आवासों का निर्माण हो पाया है। जिनके पास राशन कार्ड है उन्हें राशन मिलता है। ग्राम तक पीसीसी सड़क बनी है और नए सिरे से गांव के दूसरे टोले में पीसीसी निर्माण का काम किया जा रहा है।

### चौपारण में आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन ने किया कंबल वितरण

**जरूरतमंदों के बीच बांटे गए 55 कंबल, अध्यक्ष ने पिता की स्मृति में निभाई सेवा**

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन द्वारा बीते दिन चौपारण ब्लॉक मैदान में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष बिनोद स्वर्णकार ने अपने दिवंगत पिता की स्मृति में 55 गरीब व वंचित लोगों के बीच कंबल वितरण कर सेवा का कार्य किया। जानकारी के अनुसार, कोरोना काल के बाद से पिछले पाँच वर्षों से संस्था लगातार असहाय, गरीब और वंचित परिवारों की मदद में सक्रिय है। हर वर्ष ठंड के मौसम में संस्था के सदस्य सहयोग से ऊनी वस्त्र और कंबल एकत्रित कर जरूरतमंदों तक पहुंचाते रहे हैं। अध्यक्ष बिनोद स्वर्णकार ने कहा, 'पिता की याद में आज यह सेवा कार्य किया। आगे भी समाज के वंचित वर्ग की सहायता के लिए ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे।' कार्यक्रम में फाउंडेशन के सदस्य हेमंत साहू, मनीष साहू, शशि शेखर, दिलीप राणा, बिजय यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## विधानसभा में उठा बसरिया आजीविका महिला ग्राम संगठन की बकाया अभिश्रव राशि का मुद्दा

**●बरही विधायक मनोज यादव ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से मांगा जवाब, मंत्री ने दिया जवाब**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने एक महत्वपूर्ण तारांकित प्रश्न उठाया। उन्होंने चौपारण प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बसरिया की स्वयं सहायता समूह बसरिया आजीविका महिला ग्राम संगठन से जुड़ा मुद्दा उठाया, जिन्हें कोविड-19 महामारी के दौरान रोकथाम एवं बचाव कार्यों के एवज में देय अभिश्रव राशि अब तक नहीं मिल पाई है। विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रश्न के माध्यम से सरकार से यह जानना चाहा कि क्या उक्त महिला ग्राम संगठन की कोविड-19 से संबंधित कार्यों की अभिश्रव राशि अब भी बकाया है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी पूछा कि क्या इस राशि के भुगतान के लिए हजारीबाग जिला उपायुक्त कार्यालय द्वारा पत्रांक-2898, दिनांक 31.12.2024 के माध्यम से आपदा प्रबंधन विभाग, रांची को पत्राचार किया गया है। साथ ही विधायक ने यह स्पष्ट करने की मांग की कि यदि दोनों तथ्यों की पुष्टि होती है तो सरकार कब तक बकाया राशि का भुगतान करेगी और यदि नहीं, तो इसके पीछे क्या कारण हैं। इस पर उत्तर देते हुए आपदा प्रबंधन विभाग के माननीय मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने दोनों तथ्यों को स्वीकारात्मक बताया। मंत्री ने सदन को अवगत कराया कि कोविड-19 के रोकथाम एवं बचाव से संबंधित भुगतान के संबंध में भारत सरकार के गृह मंत्रालय (आपदा प्रबंधन प्रभाग), नई दिल्ली द्वारा दिनांक 09.12.2022 के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 के पश्चात इस मद में राशि की विमुक्ति पर असहमति व्यक्त की गई है। हालांकि, मंत्री ने यह भी बताया कि जल राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड सरकार द्वारा झारखंड मिनरल बेयरिंग लैंड्स (कोविड-19 महामारी) मद के तहत भुगतान का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस संदर्भ में उपायुक्त, हजारीबाग को पत्रांक-28, दिनांक 10.01.2025 के माध्यम से आवश्यक निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। बताया गया कि इस प्रक्रिया के आलोक में आगे की कार्रवाई प्रशासनिक स्तर पर की जा रही है, ताकि संबंधित महिला ग्राम संगठन को उनके लंबित भुगतान के संबंध में उचित समाधान निकाला जा सके।

### कोलकाता से फूल, जयपुर से इत्र पहुँचेगा बाबा के दरबार

**रामगढ़ से आएगा बाबा का पावन शीश 22 दिसंबर को**

**हज़ारीबाग, झारखंडः-** हज़ारीबाग में आस्था और भक्ति का अनूठा संगम 22 दिसंबर को देखने को मिलेगा। श्री श्याम टाबरिया द्वारा आयोजित श्री श्याम समर्पण महोत्सव की तैयारियाँ ज़ोरों पर हैं। इस विशेष आयोजन में बाबा श्याम का पावन शीश रामगढ़ से विशेष रूप से लाया जाएगा, जिसके दर्शन को लेकर भक्तों में उत्साह देखा जा रहा है। महोत्सव में बाबा के राज-श्रृंगार के लिए कोलकाता से प्रीमियम फूल मँगवाए गए हैं, जिनसे भव्य पुष्प सजावट की जाएगी। वहीं जयपुर से इत्र मँगाकर पूरे परिसर को सुगंधित और दिव्य वातावरण देने की तैयारी की गई है। आयोजक श्री श्याम टाबरिया ने बताया कि पंडाल को लाइटिंग, पुष्प सजावट और धार्मिक प्रतीकों से विशेष रूप से अलंकृत किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण प्रसिद्ध भजन गायकों की प्रस्तुति होगी, जो श्याम भजनों से भक्ति संध्या को आध्यात्मिक रंग प्रदान करेंगे। आयोजन समिति के अनुसार, लगभग 2000 से अधिक श्याम भक्तों के शामिल होने की संभावना है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बैठने तथा प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने सभी श्याम प्रेमियों और शहरवासियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर बाबा श्याम के दिव्य दरबार का लाभ उठाएँ और उनका आशीर्वाद प्राप्त करें।

## एनएच-39 पर इंदिरा गांधी चौक के समीप सड़क में गड्ढा बना खतरा, प्रशासन तक नहीं पहुँची आवाज



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंडः-** रांची-डाल्टनगंज मुख्य मार्ग (एनएच-39) पर इंदिरा गांधी चौक के समीप हीरो शोरूम के सामने में सड़क के बीच बना बड़ा गड्ढा लोगों के लिए गंभीर खतरा बन गया है। रोड के लगभग आधे हिस्से में फैला यह गड्ढा हर समय दुर्घटना का कारण बन सकता है, लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन और राष्ट्रीय राज्य मार्ग के अधिकारी का ध्यान अब तक इस ओर नहीं गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग से प्रतिदिन भारी संख्या में बड़े ट्रक, बसें और छोटे वाहन गुजरते हैं। गड्ढा इतना गहरा है कि वाहन चालक अचानक इससे बचने के चक्कर में असंतुलित हो जाते हैं। बीते कुछ दिनों से इस गड्ढे के कारण कई बाइक सवार फिसलकर गिर चुके हैं, जबकि भारी वाहनों को भी बार-बार रुककर सावधानी से गुजरना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यह गड्ढा दिन व रात दोनों समय दुर्घटना की आशंका बढ़ा रहा है। ग्रामीणों और राहगीरों का कहना है कि सड़क के बीच बने इस खतरनाक गड्ढे को भरने में ज्यादा समय नहीं लगेगा, लेकिन उदासीनता के कारण समस्या दिन-ब-दिन और गंभीर होती जा रही है। यातायात का दबाव अधिक होने के कारण किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय जनता ने जिला प्रशासन और सड़क निर्माण विभाग से तुरंत कार्रवाई की मांग की है, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके और लोगों को सुरक्षित आवागमन मिल सके। फिलहाल, एनएच-39 पर यह खतरनाक गड्ढा हर गुजरने वाले वाहन चालक के लिए चिंता का विषय बन चुका है और इसके समाधान की जरूरत अब अत्यंत आवश्यक हो गई है।

## निर्माणाधीन टोरी फुट ओवरब्रिज का माकपा ने लिया जायज़ा

**● दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चिता के समक्ष अंतरात्मा की आवाज पर लिया फ़ैसला- सौरभ**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवाः** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के जिला सचिव रसीद मियाँ तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता व पंचायत समिति सदस्य अयुब ख़ान ने मंगलवार को निर्माणाधीन टोरी फुट ओवरब्रिज (एफओबी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद नेताओं ने रेलवे अधिकारियों पर डीआरएम के दिशा-निर्देशों की अनदेखी का गंभीर आरोप लगाया। अयुब ख़ान ने कहा कि डीआरएम द्वारा प्लेटफ़ॉर्म संख्या 5 के समीप सात नंबर रेल लाइन की सिफ्टिंग और ब्लॉक प्रदान करने का स्पष्ट निर्देश दिया जा चुका है, लेकिन संबंधित अधिकारी अब तक इसका पालन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे अधिकारियों की इसी लापरवाही के कारण फुट ओवरब्रिज का कार्य एक वर्ष से बाधित है और टोरी जंक्शन का विकास ठप पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि स्टेशन के दक्षिण-पश्चिम छोर पर हाई स्कूल, कॉलेज, अस्पताल तथा उत्तर की ओर शुक्रबाज़ार जाने वाले मार्ग के बीच आवागमन के लिए दिसंबर 2023 में एफओबी निर्माण शुरू हुआ था। लगभग एक वर्ष तक धीमी गति से काम चला, परंतु पिछले एक वर्ष से लाइन सिफ्टिंग-ब्लॉक प्रदान न किए जाने के कारण कार्य पूर्णतः रुका हुआ है। माकपा नेताओं का आरोप है कि संबंधित रेलवे अधिकारियों और गति शक्ति एजेंसी की मिलीभगत से यह परियोजना लंबे समय से अधर में है, जिससे रोज़ाना सैकड़ों यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। अयुब ख़ान ने कहा कि धनबाद डीआरएम जब भी निरीक्षण करते हैं, तब यात्री सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान और कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश देते हैं। इसके बावजूद टोरी रेलखंड के कुछ अधिकारी इन निर्देशों की अवहेलना कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे अधिकारियों की प्राथमिकता केवल कोयला ढुलाई और राजस्व बढ़ाने तक सीमित है, आम जनता की समस्या से उन्हें कोई मतलब नहीं। फ़ुटब्रिज का निर्माण बाधित होने से बुज़ुर्गों, बच्चों और महिलाओं को जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार करनी पड़ रही है। छात्र-छात्राओं को स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, थाना तथा प्रखंड कार्यालय आने-जाने में विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## सूचना आयोग की निष्क्रियता पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के सवालों का सरकार ने दिया जवाब




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा झारखंड विधानसभा में उठाए गए सूचना आयोग से जुड़े गंभीर प्रश्नों पर सरकार की ओर से विस्तृत जवाब प्रस्तुत किया गया है। विधायक ने विशेष रूप से वर्ष 2020 से सूचना आयोग की सुस्ती, सुनवाई में देरी, नियुक्ति प्रक्रिया में ठहराव और 25 हजार से अधिक लंबित मामलों को लेकर सरकार से स्पष्ट स्थिति जाननी चाही थी। विधायक प्रदीप प्रसाद के सवाल पर सरकार ने कहा है कि झारखंड राज्य सूचना आयोग पूरी तरह कार्यरत है और आवेदकों की ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्राप्त अपील और शिकायतों की सुनवाई जारी है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया प्रगति पर है और इस दिशा में विभागीय कार्रवाई चालू है। नियुक्ति को लेकर पूछे गए सवाल पर विभाग ने जानकारी दी कि विज्ञापन जारी होने के बाद भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है, किंतु इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। विधानसभा में विधायक द्वारा उठाए गए उस सवाल पर भी सरकार ने अपनी स्थिति साफ की है, जिसमें आयोग में 25 हजार से अधिक मामले लंबित रहने और इनके शीघ्र निष्पादन की जरूरत पर जोर दिया गया था। सरकार ने कहा कि आयोग की वर्तमान स्थिति स्पष्ट है और मामलों के निस्तारण के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है। यह पूरा उत्तर कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग की ओर से 5 दिसंबर 2025 को विधानसभा सचिवालय को भेजा गया। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने पिछले काफी समय से सूचना आयोग के कार्यों में पारदर्शिता और तेजी की मांग उठाई है, जिसके बाद सरकार ने पहली बार इस विषय पर विस्तृत जवाब विधानसभा पटल पर रखा है।

## कुम्हार अधिकार महासभा 18 जनवरी को, संत कोलंबस कॉलेज मैदान में आयोजित होगी विशाल जनसभा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ ने आगामी 18 जनवरी 2026 को एक विशाल जनसभा आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह कार्यक्रम संत कोलंबस कॉलेज के समीप मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में सभी तैयारियों और कार्यक्रम रूपरेखा को लेकर जिला कार्यालय की मासिक बैठक में विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के प्रदेश महामंत्री ईश्वर चंद्र प्रजापति उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय कुमार प्रजापति, हजारीबाग जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष लीलाधन प्रजापति, रामदयाल प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र प्रजापति, जिला संरक्षक सुखदेव प्रजापति, विष्णुदेव प्रजापति, महेश प्रजापति समेत विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे प्रखंड अध्यक्ष और सम्मानित सदस्यों ने सहभागिता की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 18 जनवरी 2026 को कुम्हार अधिकार महासभा के बैनर तले एक विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी, जिसमें कुम्हार समाज के उत्थान, अधिकारों, सरकारी योजनाओं में सहभागिता, राजनीतिक एवं सामाजिक एकता जैसे विषयों पर चर्चा व संकल्प लिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू प्रजापति ने की। मंच का संचालन जिला संरक्षक प्रजापति जी द्वारा किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सामूहिक सहयोग और व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया। प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय प्रजापति सहित अन्य सदस्यों ने समाज के लोगों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने और बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। बैठक में ननकु महतो, विष्णु प्रजापति, महेश प्रजापति, ज्ञानी पंडित, वीरेंद्र कुमार, अशोक कुमार, तेजनारायण प्रजापति, रामदयाल पंडित, पंचम प्रजापति, मनोज प्रजापति, राजेश कुमार, सुजीत प्रजापति, मुकेश प्रजापति सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ब्रजेश पाठक का बड़ा राजनीतिक हमलाः बलिया में बोले—UP में अखिलेश की राजनीति फेल, बंगाल में TMC का सफाया तय




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को बलिया में पश्चिम बंगाल और यूपी की राजनीति पर तीखे बयान देते हुए विपक्ष पर जमकर हमला बोला। वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय फ्रीस्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता के शुभारंभ के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि 2026 के विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (ञ्जरूष्ट) को बाबरी की तरह जड़ से उखाड़ फेंका जाएगा। पश्चिम बंगाल में बंकिमचंद्र चटर्जी के खंडहर हो चुके पुस्तकालय वाले मकान के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार इसे सम्मान के साथ जीर्णोद्धार कराएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जब बंगाल में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी, तभी बंकिमचंद्र चटर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पाठक ने दावा किया कि आने वाले चुनावों में ममता बनर्जी पूरी तरह साफ हो जाएंगी। अखिलेश यादव के 'राष्ट्रविवादी' बयान पर पलटवार करते हुए ब्रजेश पाठक ने कहा कि अखिलेश यादव दिग्भ्रमित हैं और मुस्लिम तुष्टीकरण तथा वोट बैंक की राजनीति के कारण अनर्गल बयान देते हैं। उन्होंने अखिलेश यादव और कांग्रेस को 'अपने गिरेबान में झांकने' की सलाह दी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकारों में गुंडों, बदमाशों, माफियाओं को पनाह मिली। उन्होंने बिहार का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे वहां की जनता ने जंगलराज खत्म कर एनडीए को मजबूत बहुमत दिया, वैसे ही क्क में भी सपा-कांग्रेस की दाल नहीं गलेगी। उन्होंने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 2017 की तरह 325-330 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत वाली सरकार बनाएगी। रोहिंग्या मुद्दे पर पूछे गए सवाल पर उपमुख्यमंत्री ने कहा, 'अगर बलिया में कोई एक भी रोहिंग्या मिलता है, तो उसे तुरंत जेल भेजा जाएगा।'

## केवीके कोटवा आज़मगढ़- की प्रेरणा से पोषण वाटिका की ओर बढ़ते कदम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आजमगढ़** —अकांक्षा सिंह, वैज्ञानिक, गृह-विज्ञान, केवीके कोटवा आज़मगढ़-ढ्ढ आज बदलती जीवनशैली और असंतुलित खानपान के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में भी कुपोषण, एनीमिया और पोषक तत्वों की कमी एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। विशेष रूप से महिलाएँ, बच्चे और वृद्धजन इस समस्या का अधिक सामना करते हैं। ऐसे में घर के आसपास या आंगन में स्थापित पोषण वाटिका एक सरल, किफायती और प्रभावी उपाय है, जिससे परिवार की थाली में पोषण को आसानी से शामिल किया जा सकता है।

कृषि विज्ञान केंद्र कोटवा आज़मगढ़-ढ्ढ द्वारा महिलाओं और किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे अपने घरों में सीजन के अनुसार हरी पत्तेदार सब्जियाँ, जड़ वाली सब्जियाँ, फलदार पौधे और औषधीय पौधों को शामिल करते हुए पोषण वाटिका विकसित करें। यह परिवार को स्वच्छ, ताज़ी और जैविक सब्जियाँ उपलब्ध कराती है, साथ ही खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करती है। हरी पत्तेदार, मौसमी सब्जियाँ और फल पोषण वाटिका का मु य भाग हैं, जिनमें आयरन, कैल्शियम, विटामिन- और ष्ट प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए यह अत्यंत लाभकारी है। बच्चों के विकास में भी इसका महत्वपूर्ण योगदान है। रोजमर्रा की सब्जी खरीद पर खर्च कम होने से सालाना अच्छे स्तर की राशि की बचत होती है। अतिरिक्त उत्पादन को बेचकर महिलाएँ आय अर्जित भी कर रही हैं।

**पोषण वाटिका के प्रमुख लाभः** घर पर आसानी से ताज़ी और सुरक्षित सब्जियाँ एवं फल उपलब्ध विटामिन, खनिज, आयरन, फोलेट आदि पोषक तत्वों की पूर्ति रासायनिक अवशेषों से मुक्त आहार बच्चों एवं गर्भवती/धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार सब्जियों पर होने वाला खर्च कम, आर्थिक बचत महिलाओं को उद्यमिता की ओर प्रोत्साहन पर्यावरण संरक्षण तथा जैविक खेती को बढ़ावा केवीके के गृह-विज्ञान विभाग द्वारा समय-समय पर मूल्य संवर्धन, बीज चयन, किचन गार्डन लेआउट, खाद निर्माण एवं पोषण शिक्षा पर प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण महिलाएँ स्वयं आत्मनिर्भर बन सकें और अपने परिवार को स्वस्थ जीवन प्रदान कर सकें। यह आवश्यक है कि हर घर में एक छोटी सी पोषण वाटिका अवश्य हो। यह सिर्फ एक बगीचा नहीं, बल्कि पोषण, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। हर घर में एक पोषण वाटिका कुपोषण मुक्त भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आइए, हम सब मिलकर– 'आँगन में उगाएँ स्वास्थ्य, हर थाली को बनाएँ पोषक!'

## कृषि कार्मिकों का कार्य बहिष्कार एवं धरना प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आजमगढ़** वर्तमान में रबी सीजन अपने चरम पर है, जिसके अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, सरसों मिनीकिट बुकिंग, चना, मटर, मसूर एवं गेहूँ वितरण सहित विभिन्न योजनाओं का कार्य सुचारु रूप से संपादित किया जा रहा है। इसके साथ-साथ विभागीय कार्मिकों द्वारा ह्स्नस्रू प्रदर्शन, आत्मा योजनांतर्गत प्रदर्शन,किसानों का चयन एवं उनका पंजीकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड हेतु मृदा नमूना एकत्रीकरण, तथा प्रधानमंत्री किसान स मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों की द्न-चड्ढष्ट, सस्पेक्टेड डेटा का सत्यापन, ओपन सोर्स सत्यापन, जीरो पावर्टी डेटा सत्यापन आदि कार्य भी नियमित रूप से किए जा रहे हैं। इन सभी ऑनलाइन माध्यम से संचालित कार्यों हेतु विभागीय कार्मिकों को कोई भी संसाधन जैसे लैपटॉप, मोबाइल, या इंटरनेट डेटा सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। कार्मिक अपने निजी संसाधनों का उपयोग कर विभागीय कार्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ संपादित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, विभागीय कार्यों के साथ-साथ अन्य विभागों के कार्य – जैसे पंचायती राज विभाग का आवास सर्वे, राजस्व विभाग का डिजिटल क्रॉप सर्वे, तथा ,द्दह्लद्बह्यह्लह्म्ब्स्न (फॉर्मर रजिस्ट्री) का कार्य भी कृषि विभाग के कार्मिकों से कराया जा रहा है, जिससे विभागीय कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य के दौरान कार्मिकों को नि न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है - कृषक का भौतिक रूप से उपस्थित न होना। कृषक के आधार कार्ड एवं खतौनी में नाम का अंतर होना। एक ही परिवार के सभी सदस्यों के नाम पर भूमि होना, परंतु मोबाइल नंबर केवल एक होना। उपलब्ध कराए गए डेटा में मृतक कृषकों के नाम शामिल होना। खतौनी में नाम विद्यमान होने के बावजूद पोर्टल पर कृषक का नाम प्रदर्शित न होना। कृषक के आधार से मोबाइल नंबर लिंक न होना। हाल में ही वरासत होने के कारण कृषक का नाम आदेश में होने से पोर्टल पर नाम का नहीं दिखना, बीज वितरण के समय पोर्टल में बदलाव के कारण अधिकाशं कृषकों का रकबा शून्य हो जाना जिससे निवेश खारिज करने में समस्या उत्पन्न हो रही है, पोर्टल बदलाव के कारण जिन कृषकों का पंजीकरण पहले था उसका भी पंजीकरण का नहीं दिखाना । पीओएस मशीन का सही से कार्य न करना (बैटरी, नेटवर्क) इत्यादि। प्रत्येक बिज भंडार प्रभारी को एक से दो न्याय पंचायत के प्रभार के अलावा राजकीय कृषि रक्षा इकाई का प्रभार है वर्तमान समय में फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप निवेश वितरण कृषि रक्षा रसायनों की डीबीटी,मृदा नमूना इत्यादि क्षेत्रीय कार्यों के साथ-साथ प्रभारी अपने भंडार का भी निर्वहन कर रहा है ।जिला कृषि अधिकारी आजमगढ़ लगातार जूम मीटिंग जिसका समय प्रातः ही 11:00 बजे से 4:00 के मध्य होता है, के द्वारा समीक्षा बैठक करते रहे हैंद्य उक्त समय में राजकीय भंडारों पर कृषि निवेश हेतु के कृषकों की भीड़ /नेटवर्क समस्या इत्यादि की वजह से यदि कोई कार्मिक मीटिंग में नहीं जुड़ पाया तो उनका वेतन बाधित करना । बैठकों में समस्याओं को ना सुनते हुए नौटंकीबाज, बेशर्म, बदतमीज जैसे शब्दों से प्रभारी को संबोधित करना इत्यादि ।इन सभी समस्याओं की वजह से समस्त प्रभारी मानसिक प्रताड़ना और तनाव के कारण काफी आहत है । उपरोक्त समस्याओं को संज्ञान में लिए बगैर जिला कृषि अधिकारी महोदय द्वारा जिले के समस्त बीज भंडार प्रभारियों को मनमाने तरीके से प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान कर दी गई है ।जो कि अत्यंत निंदनीय है। उपरोक्त वास्तविक एवं तकनीकी कठिनाइयों को दृष्टिगत किए बिना कृषि विभाग के कार्मिकों को निलंबित करना,प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान करना,एक दिन का वेतन बाधित करना तथा आत्मा कार्मिकों को कार्यमुक्त, किए जाने की कार्यवाही अत्यंत ही दुःखद एवं अनुचित है।

## संक्षिप्त खबरें

### बकरियां चरा रही महिला के पैर पर चढ़ी टैक्सी

**पति की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**ललितपुर।** रिपोर्टिंग चौकी राजघाट के ग्राम मड़वारी में रहने वाले जयराम पुत्र श्रीराम पाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 29 नवम्बर 2025 को दोपहर 2:30 बजे जब उसकी पत्नी शिवकुंवर गांव में रोड की पटरी के नीचे पूर्व प्रधान के फार्म हाऊस के गेट के सामने अपनी बकरियों को चरा रही थी। तभी राजघाट की ओर से आ रही टैक्सी सं. यू.पी.94 ए.टी. 4109 के चालक द्वारा काफी तेजी व लापरवाही से चलाते हुये आया और पीछे से उसकी पत्नी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टैक्सी का टायर उसकी पत्नी के पैर के ऊपर चढ़ता हुआ निकल गया, तब गांव के सूरज सिंह पुत्र प्रेमनारायण, राघवेन्द्र पुत्र वीरन ने उसकी पत्नी को उठाया और डायल 112 पर डायल कर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर एम्बुलेंस बुलायी और उसे उपचार के लिए सदनशाह स्थित ऋषिराज अस्तपाल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी पत्नी का उपचार हुआ। पत्नी के दाहिने पैर में तीन फैक्चर आये हैं और कूल्हे में भी चोटें हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त टैक्सी चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### स्मार्टफोन/टेबलेट की मांग को लेकर पंचायत सहायकों ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा



**ललितपुर।** विकास खंड बिरधा के पंचायत सहायकों ने पंचायत स्तर पर होने वाली डाटा फीडिंग को सुरक्षित बनाने के लिए स्मार्टफोन की मांग का ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। पंचायत सहायकों के एक समूह ने जिला सचिव अभिषेक बबेले और ब्लॉक अध्यक्ष रामबाबू के नेतृत्व में खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पंचायत सहायकों ने मांग करते हुए कहा कि उनके द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं को ग्राम पंचायत स्तर पर क्रियान्वयन करने के लिए अपने निजी मोबाइल फोन का उपयोग किया जाता है जो कि उनकी निजी संपत्ति है और निजी मोबाइल में स्टोरेज एवं निजी डेटा चोरी की संभावनाएं भी बनी रहती है। अतः पंचायत सहायकों ने मांग की कि उन्हें शासन स्तर से मोबाइल फोन अथवा टैबलेट आवंटित किए जाए, जिससे सरकारी कार्यों का क्रियान्वयन सुनियोजित ढंग से किया जा सके। ज्ञापन पर भूपेंद्र रमेशरा, अभिषेक बरोदिया, अवध बेटवा, राजेंद्र झरकोन, प्रमेंद्र, शिल्पी, कलावती, कुसुम सहित अन्य पंचायत सहायकों के हस्ताक्षर बनाए गए हैं।

### सोलह वर्षीय छात्र पहली दिसम्बर से है लापता



**पिता ने डीएम को भेजा प्रार्थना पत्र, गुमशुदगी दर्ज कराने की मांग**

**ललितपुर।** एक दिसम्बर से लापता हुए सोलह वर्षीय किशोर की खोजबीन करते हुये भटक रहे पिता ने अब जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजा है। पत्र में पीड़ित ने बताया कि सम्बन्धित चौकी, थाना, कोतवाली पुलिस के अलावा एसपी कार्यालय तक में सूचना देने के बाद भी गुमशुदगी दर्ज नहीं की गयी। पीड़ित ने कहा कि पुलिस उसके खोए हुये पुत्र को खोजने में रूचि ही नहीं ले रही है। कोतवाली महरौनी क्षेत्रांतर्गत खितवांस में रहने वाले मलखान पुत्र स्व.नन्दू रजक ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में बताया कि उसका 16 वर्षीय पुत्र संस्कार जो कि कक्षा 11 का छात्र है। बताया कि एक दिसम्बर से उसका पुत्र बिना बताये कहीं चला गया है। शाम तब संस्कार वापस नहीं लौटा तो उन्होंने खोजबीन की, फिर भी नहीं मिलने पर वह 2 दिसम्बर को पुलिस चौकी खितवांस पहुंचे, जहां चौकी पुलिस ने संस्कार की गुमशुदगी दर्ज नहीं की। इसके बाद वह कस्बा महरौनी थाना व कोतवाली महरौनी भी गया, जहां भी उसकी नहीं सुनी गयी। बताया कि 5 दिसम्बर को वह एसपी पुलिस अधीक्षक को पत्र भी दिया। बावजूद इसके कोई कार्यवाही नहीं हुयी। इससे क्षुब्ध पिता ने अब जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है, ताकि उसके पुत्र संस्कार की गुमशुदगी दर्ज हो और पुलिस उसे सकुशल खोज निकाले।

## अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा की बैठक सम्पन्न

### ●युवा बुजुर्ग सम्बाद एवं सम्मान समारोह एव आय व्यय का दिया ब्यौरा



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के नेतृत्व मे सभी विश्वकर्मा समाज बन्धुओं के सहयोग से सम्पन्न हुए 17 सितम्बर भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस एवं शोभायात्रा के आय व्यय एवं समाज के युवा बुजुर्ग सम्बाद को लेकर मड़ावरा के लहर धाम मंदिर प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि पंचायत सदस्य नरेंद्र, विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष नीलेश झा उपस्थित हुए। अध्यक्षता बांसी प्रधान हरिकिशन झा ने की। बैठक में राजेश झा द्वारा निशुल्क स्वास्थ शिविर लगाया गया, जिसमें आये हुए लोगो की ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच की गई। जिलाध्यक्ष महेन्द्र झा ने कहा कि मड़ावरा में पहली बार भगवान विश्वकर्मा का पूजन दिवस भव्य तरीके से मनाया गया था, जिसमें सभी विश्वकर्मा समाज के बंधुओं का तन मन धन से सहयोग रहा और पूजन दिवस सफल बनाया, इसके लिए आभार जताया। मुख्य अतिथि ने कहा कि युवा ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है, इसलिए सभी एकत्रित होकर सामाजिक हित में कार्य करते रहे। जिलाध्यक्ष नीलेश झा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस बहुत ही शानदार तरीके से संपन्न हुआ था और उसके बाद सार्वजनिक रूप से आय व्यय समाज बन्धुओ के समक्ष प्रस्तुत करना बहुत ही सराहनीय है। अध्यक्षता कर रहे हरिकिशन झा बांसी ने कहा कि विगत दिवस विश्वकर्मा पूजन दिवस को भव्यता से मनाने के लिए युवाओं ने जो ताकत और एकजुटता दिखाई थी वह समाज हित में बहुत ही सराहनीय है अभी के समय में समाज के युवाओं को ही आगे आकर समाज को आगे बढ़ाना होगा। सभी सजातीय बंधुओं का जिला महासचिव राहुल झा बाबा एवं ब्लॉक अध्यक्ष हरिशंकर झा ने संयुक्त रूप से आभार प्रकट किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष महेन्द्र झा, पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र, हरिकिशन झा, नीलेश झा सैदपुर, गौरव झा बांसी, शिशुपाल झा, राहुल झा बाबा, एड.जगदीश झा, शिवशंकर झा, सुंदर झा, कृपाल झा, अरविंद झा, पवन झा, शेरसिंह, कुलदीप झा, रविन्द्र झा, संजीव झा, राजेश झा, अशोक झा, भगवानदास झा, जगत नारायण, दयाराम झा, कैलाश नारायण, अशोक झा, कंछेदी विश्वकर्मा, रामकेश झा, खुशीराम झा, हल्काई झा, कल्लू झा, हरिशंकर झा, महेश झा, धनीराम झा, राजेश झा, अनूप झा, राकेश परोल, छक्कीलाल झा, अजय झा, अवनीश झा, एड.रविशंकर झा, रामस्वरूप विश्वकर्मा, भरत विश्वकर्मा, दिनेश झा, श्रीकांत झा, रामप्रताप झा, सौरभ झा, तुलसी झा, बलराम झा, आशाराम झा, आनंदी झा, जालम विश्वकर्मा, कल्याण विश्वकर्मा, धनीराम झा, हीरालाल झा, परसोत्तम झा, घनश्याम झा, हल्काई झा, चालीराम झा, राजू झा, दीपक झा, बिहारी झा, बिहारी विश्वकर्मा, पवन झा, शिवचरण झा, नारायण झा, पंकज झा, पुष्पेन्द्र झा, प्रशांत नारायण, नीरज विश्वकर्मा, अवध बिहारी झा, राकेश झा, जयराम झा, वीरसिंह झा, महेश झा, राहुल झा, नरेन्द्र झा, रविशंकर झा, कृष्णकांत झा, मनीष झा, गेंदालाल झा सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मित्र बनकर बनाया विश्वास और गाड़ी लेकर फुर्र हुआ युवक

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम झरकौन निवासी हरीसेवक पुत्र हीरालाल सेन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका पुत्र गोलू सेन बीती 31 अक्टूबर को शाम करीब 6 बजे अपनी मोटरसाइकिल यू.पी.94 वाई 2449 डीलक्स काले रंग की गाड़ी से बाजार आया था। नझाई बाजार में एक अज्ञात लड़के से दोस्ती हुयी। आपस में दोनों बात करने लगे और एक दूसरे पर विश्वास जताने लगे। बताया कि दोनों इलाईट चौराहा स्थित पंजाबी होटल पर खाना खाने गये और उसी होटल के सामने मोटर साइकिल खड़ी कर दी। दोनों खाना खाने लगे और साथ में सेल्फी ली। पीड़ित ने बताया कि उक्त युवक ने अपना मोबाइल नम्बर दिया जो कि गलत है। खाना खाने के बाद दोनों होटल से बाहर आये और उक्त लड़के ने उसकी बाइक की चाबी मांगी और उसकी गाड़ी लेकर चला गया। पीड़ित ने बताया कि उसने सेल्फी की फोटो देखकर उसे खोजने की काफी कोशिश की, लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दुःसाहसः सुनौरी बन बीट में वनकर्मियों पर हमला

### ●अवैध खनन रोकने पर ट्रैक्टर मालिक समेत दर्जनभर लोगों ने किया हमला

### 4 वनकर्मी घायल, आरोपी ट्रैक्टर ट्राली छुड़ाकर फरार, एफआईआर दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**तालबेहट।** रविवार की देर शाम तालबेहट वन रेंज के सुनौरी वन ब्लॉक में अवैध खनन रोकने गए वनकर्मियों पर खनन माफिया ने हमला कर दिया। वन विभाग की गश्त टीम ने जब बजरी भरते एक बिना नंबर के ट्रैक्टर को पकड़ने का प्रयास किया, तो ट्रैक्टर मालिक समेत करीब दर्जनभर लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर ट्रैक्टर ट्राली को छुड़ा लिया और फरार हो गए। वनकर्मी करतार सिंह ने बताया कि वह वन क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी एक 333 आइसर ट्रैक्टर बजरी भरता मिला। वनकर्मियों को देख ट्रैक्टर चालक ट्राली खाली कर भागने लगा, जिसे पकड़कर रेंज कार्यालय लाया जा रहा था। रास्ते में धमकना और पिपरई गांव के करीब एक दर्जन लोगों ने अचानक हमला कर दिया। हमले में वनकर्मी करतार सिंह के सिर पर गंभीर चोट आई, जबकि अन्य साथियों के साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों ने ट्रैक्टर ट्राली जबरन छुड़ा ली और फरार हो गए। हमलावरों की पहचान सोहन यादव पुत्र अमरसिंह, लोकेन्द्र व गजेन्द्र पुत्रगण रुपसिंह, छोटू व प्रमोद पुत्रगण जण्डेल, छोटू पुत्र पानसिंह, सुरेन्द्र पुत्र मुलायम सिंह यादव, कल्याण पुत्र राजाराम यादव, भज्जू उर्फ अजय पुत्र श्रीवन यादव, राजपाल पुत्र मूरत सिंह यादव और जयपाल पुत्र इमरत यादव के रूप में की गई है। वनकर्मी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए सभी हमलावरों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## महाराजा खेतसिंह जूदेव की जयंती मनाई जाने की रूपरेखा तय

### ●इलाइट चौराहा के पास स्थित शिव मन्दिर पर हुयी बैठक



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** इलाइट चौराहा के पास स्थित शिव मंदिर पर आगामी 27 दिसम्बर को महाराजा खेतसिंह जूदेव की जयंती खंगार क्षत्रिय समाज के बेनर तले शिव मन्दिर पर बड़े ही धूमधाम व गाजे बाजे के साथ मनाई जाने के लिये दिन रविवार को शिव मंदिर पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खंगार क्षत्रिय समाज बन्धुओं द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने जाने के लिये रुपरेखा तैयार की गई। बैठक में खंगार क्षत्रिय समाज बन्धुओं ने अपने-अपने विचार रखे। अध्यक्षता कन्छेदी लाल दादा ने व संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय महासभा शिवम् सिंह परिहार ने किया। बैठक में कन्छेदीलाल दादा बिरधा, शिवम् सिंह परिहार इलाइट, इंजी. सनतसिंह परिहार इलाइट, ठाकुर कुंवर अजीत प्रताप सिंह, प्रमोद परिहार ललितपुर, देवसिंह परिहार कैलगुवां, गनेश परिहार भैसाई, मनीष परिहार गांधीनगर, मुन्नालाल वंशीपुरा, मथुरा परिहार भैसाई, शक्ति परिहार ललितपुर, पारस परिहार ललितपुर, मनीष परिहार ललितपुर, बलबीर परिहार मसौरा, ओमप्रकाश ललितपुर, रोहित ललितपुर, अनिल ललितपुर, अरविन्द परिहार सतरवास, सुनील परिहार मड़ावरा, राजा सिंह, कल्यान सिंह, अकाश महेशपुरा, अरुण महेशपुरा, विकास परिहार वंशीपुरा, महेश सिंह धवा, भैयन खंगार प्रधानजी छपरट, देवेन्द्र राय के अलावा अनेक लोग उपस्थित रहे।

## दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए करें आवेदन

**ललितपुर।** प्रभारी सीएमओ डा.अमित तिवारी ने बताया कि डीएम के निर्देशानुसार प्रत्येक बुधवार को मेडीकल कॉलेज के कमरा 25 में मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगता परीक्षण करते हुये दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये जायेंगे। दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने कि प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके उपरांत आवेदनकर्ता को किसी भी बुधवार को मेडीकल कॉलेज जाकर कमरा नम्बर 25 में चिकित्सकीय परीक्षण कराना होता है। तदुपरांत ऑनलाइन आवेदन दिव्यांगता रिपोर्ट एवं आधार कार्ड के साथ सीएमओ कार्यालय में जमा करना होता है जिसके उपरांत दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑनलाइन निर्गत कर दिया जाता है। जिन दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑनलाइन नहीं है, वे स्वावलंबन वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत यू.डी.आई.डी. कार्ड बनवा सकते है। सीएमओ कार्यालय द्वारा दिव्यांग प्रमाण जारी करने की प्रक्रिया निशुल्क है। जिले में 31 अक्टूबर 2025 तक कुल 8720 ऑनलाइन दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किये जा चुके है। प्रभारी सीएमओ ने सभी पात्र लाभार्थियों से दिव्यांग मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने की अपील की।

## बुजुर्ग महिला की एसपी ने सुनी समस्या, दी सांत्वना



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कार्यालय में प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई कर रहे थे। जनसुनवाई के दौरान एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला अपनी शिकायत लेकर पुलिस कार्यालय में आयीं। उक्त बुजुर्ग महिला को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके पास आकर, सर्वप्रथम उसका हाल-चाल पूंछकर सूक्ष्म जलपान कराया गया व उसकी समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना गया। उक्त बुजुर्ग महिला द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उसके पोते द्वारा मकान में निवास करने को लेकर वाद-विवाद किये जाने का विवरण अंकित है। पुलिस अधीक्षक ने उक्त शिकायत का त्वरित व उचित निस्तारण करने के साथ-साथ अन्य सभी प्रकार की समस्याओं का निस्तारण करने हेतु भी निर्देशित किया गया। बुजुर्ग महिला द्वारा पुलिस अधीक्षक के हृदय से धन्यवाद और आशीर्वाद दिया। ललितपुर पुलिस के इस कार्य की जनसुनवाई के दौरान उपस्थित आम जन-मानस द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

## पेंशन शहीद स्व.रामाशीष को अटेवा ने दी श्रद्धांजलि



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** ऑल टीचर्स, इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के प्रदेशाध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आह्वान पर अटेवा ने रविवार को पेंशन शहीद स्व.डा.रामाशीष सिंह की नवम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनके बलिदान को याद किया। सभी अटेवियन्स द्वारा स्व.रामाशीष के चित्र के सामने मोमबत्ती जलाकर एवं दो मिनट का मौन धारण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं पुरानी पेंशन बहाली के संकल्प को दोहराया गया। इस दौरान अटेवा जिलाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली हम सभी शिक्षक कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है। इसी हेतु स्व.रामाशीष ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। हमें उनके जीवन से अपने हक ओ.पी.एस.बहाली के लिए संघर्ष की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अटेवा इंदर सिंह, के.के.सिंह, अनिल यादव, प्रमोद पटेल, नवनीत, रियाज अहमद, हाकिम सिंह, प्रमोद सैनी, आदर्श रावत, विक्रम सिंह, विशाल गुप्ता, उदयवीर सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, जयंदर सिंह, मोहित बिसानी, पीयूष दीपांकर, डालचंद्र, हिमांशु पटेल, मिथलेश कुमार, अवनीश, विवेक सिंह, जयप्रकाश कुशवाहा, अरविन्द कुमार, गजेन्द्र सिंह, राजकुमार, रामप्रसाद कुशवाहा, जाहर राजपूत, भीम कुमार, नवीन सिंह, वेद प्रकाश, शादाब खां, निखिल कुमार, पुष्पेन्द्र दोहरे, संजीव निरंजन आदि शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ट्रेनों में चोरियों के सिलसिलों में हुआ इजाफा

### ● तीन एफआईआर दर्ज, सुरक्षा इंतजाम पर उठे सवाल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के बेशकीमती सामान, मोबाइल फोन्स व अन्य सामान चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। हालांकि ऐसी चोरियों के मामले जीआरपी पुलिस दर्ज तो कर लेती है, लेकिन ट्रेनों में चलने वाले अवैध वैण्डरों के खिलाफ कार्यवाही यदा-कदा ही की जाती हैं। बीते रविवार को जीआरपी ललितपुर को ट्रेनों में हुयीं चोरियों की तीन मामले प्राप्त हुयीं, जिनमें एफआईआर दर्ज कर विवेचनात्मक कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।

**मामला-01** महाराष्ट्र राज्य के मुम्बई अंतर्गत पंतनगर निवासी कुमारी काजोल वर्मा पुत्री जसवंत कुमार वर्मा ने जीआरपी ललितपुर पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह ट्रेन संख्या 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस के कोच नं. ए-1 की सीट संख्या 33 पर बभनान से मुम्बई तक की यात्रा कर रही थी। आरोप है कि लखनऊ निकलने के बाद वह सो गयी, जब उसकी नींद 7 दिसम्बर की रात करीब 1.30 बजे खुली तो उसने देखा कि उसका लेडीज पर्स जिसमें दो मोबाइल फोन थे, चोरी हो गया। जीआरपी पुलिस ने महिला की तहरीर पर बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

**मामला-02**भारत के पांडिचेरी में कराईकल, टी.आर.पात्तिनाम में करिकल गांधी रोड टीआर पटीनाम निवासी मोहम्मद फैजल पुत्र जहावर सिद्दीक ने जीआरपी ललितपुर को तहरीर दी है। बताया कि वह बीती 16 नवम्बर को ट्रेन नं. 12622 तामिलनाडु एक्सप्रेस के कोच नं. बी-4 बर्थ नं. 71 पर नई दिल्ली से चेन्नई की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसने अपना मोबाइल जिसकी कीमत 56 हजार रुपये अपनी सीट पर सिरहाने रखकर सो गया। सुबह करीब 3.20 बजे उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसका मोबाइल अज्ञात बदमाश चोरी करके ले गया। जीआरपी पुलिस ने यात्री की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

**मामला-03** मध्य प्रदेश के जिला रायसेन अंतर्गत सांची गुलगांव अंतर्गत एमआईजी 61 वार्ड नं.13 डी.हेड गेवार कालोनी में रहने वाली उमा शर्मा पुत्री बृजमोहन शर्मा ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 25 नवम्बर को वह ट्रेन संख्या 12722 दक्षिण एक्सप्रेस के कोच नं. बी-4 की बर्थ नं. 36 में मथुरा से विदिशा की यात्रा कर रही थी। ललितपुर रेलवे स्टेशन पर देखने पर उसका एक काले रंग का बैग जिसमें एक मैक बुक एम-1 मूल्य 85 हजार रुपये, एच.पी. कम्पनी का लैपटॉप, मैकबुक, आईफोन, चार्जर, जियो फाई, जेबीएल एयरफोन, पावर बैंक, गलास को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। यात्री की तहरीर पर जीआरपी पुलिस ने बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## नागरिक सुरक्षा कोर स्थापना दिवस मनाया गया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललितपुर।** कलेक्ट्रेट में स्थापित नागरिक सुरक्षा विभाग में नागरिक सुरक्षा कोर स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। डीएम के निर्देश पर एडीएम अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में व एफएसओ, उनकी टीम के साथ व स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा स्काउट गाइड एनसीसी आपदा मित्र आपदा सखी नागरिक सुरक्षा को ललितपुर के कर्मचारी व स्वयंसेवको के समन्वय से मॉक ड्रिल आपदा प्रबंधन पर चर्चा तथा जन जागरण के कार्यक्रमों के साथ आयोजन किया गया। एडीएम ने अग्निकांड आपदा तथा किसी भी घटना दुर्घटना के समय त्वरित कार्यवाही किस प्रकार किया जाना है उसे पर विस्तृत जानकारी दी गई। अग्निकांड आपदा से संबंधित मॉक ड्रिल कर आम जनमानस को एवं छात्र-छात्राओं वॉलिंटियर्स को जागरूक किया गया। आपदा विशेषज्ञ आरती सिंह के संचालन में कार्यक्रम का शुभआरंभ किया। अग्निकांड आपदा से किस तरीके से आग बुझाने सही होता है तथा किसी बिल्डिंग में लगी आग में किस तरह रेस्क्यू कर लोगों को बचाया जा सकता है अग्निकांड आपदा से बचाव व उसके प्रकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। डा.राजीव गुप्ता द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी के साथ प्रभावित व्यक्ति को यदि सीपीआर की जरूरत होती है तो सीपीआर देने का भी विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर एडीएम, एफएसओ, डा.राजीव गुप्ता, फायर सर्विस टीम से रामपाल, मदन लाल व उनकी टीम, स्वास्थ्य विभाग से एंबुलेंस टीम तथा एनसीसी प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला, रमेश कुमार तिवारी, नेमवि से डा. राजीव कुमार निरंजन, डा.दीपक कुमार पाठक के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## क्रिस्मस उत्सव पर होगा आर्ट ऑफ लिविंग का खुश हाली शरद उत्सव : सुबोध शर्मा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललितपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वाधान में एक बार फिर हैप्पीनेस प्रोग्राम खुशहाली कार्यक्रम होगा। उक्त बात आर्ट ऑफ लिविंग ललितपुर के योगा टीचर सुबोध शर्मा विश्वास ने एक भेंटवार्ता में बतायी। सुबोध शर्मा ने अपनी बार को आगे बढ़ाते हुए कहा कि उपहारों के पर्व क्रिस्मस पर 6 दिवसीय हैप्पीनेस कार्यक्रम होगा, जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता, संस्थापक व आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर के द्वारा सुसज्जित खुशहाली आयोजित किया जाएगा। इस पुनीत कार्यक्रम में योगा-प्राणायम पद्मसाधना-ध्यान के साथ-साथ विश्व विख्यात दिव्य सुदर्शन क्रिया सिखाई जाएगी। सुबोध शर्मा विश्वास ने कहा कि प्रतिदिन सुदर्शन क्रिया करने से आपके जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन आने लगते हैं। आपके बेहतर स्वास्थ्य के अलावा आपके व्यक्तित्व में निखार आता है। आप चिंता और तनाव से मुक्त होने लगते है और आपके अन्दर बेहतर निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है। बताते चलें कि आगामी 20 से 25 दिसंबर तक खुशहाली कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहला चरण सुबह 7 से 9 बजे व शाम 5.30 से 7:30 बजे तक आयोजित होगा। उल्लेखनीय है कि जनपद में उक्त कार्यक्रम प्रत्येक दो माह में आयोजित किए जाते हैं। परिणाम स्वरूप तमाम योग साधक नित्य सुदर्शन क्रिया करके अपने स्वास्थ्य में और अपने जीवन स्तर में निरंतर सुधार पा रहे हैं। यहां पर यह भी बताना आवश्यक है कि विश्व प्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया संसार में 184 देशों में सिखाई जाती है और पूरे विश्व के लोग सुदर्शन क्रिया से होने वाले असर को अपने जीवन में महसूस कर रहे हैं। इसीलिए योगा टीचर ने सभी अपने जनपद वासियों से खुशहाली कार्यक्रम में एक बार अवश्य ही कर लेने की अपील की है।

## सिर पर हाथ के कड़े से किया जानलेवा हमला

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली अंतर्गत ग्राम चढरऊ में रहने वाले सुम्मेर सिंह पुत्र दुरजू यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 27 नवम्बर को रात करीब 9 बजे वह भूपेन्द्र सिंह बुन्देला के यहां गांव में खाना खाने गया था। तभी वहां खाना की परस करते समय खाना रहा रहे नरेन्द्र सिंह पुत्र जशरथ उर्फ जस्सू कुर्मी जो कि गांव के हैं। गरम पूड़ी न देने की बात को लेकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर नरेन्द्र सिंह ने मौके पर ही मारा पीटा अपने हाथ में पहने कड़े से सिर में मार दिया, जिससे वह मौके पर ही गिर गया, जो आसपास के लोगों को उसके द्वारा देखा और बचाया गया। उसके भाई भगवान सिंह की बहू वर्षा, नरेन्द्र सिंह के यहां शिकायत करने गयी तो उसे भी गालियां दी और वह चोटिल हो गया। आरोप है कि नरेन्द्र सिंह ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित ने तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## बजाज फाइनेंस का तीन दिवसीय मेगा लोन एवं एक्सचेंज मेला का शुभारंभ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



महरौनी बडौनिया पेट्रोल पंप पर बजाज फाइनेंस द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मेगा लोन एवं एक्सचेंज मेला सोमवार को उत्साहपूर्ण माहौल में शुभारंभ हुआ। मेले में बजाज फाइनेंस ऑटो क्रेडिट के माध्यम से गाड़ी खरीदने पर 24 लीटर पेट्रोल फ्री देने की विशेष योजना लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी। इसके साथ ही पुरानी गाड़ी लाकर एक्सचेंज ऑफर में बजाज की नई गाड़ी लेने पर 98% तक लोन मात्र तीन मिनट में स्वीकृत करने की सुविधा से ग्राहकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री दुष्यंत बडौनिया ने फीता काटकर किया। इस मौके पर वैश्य समाज व्यापार सभा अध्यक्ष श्री राजीव सिंघई (मोनू), आनंद त्रिपाठी, नीशू दुबे और ऋषि तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से मेले की सफलता के लिए आयोजकों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को स्थानीय व्यापार और ग्राहकों के लिए लाभकारी बताया।

मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने पहुँचकर आकर्षक ऑफरों का लाभ उठाया तथा वाहन संबंधी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मेले में उत्साह, उमंग और खरीदारी का माहौल पूरे दिन बना रहा।

इस मौके पर चयन जैन, बाशु सिंघई, निर्भय सिंह, रविन्द्र यादव, साजिद खान, प्रवीण जैन, निशांत साहू, रितिक जैन, जितेन्द्र सिंह, कार्तिकेय बडौनिया, गौरव मिश्रा, अरविन्द यादव आदि उपस्थित रहे।

अंत में प्राशु, बाशु सिंघई ने सभी विशिष्ट अतिथियों, आयोजकों और आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेले के आगामी दो दिनों में भी ग्राहकों के लिए विशेष योजनाएँ और आकर्षक ऑफर जारी रहेंगे।

## खिरिया उबारी में शांति भोज व शोकसभा संपन्न, स्व. किशन सिंह पटेल को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महरौनी।** नाराहट क्षेत्र के ग्राम पंचायत खिरिया उबारी में रविवार को स्वर्गीय किशन सिंह पटेल के निधन पर आयोजित शोकसभा एवं पश्चात शांतिभोज में उमड़ा जनसैलाब। कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट के मौन के साथ हुई, जिसमें बुंदेलखंड कुर्मी क्षत्रिय कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष सुजान सिंह पटेल ने तेरहवीं संस्कार की परंपरा और उसके आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तेरहवीं संस्कार आत्मा की शांति और परिवार के मानसिक संतुलन का द्योतक है।

सभा में वक्ताओं ने स्व. किशन सिंह पटेल के सरल स्वभाव, सामाजिक योगदान और उनके व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि उनका जाना क्षेत्र और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। शोकसभा के पश्चात परिवार द्वारा आयोजित शांतिभोज में भारी संख्या में लोगों ने भोजन ग्रहण किया और परिवार को सांत्वना देते हुए इस कठिन समय में साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुजान सिंह पटेल, पत्रकार अरविन्द कुमार पटेल मुड़िया, हरिओम पटेल, राजेश पटेल कुम्हेड़ी, गंधर्व सिंह राजा मुड़िया, देशराज



सिंह राजा मुड़िया, अखिलेश तिवारी मुड़िया, द्वारका प्रसाद निरंजन (एलआईसी), पुष्पेंद्र सिंह राजा 'बाबू जी' मुड़िया, जदयू जिला अध्यक्ष कैलाश पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, गणमान्य नागरिक और परिजन उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संक्षिप्त खबरें

### खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की योजनाओं की जानकारी हेतु चलाया जायेगा जागरूकता शिविर

**प्रतापगढ़।** जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी कृष्ण कुमार यादव ने बताया है कि उ0प्र0 खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड की विपणन विकास सहायता योजना (एस0डी0एस0पी0) के अन्तर्गत विभाग में संचालित योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु प्रत्येक तहसील के अन्तर्गत ब्लाक मुख्यालय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि जागरूकता शिविर का आयोजन ब्लाक सदर के ग्राम पंचायत नौबस्ता में दिनांक 12 दिसम्बर, विकास खण्ड बिहार परिसर में 17 दिसम्बर, विकास खण्ड लक्ष्मणपुर परिसर में 19 दिसम्बर तथा ब्लाक पट्टी के ग्राम पंचायत बेसार में 24 दिसम्बर को किया जायेगा।

### स्कूलों में प्रयोगात्मक परीक्षा की तैयारी तेज

**सिद्धार्थनगर।** जिले के उसका बाजार क्षेत्र के हाईस्कूल और इंटर की यूपी बोर्ड परीक्षा करीब आते ही माध्यमिक विद्यालयों में भौतिक, रसायन और जीव विज्ञान की सैद्धांतिक कक्षाओं के साथ प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तैयारी तेज हो गई है। क्षेत्र में दो स्ववित्त और 5 अन्य माध्यमिक स्कूल है।यूपी बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से है, जिस कारण विद्यालयों में प्रयोगात्मक परीक्षा को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। शिक्षक बताते हैं कि बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि अचानक घोषित कर सकता है, इसलिए दिसंबर तक पूरी तैयारी कराना आवश्यक है। कस्बा के किसान इंटर कालेज के प्रधानाचार्य संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं सामान्य रूप से जनवरी से शुरू होती हैं। इसी आधार पर विद्यालय में प्रयोगात्मक कार्य पूर्णता की ओर है। उन्होंने कहा कि संबंधित शिक्षकों को प्रयोगात्मक परीक्षा की तैयारी संग पाठ्यक्रम पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं। ज्ञानोदय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य शिवचंद यादव ने बताया कि इस वर्ष प्रयोगात्मक परीक्षा की संभावना जनवरी 2026 में जताई जा रही है। वित्तविहीन विद्यालय भी सीमित संसाधन के बावजूद प्रयोगात्मक परीक्षा समय से कराने में जुटे हैं।

### पत्रकार प्रमोद बबेले ने रक्तदान कर मूर्धन्य पत्रकार रामजी लाल तिवारी को दी श्रद्धांजलि



**ललितपुर।** जनपद के वरिष्ठ पत्रकार पंडित रामजी लाल तिवारी जी की पुण्य तिथि पर रविवार को जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में सामाजिक सरोकार का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। जहां पत्रकार प्रमोद बबेले ने अस्पताल में रक्तदान कर जरूरतमंद मरीज के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर, नवेंदु अग्निहोत्री, जगदीप रावत, सत्य प्रकाश तिवारी व दीपक गोस्वामी 'राधे' उपस्थित रहे। सभी ने प्रमोद बबेले के इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए इसे स्व. रामजी लाल तिवारी जी को सच्ची श्रद्धांजलि बताया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि पत्रकारिता केवल खबर तक सीमित नहीं, बल्कि समाजसेवा का माध्यम भी है, और आज का यह कार्य इसका प्रेरणादायक उदाहरण है।

### ट्रक चालक पर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** महरौनी में मास्टर कालोनी मड़ावरा रोड निवासी प्रतिपाल पुत्र लल्लू कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते रविवार को वह सुबह 11 बजे अपनी कम्प्रेशर (पंचर) की दुकान पर था, तभी ट्रक नं. एम.पी. 36 एच 1067 का चालक आया और उसकी दुकान के सामने ट्रक खड़ा कर दिया, जिससे उसने दुकान का नुकसान होने की बात कही, इस पर ट्रक चालक ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मदरसा बोर्ड सेकेण्डरी एवं सीनियर सेकेण्डरी परीक्षा हेतु 20 दिसम्बर तक आनलानइ आवेदन करें

**प्रतापगढ़।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशीष द्विवेदी ने बताया है कि उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित सेकेण्डरी (मुंशी/ मौलवी)/ सीनियर-सेकेण्डरी (आलिम) की परीक्षा वर्ष 2026 की परीक्षा फार्म मदरसा पोर्टल http://madarsaboard.upsdc.gov.in पर 20 दिसम्बर तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। परीक्ष फार्म भरे जाने से सम्बन्धित दिशा निर्देश मदरसा पोर्टल पर उपलब्ध है।

# गोवा अग्निकांड : अंतिम संस्कार के लिए कानपुर को युवक के शव का इंतजार : परिजन रवाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** गोवा के नाइट क्लब में बीते शनिवार देर रात सिलेंडर विस्फोट और आग लगने से मरने वाले 25 लोगों में कानपुर के कल्याणपुर का युवक भी शामिल है। उसका अंतिम संस्कार कानपुर में ही होगा। इसीलिए उसके परिजन उसकी लाश को लाने के लिए गोवा चले गए हैं। उसकी मौत की जानकारी मिलने के बाद घर में कोहराम मचा है। जानकारी देते हुए परिवार के लोगों ने बताया कि जिस नाइट क्लब में हादसा हुआ है, वहां पर युवक नौकरी करता था। घटना की जानकारी के बाद घर पहुंची पुलिस कोबताया गया कि मूलरूप से नेपाल निवासी सुनीता सिंह का बेटा रोहन सिंह (28) कानपुर के कल्याणपुर बारासिरोही गोपालपुरम में रहने वाले मामा कुंवर सिंह और लाल सिंह के यहां पर रहता था। जहां से वह नौकरी करने के लिए गोवा गया हुआ था।

अवगत कराते चलें कि बीते शनिवार देर रात नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। जिसमें कानपुर का रहने वाला रोहन सिंह भी शामिल है। इस भीषणअग्निकांड में मरने वाले में 20 क्लब के ही कर्मचारी थे। गोवा पुलिस ने क्लब मैनेजर सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने इस बारे में अब तक जो जानकारी दी है उसके मुताबिक शुरुआती जांच में पाया गया है कि यह आग पटाखे फोड़ने से लगी। कुछ लोग बाहर आ गए, लेकिन कुछ नहीं आ सके, जिससे उनकी जान चली गई। इन्हीं मरने वाले लोगों में रोहन सिंह भी शामिल था उसके पिता लाल सिंह ने बताया कि घटना के बाद गोवा के अफसरों ने हमसे संपर्क किया था। इसके बाद हादसे में रोहन के मौत की जानकारी दी। मुंबई में रहने वाले परिवार के लोग गोवा के लिए रवाना हो गए हैं। अब शव को कानपुर लाया जाएगा ,जिसके बाद यहीं रोहन का अंतिम संस्कार होगा। इस घटना से उसके परिवार में लगातार कोहराम भी मचा हुआ है। बड़ी संख्या में लोग भी घटना की जानकारी और सांत्वना देने के लिए उसके घर पहुंच रहे हैं। पुलिस ने बताया कि उसके शव का इंतजार किया जा रहा है।

### बाइक से टक्कर मारकर घायल करने का आरोप




**ललितपुर।** मोहल्ला नेहरू नगर निवासी मोनू पुत्र रमेश ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 7 दिसम्बर को जब वह बिरधा के पास हाई-वे पर अपनी मोटर साइकिल से खड़ा हुआ था, तभी सामने से एक मोटर साइकिल नं. एम.पी.15 जेड.एच. 6036 तेज गति से आयी और उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह काफी दूर तक घिसट गया और उसे कई जगह चोटें आयीं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## कानपुर में मनाया गया सशस्त्र सेना झंडा दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** आज उत्तर प्रदेश एक्स सर्विसेस लीग एवं सैनिक कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। हर वर्ष 7 दिसंबर को सशस्त्र झंडा दिवस सशस्त्र बलों के बहादुरी, शौर्य बलिदान एवं कर्तव्य निष्ठा का सम्मान करने का एक पवित्र अवसर है. इस अवसर पर जिला अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस कमिशनर रघुबीर लाल संयुक्त पुलिस आयुक्त आशुतोष सिंह, ए डी एम सिटी राजेश सिंह चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सूरज मिश्रा , एवं एडम कमांडेंट कॉर्नेल संदीप एवं अन्य अधिकारियों को झंडा प्रतीक एवं स्मारिका भेंट की गई।

जिलाधिकारी जितेंद्र सिंह एवं पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने कहा कि सेना झंडा दिवस हमारे सैनिकों के सम्मान और उनके कल्याण के प्रति समाज की संवेदनशीलता का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों से अपील की कि वे स्वेच्छा से सेना झंडा कोष में योगदान दें ताकि पूर्व सैनिकों, शहीदों के परिवारों और दिव्यांग सैनिकों के कल्याण कार्यों को मजबूती मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। अधिकारी ने सभी पूर्व सैनिकों को सम्मान चिह्न प्रदान कर उनका अभिनंदन किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम का संयोजन उत्तर प्रदेश एक्स सर्विसेस लीग के अद्धयक्ष मेजर योगेंद्र सिंह कटियार ने किया, इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नेल सूर्य प्रताप सिंह पूर्व सैनिक एवं स्टाफ उपस्थित थे।

### गांव के युवक पर पत्नी को भगा ले जाने का आरोप



**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम कुंआतला निवासी द्वारिका पुत्र देशराज ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 6 दिसम्बर को सुबह 8 बजे उसकी पत्नी व तीन माह का बच्चा घर पर नहीं था। काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। पीड़ित ने बताया कि उसने गांव में रहने वाले एक व्यक्ति के घर के सीसीटीवी कैमरे में देखा तो पाया कि गांव में ही रहने वाला एक व्यक्ति उसकी पत्नी को अपनी मोटर साइकिल जिसका नम्बर भी उसके पास है पर बैठाकर ले जा रहा है। उसने उक्त युवक के घर जाकर जानकारी की तो पता चला कि वह भी सुबह 8 बजे से ही गायब है। पीड़ित युवक ने पुलिस से मामला दर्ज कर उक्त युवक के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने एसआईआर को लेकर नवीन मार्केट कार्यालय में की मीटिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** जलशक्ति मंत्री उत्तर प्रदेश शासन ने सोमवार सुबह कानपुर की नवीन मार्केट स्थित पार्टी कार्यालय में मीटिंग की, जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित के साथ एसआईआर को लेकर चर्चा की, उन्होंने कहा कई बस्तियों में लोग दो दो दिन की छुट्टी लेकर अपने मतदाता फ़ार्म भरवा रहें हैं,कौन किसका वोटर है यह मुझे नहीं पता,चाहे कोई वोट दे या न दे हम सभी का सम्मान करते हैं। सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है, अखिलेश यादव सिर्फ दुष्प्रचार कर रहे हैं, बीजेपी के कार्यकर्ता उन वास्तविक मतदाताओं के नाम जुड़वा रहें हैं,जिनका नाम किसी कारण सूची से कट गया था, जबकि फर्ज़ी आधार या फर्जी वोट बनवाने वालों के नाम हटाए जा रहें हैं, बीएलओ आत्महत्या मामले पर मंत्री बोले ऐसी घटनाओं से इन्कार नहीं, लेकिन सैकड़ों बीएलओ अपना 100%काम कर रहे हैं, टीम भावना से काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाता किसी भी धर्म का क्यों न हो किसी का वोट कटवाने की कोशिश नहीं की जा रही है, स्वतंत्र देव सिंह ने कहा भाजपा सत्ता में आने के बाद अपने मूल मंत्र पर काम करती है, पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक मान, सम्मान, भर पेट भोजन, और रहने की छत हो यही सरकार का लक्ष्य है, उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय, और अटलविहारी वाजपेई की विचारधारा का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रवाद भाजपा का मूल एजेंडा है।

## साइबर हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली पर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल द्वारा समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** आज दिनांक 8.12.2025 को पुलिस उपायुक्त सेंट्रल, श्रवण कुमार सिंह द्वारा सेंट्रल जोन कार्यालय में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी की अध्यक्षता की। इस बैठक में जोन के सभी थानों में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क के अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। जिसमें उनके द्वारा अनेकों बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह द्वारा दिये गये प्रमुख निर्देशों के अनुसार त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाईः साइबर धोखाधड़ी के प्रत्येक मामले में तत्काल और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वित्तीय नाकेबंदीः फ्रॉड में प्रयुक्त मोबाइल नंबरों, बैंक खातों और वॉलेट्स को तुरंत ब्लॉक करने की कार्रवाई की जाए, ताकि अपराधियों को अन्य नागरिकों को धोखा देने से रोका जा सके। शिकायत निवारणः प्रत्येक थाना-स्तर पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क को आम नागरिकों की शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने और पीड़ितों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

व्यापक जन जागरूकता अभियानः आम जनमानस को साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूक करने हेतु एक व्यापक जनसंपर्क अभियान (जन जागरण अभियान) चलाने पर विशेष बल दिया गया। नागरिकों को राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल http://cybercrime.gov.in का उपयोग करने का सही तरीका बताया जाए, ताकि आर्थिक नुकसान को रोका जा सके और अपराधियों तक शीघ्र पहुंचा जा सके। इस अभियान के तहत विद्यालयों, कॉलेजों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आधुनिक तकनीक का उपयोगः साइबर अपराधों के खुलासे (अनावरण) हेतु आधुनिक तकनीक, ट्रेसिंग टूल्स और डेटा एनालिसिस का अधिकतम उपयोग करने पर जोर दिया जाए।

## सजेती थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक के हाथ बांध कर मारपीट की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना सजेती क्षेत्र में वर्चस्व को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव एक बार फिर खुल कर सामने आ गया, मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक रूप ले बैठा। इस दौरान एक युवक असलहा लेकर मौके पर पहुंच गया, जिसके बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने उसे पकड़ लिया, आरोप है कि युवक के हाथ बांध कर उसके साथ जमकर मारपीट की गई, घटना के दौरान मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरी वारदात का वीडियो बना लिया,जो बाद में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया, हालांकि दैनिक स्वतंत्र प्रभात वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वायरल वीडियो सजेती थाना क्षेत्र के कोटरा मकरंदपुर गांव का हैं, वीडियो में युवक के साथ की जा रही मारपीट साफ़ तौर पर देखी जा सकती है, जिससे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल बन गया है, वायरल वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया, सूचना मिलते ही सजेती थाना पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए अपनी जांच शुरू कर दी है, प्रारम्भिक जांच में सामने आया है कि दोनों पक्षों के बीच पहले से वर्चस्व को लेकर तनातनी चली आ रही थी,इसी रंजिश के चलते पहले कहा सुनी हुई,और फिर बात मारपीट तक पहुंच गई, पुलिस का कहना है कि फिलहाल पीड़ित युवक की ओर से कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है, पुलिस ने पीड़ित से तहरीर देने को कहा है , ताकि घटना से जुड़े सभी तथ्यों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा सके,सजेती थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो मेरे संज्ञान में है,इसकी गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है , जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे , उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नरवल में चेकिंग, दो भारी वाहन सीज, 65 गाड़ियों पर 4, 27 लाख का चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** कानपुर नगर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर नरवल तहसील क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया गया,इस संयुक्त अभियान में प्रशासन, पुलिस , और परिवहन विभाग की टीमें शामिल थी,नरवल मोड़ पर चलाए गए इस चेकिंग अभियान के दौरान दो भारी वाहनों को सीज किया गया,और 65 वाहनों पर कुल 4,27 लाख रुपए का चालान किया गया। टीम ने चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच भी की,यह प्रवर्तन अभियान मुख्य रूप से बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों, ओवरलोडड, वाहनों, बकाया टैक्स, बिना तिरपाल के खनिज ढुलाई, प्रदूषण प्रमाण पत्र की कमी,शराब पीकर वाहन चलाने,और ड्राइविंग लाइसेंस न दिखानें, जैसे उल्लंघनों पर केंद्रित था,हाल ही में बिना नंबर या धुंधले नंबर वाले वाहनों के कारण हिट एंड रन मामलों में व्रदि देखी गई थी, जिसके मद्देनजर इस अभियान को तेज किया गया, एसडीएम नरवल विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि सड़क सुरक्षा से जुड़ी हर लापरवाही गंभीर परिणाम दे सकती है और नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने हिट एंड रन मामलों को कम करने, पीड़ितों को मुआवजा प्रदान करने और कोहरे जैसी स्थितियों में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नियमित और प्रभावी प्रवर्तन के स्पष्ट निर्देश दिए हैं,इन निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाएगा,और नियम विरुद्ध वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेंगी।

### सरकारी वाहन के ड्राईवर से पड़ौसी ने की मारपीट

**सड़क पर मटेरियल रखकर अतिक्रमण का विरोध किया था चालक ने**

**ललितपुर।** कलेक्ट्रेट में सरकारी वाहन के चालक मोनू तिवारी पुत्र स्व.कैलाश तिवारी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते रविवार को रात करीब पौने नौ बजे वह अपने घर की गली में आया तभी उसके पड़ौस में रहने वाले अजय पटेल व उसका पुत्र टिंकू पटेल का गिट्टी, बजरी मटेरियल रखा हुआ था। इस पर उसने गाड़ी निकालने के लिए मटेरियल हटवाने की बात कही। आरोप है कि इतना सुनते ही पिता-पुत्र ने आग बबूला होकर उसके साथ गालियां दीं और मारपीट पर आमादा हो गये। शोरगुल सुनकर उसके परिजन व पड़ौसी एकत्र हो गये, जिन्होंने बीच-बचाव किया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसकी कार की तोड़फ़ोड़ कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने मोनू तिवारी की तहरीर पर उक्त पिता-पुत्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 131, 352, 351 (3) व 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## घर से खाद लेने के लिए निकला युवक का शव पेड़ से लटकता मिला, मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर।** जिले के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भलुही गांव निवासी बुधिराम निषाद( 28 ) पुत्र भारत निषाद का सोमवार भोर में गांव के पूरब स्थित पीडब्लू डी सड़क के पास मंदिर के निकट एक पाकड़ के पेड़ पर गले में रस्सी के फंदे के सहारे लटकता हुआ मिला । इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया । सोमवार की सुबह अपने खेत देखने के लिए निकले ग्रामीणों को शव दिखाई दिया, धीरे धीरे ग्रामीण और आवागमन करने वाले राहगीरों भारी भीड़ इकठ्ठा हो गई ।ग्रामीणों ने शव की पहचान बुधिराम निषाद के रूप में हुई जिसकी सूचना मृतक के माता पिता को दी गई, माता पिता घटना स्थल पर पहुंचकर देखा तो जैसे पैर तले जमीन खिसक गई हो।

मृतक के माता- पिता के मुताबिक बुधिराम अपने पत्नी के साथ मिश्रौलिया थाना क्षेत्र स्थित गोनरा गांव ससुराल में रह रहा था,पत्नी से नाराज होकर वह दो महीने पूर्व अपने पैतृक गांव भलुही माता पिता के पास आकर बोला कि मुझे एक थ्री व्हीलर ई गाड़ी लेना है, पिता ने कुछ खेत बेचकर बेटे को ई थ्री व्हीलर रिक्शा खरीद कर दे दिया,वही वाहन चलाता था, सवारी ढोता था, रविवार खाना पानी खाकर माता पिता से यह बोलकर देर शाम निकला कि चार सवारी चेतिया छोड़ना है,और चेतिया से बांसी खाद लेने जाना है, घर लौट कर आने में रात हो जायेगा, माता पिता सो गए, सोमवार सुबह ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया।

घटना स्थल पर माता पिता और ससुराल में रह रही पत्नी निर्मला देवी मायके वालों के साथ पहुंचकर शव से लिपट कर दहाड़ मारकर रोने लगी, घटना की सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी मय फोर्स और जिले से सूचना पाकर फॉरेसिक टीम घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

उक्त घटना की गांव में चर्चा है कि पारिवारिक कलह ने इकलौते बेटे की ले ली जान, लोगों में चर्चा है कि दस वर्ष पूर्व जबसे बुधिराम की विवाह हुआ तब से मृतक की पत्नी निर्मला देवी कुछ दिनों तक अपने पति के साथ मुंबई लेकर रही,और कई वर्षो से अपने मायके में साथ रह रही थी, सप्ताह पूर्व से बुधिराम अपने माता पिता के पास अपने गांव भलुही आकर रह रहा था। इस संबन्ध में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी ।

## महाराज पुर विधानसभा क्षेत्र में सांसद विधायक खेल स्पर्धा शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर-** कानपुर नगर के महाराज पुर विधानसभा क्षेत्र में सांसद विधायक खेल स्पर्धा का आज शुभारंभ हुआ, रूमा स्थित एक्सिस कालेज में आयोजित विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किया,कल 09दिसम्बर तक चलेंगी, जिसमें खिलाड़ी कबड्डी, कुश्ती, वालीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, भारोत्तोलन,और एथलेटिक्स, जैसे विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि खेल में कोई हारता नहीं, जीतता है या सीखता है,यह प्रतियोगिता युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा सांसद विधायक खेल महोत्सव के तहत् आयोजित की गई है,इसका मुख्य उद्देश्य महाराज पुर विधानसभा क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को एक साझा मंच प्रदान करना है।

महाना ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला, उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश में युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, उन्होंने कहा कि खेल केवल शरीर को ही नहीं बल्कि मन, आत्मविश्वास, अनुशासन, और सबसे महत्वपूर्ण, टीम वर्क की भावना को भी सशक्त बनाते हैं,यह शारीरिक शक्ति, सहनशक्ति,और ,समग्र कल्याण के लिए आवश्यक है साथ ही एकाग्रता,तनाव, प्रबंधन,और आत्मविश्वास जैसे मानसिक गुणों को भी विकसित करते हैं , इस खेल स्पर्धा में एथलेटिक्स, कुश्ती, वालीबॉल , फुटबॉल, बैडमिंटन,और कबड्डी, सहित कई खेलो का आयोजन किया गया, बड़ी संख्या में बालक और बालिकाओं ने इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया , युवा खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गो में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिला युवा कल्याण विभाग की आरती जायसवाल ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा,, क्षेत्रीय युवा् कल्याण अधिकारी सरसौल निधि पांडेय के अनुसार,यह महाराज पुर विधानसभा क्षेत्र मे आयोजित स्पर्धा का सातवां चरण है,इस अवसर पर युवक युवक मंगल दल ,बालक, और बालिका, को खेल किट भी वितरित की गई।

## पथ विक्रेता, रेहड़ी, फेरी वाले पीएम स्वनिधि योजना का उठाये लाभ, करायें आनलाइन आवेदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया है कि जून 2020 में शुरू की गयी प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना ने प्रदेश के 1392 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स को सफलता पूर्वक लाभान्वित किया गया है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में मार्च 2030 तक पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और विस्तार को मंजूरी दे दी है। नगर पालिका परिषद/समस्त नगर पंचायतों मे प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर निधि योजना (पी0एम0स्वनिधि) योजना के अंतर्गत पथ विक्रेता, रेहड़ी, फेरी वालो को 15000 रूपये तक के कार्य करने हेतु ऋण की सुविधा बैंको के माध्यम से प्रदान की जाती है। ऋण एक वर्ष मे 12 मासिक किस्तो के माध्यम से वापस करना होता है। किसी भी प्रकार की बैंक गारन्टी नही देय है। समय पर या समय से पहले ऋण वापसी करने पर 7 प्रतिशत की दर से ब्याज सब्सिडी मिलेगी। डिजिटल लेनदेन करने पर 50-100 रूपये तक की मासिक कैशबैक मिलेगा।प्रथम ऋण समय से वापसी पर द्वितीय किश्त 25000 रूपये व द्वितीय किश्त वापसी पर तृतीय किश्त 50000 रूपये ऋण बैंको के माध्यम से प्रदान किया जाता है। प्रथम ऋण के नये आवेदन ऑनलाइन आवेदनों की ऋण स्वीकृति, डिजिटली इनएक्टिव वेण्डर्स, वेण्डर्स प्रोफाइलिंग एवं स्कीम लिंकेज को दृष्टिगत प्रत्येक नगर निकायों में प्रत्येक दिवस निर्धारित किया जाता है। उन्होने बताया है कि नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ में प्रत्येक दिवस 10 प्रथम ऋण के नये आवेदन ऋण स्वीकृति वेण्डर्स प्रोफाइलिंग एवं स्कीम लिकेज का लक्ष्य, प्रत्येक नगर पंचायत में प्रत्येक दिवस 5 प्रथम ऋण के नये आवेदन ऋण स्वीकृति वेण्डर्स प्रोफाइलिंग एवं स्कीम लिकेज का लक्ष्य है। प्रोफाइलिंग में छूटे हुये वेण्डर्स एवं उनके परिवार के सदस्यों की प्रोफाइलिंग एवं स्कीम लिंकेज कराना है। पीएम स्वनिधि योजना का लाभ समस्त नगर निकाय में संचालित हैं। वेण्डर्स अपना आनलाइन आवेदन नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ एवं नगर पंचायत प्रतापगढ़ मे करा सकते हैं।

## जनपद स्तरीय गणित प्रदर्शनी में अनुपम भारद्वाज ने बाजी मारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जनपद स्तरीय गणित प्रदर्शनी उप शिक्षा निदेशक/ प्राचार्य उमेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ प्रवक्ता लालजी पाण्डेय के नेतृत्व में जनपद सिद्धार्थनगर में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों व माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की जनपद स्तरीय गणित प्रदर्शनी डायट बॉसी सिद्धार्थनगर में सकुशल संपन्न हुई। इस अवसर पर नोडल प्रवक्ता पंकज कुमार ने बताया कि जनपद स्तर पर गणित प्रदर्शनी में उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों व माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया । जिसमें उच्च प्राथमिक स्तर में प्रथम स्थान पर कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय टड़वल घाट, बॉसी की शिक्षिका अनुपम भारद्वाज , द्वितीय स्थान पर कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेलउख, खेसरहा की शिक्षिका रीता कुमारी , तृतीय स्थान पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुपौली, खेसरहा के शिक्षक भविष्य चंद्र शर्मा का चयन हुआ । माध्यमिक स्तर में प्रथम स्थान पर जनता विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज उदयराजगंज के सहायक अध्यापक दीपक गुप्ता एवं द्वितीय स्थान पर श्री दुर्गा जी चौधरी पटेश्वरी प्रसाद इण्टर कॉलेज पटनी जंगल के सहायक अध्यापक अरूण कुमार का चयन हुआ।नोडल प्रवक्ता पंकज कुमार ने यह भी बताया कि गणित प्रदर्शनी में शिक्षकों की गणितीय प्रतिभा , तर्क कौशल और समस्या समाधान कौशल को बढ़ावा देने तथा गणित विषय के प्रति शिक्षकों द्वारा छात्रों में रुचि उत्पन्न करने के लिए आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रवक्ता अनिल कुमार बिंद, धर्मेंद्र कुमार, अनुराग कुमार श्रीवास्तव, महेंद्र कुमार यादव, मोहम्मद यूनुस, फुरकान अहमद, मंजुला यादव, श्रवण कुमार, डॉ प्रतिभा सिंह, बद्रीनाथ त्रिपाठी एवं हुमाना के सदस्य सिद्धार्थ त्रिवेदी, विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क हादसे में वरिष्ठ पत्रकार घायल, पैर में फ्रैक्चर



लालगंज (रायबरेली)। सोमवार को अपने घर से बहन के यहां जा रहे वरिष्ठ पत्रकार अमरेश पटेल उर्फ मिलन सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना सराय बैरिया खेड़ा-चक चोरहा मार्ग पर कनकापुर गांव के पहले हुई।जानकारी के अनुसार, लालगंज थाना क्षेत्र के मीठापुर गांव निवासी पत्रकार अमरेश पटेल सोमवार दोपहर बाइक से अपनी बहन के घर कुर्मी सराय गांव जा रहे थे। जैसे ही वह गेगासो-लालगंज मार्ग से सराय बैरिया खेड़ा गांव की ओर मुड़े, तभी कनकापुर गांव के पहले एक चार पहिया वाहन के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना उन्होंने गेगासो चौकी इंचार्ज अरविंद चौधरी को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने पैर में फ्रैक्चर होने की पुष्टि करते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि बाद में परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए फतेहपुर ले गए।पुलिस का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### ओवरटेक करते, बाइकें सामने-सामने टकराईं, दोनों बाइक सवार घायल



हमीरपुर- जनपद के बिवांर थाना खेल मैदान के सामने एसएच 42 पर सोमवार शाम लगभग साढ़े चार बजे दो बाइकें सामने-सामने टकरा गईं, दोनों बाइक सवार घायल हो गए। दोनों बाइक सवार हैलमेट



लगाए हुए थे, जिस वजह से दोनों के चेहरे पर हल्की चोटें आईं। निवादा निवासी राजेन्द्र तिवारी अपने जलालपुर स्थित स्कूल से घर वापस लौट रहे थे और निवादा के ही सोमनाथ प्रजापति (राजमिस्त्री) अपने गांव से बिवांर की तरफ आ रहे थे।बिवांर थाना से कुछ पहले, खेल मैदान के सामने रोड पर लगी ट्रकों की कतार को ओवरटेक करते वक्त सोमनाथ की बाइक अपनी सेड से आ रहे राजेन्द्र की बाइक से सामने-सामने टकरा गई।दोनों ही बुरी तरह घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। थाना पास ही होने की वजह से पुलिस ने फौरन एम्बुलेंस से छानी सामुदायिक केंद्र भेज दिया।कस्बा इंचार्ज अंकित बैसला ने बताया, दोनों को बहुत गम्भीर चोटें नहीं हैं, जल्द ठीक हो जाएंगे।

### सवा पाँच किलो अवैध गाँजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



हमीरपुर- मुस्करा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एक युवक को बड़ी मात्रा में गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। कस्बा थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी ने बताया कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ चल जा रहे अभियान के तहत जानकारी मिली कि कस्बा थाना क्षेत्र के बसवारी गांव का युवक प्रियांशु 25 वर्ष उर्फ गोलू महाराज पुत्र मोहन प्रकाश पचौरी अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करता है। जिस पर पुलिस टीम के उपनिरीक्षक राजीव कुमार साहू, उपनिरीक्षक दिनेश प्रसाद, हेड कांस्टेबल कमलेश यादव, कांस्टेबल आकाश कुमार, एवं का0 नरेंद्र सिंह ने मिलकर कार्रवाई की, और गोलू महाराज को बसवारी मौदहा मार्ग में जाकर घेर लिया। और उसकी तलाशी ली गई। तब उसके पास से 5 किलो 280 ग्राम अवैध सूखा गांजा बड़ी मात्रा में बरामद हुआ। जिस पर उसे टीम द्वारा गिरफ्तार कर थाना मुस्करा लाया गया। जहां अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की गई। बताया कि उक्त अभियुक्त गोलू महाराज का पूर्व में भी आर्म एक्ट जैसी कई धाराओं में जनपद के अलग- अलग थानों में मुकदमा पंजीकृत हैं।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऐहार के गेट पर भारी वाहनों का अतिक्रमण, मरीजों को भारी परेशानी

● अस्पताल गेट पर भारी वाहनों का कब्जा, मरीजों की जान से खिलवाड़

रेलकोच कारखाना के भारी माल वाहनों का अस्पताल गेट के सामने कब्जा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लालगंज, रायबरेली। सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 232 सड़क किनारे भारी वाहनों की लम्बी कतार लगी रहती है।रेलकोच फैक्ट्री के निकट स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऐहार के मुख्य गेट पर रोजाना कारखाने में माल लाने वाले भारी वाहनों का कब्जा बना रहता है। इससे अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि कई बार आपातकालीन सेवाएं भी पूरी तरह प्रभावित हो जाती हैं।भारी वाहनों की अवैध पार्किंग के कारण चार पहिया वाहन और एंबुलेंस तक अस्पताल परिसर में प्रवेश नहीं कर पातीं। कई बार गंभीर मरीजों को गेट के बाहर ही उतारना पड़ता है, जिससे उनकी जान पर सीधा खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस लापरवाही के चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

**स्थानीय लोगों का कहना**

स्थानीय निवासी विनय कुमार, पुनीत सैनी, विरेंद्र वर्मा,रामकिशोर, अजय वर्मा,बबलू यादव, शोभित, श्यामू मिस्त्री और राजेश कुमार चौरसिया सहित अन्य लोगों का कहना है कि 'सुबह से शाम तक भारी वाहन अस्पताल के गेट के सामने खड़े रहते हैं। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।' लोगों का यह भी कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो किसी दिन बड़ी अनहोनी हो सकती है।

**प्रशासन का पक्ष**

इस संबंध में जब डाक्टर निधि वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है। संबंधित अधिकारियों का कहना है कि 'अस्पताल के सामने खड़े होने वाले भारी वाहनों को हटाने के लिए जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। किसी भी हालत में अस्पताल की आपात सेवाओं में बाधा नहीं आने दी जाएगी।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए भाई परमानन्द

हमीरपुर- सुमेरपुर में वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत क्रांतिकारी भाई परमानंद की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गए।संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने महान क्रांतिकारी भाई परमानन्द की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि भाई परमानन्द बलि पथ के अडिग राही थे, इनके देश के प्रति योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता है। इनका जन्म 4 नवंबर 1876 को झेलम पंजाब में ताराचंद और मथुरा देवी के घर हुआ था। ये योद्धा, लेखक और समाजनिष्ठ थे। देश के क्रांतिकारी आन्दोलन को इन्होंने आधार प्रदान किया। शहीद भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु, बिस्मिल जैसे युवा क्रांतिकारी के यह प्रेरणा स्रोत थे। इनकी भारत का इतिहास, वीर बन्दा वैरागी और मेरी आप बीती जैसी कृतियां प्रसिद्ध है। देश की आजादी के समय भारत विभाजन से दुखी होकर ये कमजोर हो गये और इसी चिंता में 8 दिसम्बर 1947 को इनका निधन हो गया था। इस कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, सागर, महावीर प्रजापति इलेक्ट्रीशियन, दयाराम सोनकर, रिचा, भोलू सिंह, विकास, रामनरायन सोनकर, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

## सच्चिदानन्द पैलेस में श्रीमद्भागवत कथा में गूंजा महारास का दिव्य प्रसंग, भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



लालगंज (रायबरेली)। क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित प्रसिद्ध बाल्हेश्वर मंदिर के निकट सच्चिदानन्द गेस्ट हाउस में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण की महा रासलीला का दिव्य प्रसंग सुनाया गया। कथा सुनते ही पूरा परिसर भक्तिभाव से सराबोर हो उठा।कथा व्यास पं. झिलमिल महाराज ने बताया कि जीव का ब्रह्म से मिलन ही महारास कहलाता है। उन्होंने कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन में अपनी मधुर वंशी बजाई तो गोपिकाएं सब कुछ त्यागकर उनकी ओर दौड़ी चली आईं, क्योंकि श्रीकृष्ण ही गोपेश्वर अर्थात परमात्मा हैं। आत्मा और परमात्मा का यही दिव्य मिलन महारास के रूप में प्रकट होता है।कथा व्यास ने यह भी बताया कि महारास के दौरान भगवान शिव भी माता पार्वती के साथ गोपी वेश में दर्शन के लिए पहुंचे थे। श्रीकृष्ण ने उन्हें देखते ही पहचान लिया और मुस्कुरा उठे।

इस प्रकार हरि और हर का पावन मिलन हुआ। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें श्रद्धा से नम हो गईं।इसके बाद कथा व्यास ने रुक्मिणी विवाह का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि रुक्मिणी श्रद्धा का प्रतीक हैं, जबकि श्रीकृष्ण विश्वास के प्रतीक हैं। श्रद्धा और विश्वास का संगम ही जीवन को पूर्ण बनाता है। कथा के दौरान श्रीकृष्ण की माखन लीला, दामोदर लीला, मधुराष्टक, बकासुर वध, सटकासुर उद्धार सहित अन्य लीलाओं का भी विस्तार से वर्णन किया गया। प्रत्येक प्रसंग पर श्रोता जय-जयकार करते रहे। कार्यक्रम में घनश्याम सोनी, किरण सोनी, महेश सोनी, रज्जन गुप्ता, शिवगोपाल गुप्ता,श्री राम मास्टर, अनुज अवस्थी, अतुल मिश्रा, अनुराग, शिवबरन वर्मा, संजू तिवारी, विनोद सोनी, हरिओम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खेत में खूनी संग्राम! जमीनी विवाद में दो परिवारों के बीच भीषण संघर्ष, 10 लोग लहूलुहान, दो की हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के पूरे सनई मजरे कुंडवल गांव में सोमवार दोपहर जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद इतना बढ़ा कि देखते ही देखते दो पक्षों के बीच लाठियों और डंडों से खूनी संघर्ष शुरू हो गया। इस भीषण मारपीट में दोनों पक्षों से 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत चिंताजनक बनी हुई है।जानकारी के अनुसार गांव के राहुल और मोतीलाल के बीच काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था। सोमवार करीब दो बजे मोतीलाल का परिवार विवादित खेत में गेहूं की बुवाई कर रहा था। तभी राहुल का परिवार वहां पहुंच गया और काम का विरोध करने लगा। पहले कहासुनी हुई, फिर बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों के लोग आपस में एक-दूसरे पर टूट पड़े।

इस मारपीट में मोतीलाल पक्ष से जनक दुलारी, मोतीलाल, सुनीता, खुशबू और पूजा घायल हुए हैं। वहीं राहुल पक्ष से राहुल, उनकी मां गणेश, विनीता, उमा, अर्चना और रोशनी को भी गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को आनन-फानन में सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से जनक दुलारी और मोतीलाल को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को काबू में लिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के घायलों का इलाज कराया जा रहा है और लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## चार दिन से ठप है पीडब्ल्यूडी की वेबसाइट, लोग परेशान; दर्ज नहीं करा पा रहे शिकायतें

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के लिए विकास कार्य करने वाली सबसे प्रमुख एजेंसी लोक निर्माण विभाग की पिछले चार दिन से वेबसाइट ठप है। मगर विभाग के अधिकारी बेखबर हैं। जनता परेशान हो रही है, लोग सड़कों और स्ट्रीट लाइटों से संबंधित शिकायतें वेबसाइट पर नहीं कर पा रहे हैं, जिन लोगों ने शिकायतें की हैं वे अपना स्टेटस नहीं जान पा रहे हैं। वहीं परियोजनाओं की प्रतिदिन की निगरानी के लिए बनाया गया विभाग का प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सिस्टम ठप है। विभाग के तमाम आर्डर वेबसाइट पर लोड होते हैं, वह कार्य भी ठप है। वेबसाइट क्यों ठप हुई और कब तक ठीक होगी इस पर अधिकारी जवाब देने को तैयार नहीं हैं, अधिकारी इसे लेकर गंभीर भी नहीं दिख रहे हैं। दिल्ली लोक निर्माण विभाग में 3000 से अधिक स्टाफ काम कर रहा है। इसमें से 600 से अधिक अभियंता कार्यरत हैं। इस विभाग के पास में 1440 किलोमीटर लंबाई वाली सड़कें हैं। विभिन्न सरकारी विभागों की इमारतों का निर्माण और उनके रखरखाव की जिम्मेदारी भी इसी विभाग के पास है।

## डीएम की अध्यक्षता में आयुष्मान कार्ड के विशेष अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रायबरेली, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत जनपद में चलाये जा रहे आयुष्मान कार्ड के विशेष अभियान (25 नवम्बर से 25 दिसम्बर 2025) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की गयी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.नवीन चंद्रा एवं नोडल अधिकारी-आयुष्मान भारत डॉ.अशोक कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद रायबरेली के निर्धारित आयुष्मान कार्ड लक्ष्य 1521204 के सापेक्ष 942830 आयुष्मान कार्ड (61.98%) बना लिए गये है।

जिलाधिकारी द्वारा आयुष्मान कार्ड अभियान के सम्बन्ध में समस्त सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि योजनान्तर्गत समस्त शेष बचे लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाकर संतृप्त किया जाए तथा ऐसे शेष लाभार्थी जिनका नाम कई योजनाओं में डुप्लीकेट, डाटा मिसमैच, मृतक, विस्थापित इत्यादि की लाइन-लिस्टिंग भी इसी अभियान में कर ली जाए। आशा, आँगनवाड़ी, सहायिका एवं BOCW श्रेणी के समस्त शेष बचे लाभार्थियों तथा 70+ श्रेणी के समस्त लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाकर संतृप्त किया जाए।

जिलाधिकारी द्वारा खराब प्रदर्शन करने वाले ब्लाको को आगामी समीक्षा बैठक में अपना प्रदर्शन सुधार कर अपडेटेड रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, समस्त एस.डी.एम., जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, समस्त अधीक्षक (सामु.स्वा.केंद्र), जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी (आई0 सी0 डी0 एस0), जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी (नगर पालिका), जिला समाज कल्याण अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त बी.डी.ओ., समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी, जिला क्रियान्वयन इकाई आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्यरत (डी0पी0 सी0-डी0 सौरभ चौधरी, डी आई एस एम0 अनुराग तिवारी, डी0 जी0 एम0 श्री निवेश श्रीवास्तव, जिला समन्वयक (NRLM), समेत समस्त सी.डी.पी.ओ एवं अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## अभिभावकों ने परिषदीय विद्यालय देर से खुलने का लगाया आरोप

● अभिभावकों व अध्यापकों के बीच हुई नोकझोंक, विभागीय जिम्मेदार मौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



हमीरपुर- मौदहा विकास खण्ड क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों का तय समय से खुलना और शिक्षण में लापरवाही का खामियाजा मासूम बच्चे भुगत रहे हैं।वहीं इसका विरोध करने पर शिक्षकों द्वारा सरकारी काम में बाधा डालने की शिकायतें कर बच्चों के अभिभावकों को झूठे केस में फंसाने मामले भी आते रहते हैं। लेकिन अध्यापकों पर विभागीय कार्यवाही नहीं होने की वजह से क्षेत्र के शिक्षा के मंदिर लगातार बदनाम हो रहे हैं और असामाजिक का अखाड़ा बनते जा रहे हैं।ताजा वाकया सोमवार का है।सिलौली गांव के स्कूल में तैनात अध्यापकों पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए सैकड़ों ग्रामीण स्कूल पहुंच गए इस दौरान शिक्षकों और अभिभावकों में तीखी झड़प भी हुई।मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिलौली स्थित स्कूल में तैनात शिक्षकों रामलखन सोनी,राजकुमार गुप्ता और हरिमोहन गुप्ता पर सैकड़ों ग्रामीणों ने शिक्षण कार्य में रुचि न लेने, बच्चों को जातिसूचक शब्द बोलने, स्कूल में घूमपान करने और अपनी गाड़ियां धुलवाने सहित मिडडे मील भोजन घटिया परोसने जैसे गंभीर आरोप लगाते ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों और अध्यापकों में नीखी नोकझोंक हुई। ग्रामीणों ने तीनों अध्यापकों के ट्रांसफर और विभागीय कार्यवाही की मांग की है। जबकि खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार कमल ने मामले की जांच के बाद नोटिस जारी करने और विभागीय कार्यवाही करने की बात कही है।

बताते चलें कि, बीते दिनों विकासखण्ड क्षेत्र के सिजनौडा ,पढोरी और भैसता गांवों में भी इसी तरह के मामले सामने आ चुके हैं ,लेकिन विभाग द्वारा मामलों को गम्भीरता से न लेने पर बच्चों की प्राथमिक शिक्षा पर प्रभाव पड़ रहा है।

## अरुणाभा वेलफेयर सोसाइटी ने किया समाजसेवियों को सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र सिंह भुल्लर



नई दिल्ली: बीते रविवार को देश की लोकप्रिय सामाजिक संस्था अरुणाभा वेलफेयर सोसाइटी ने देश के अनेक लोगों को 'भारत गौरव रत्न सम्मान' से सम्मानित किया। इस अवसर पर 101 लोगों को सम्मान से नवाजा गया। सम्मान प्राप्त करने में तमाम श्रेणी के लोग शामिल रहें। मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक लोग, कला व साहित्य के क्षेत्र से जुड़े सदस्य व पत्रकारों को भी इस अवसर पर अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में हेम सिंह राणा (कृभको और नेशनल को - आपरेटिव यूनियन के औल इंडिया डायरेक्टर), अरविन्द सक्सेना (पी.ए. टू रेजिडेंट कमिश्नर, मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली), जयदीप सिंह (निजी सचिव सूचना एवं प्रसारण मंत्री) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें।एवं वरिष्ठ आर्टिस्ट गोपाल सक्सेना के साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार और समाज सेवी विकास सक्सेना, पी. सी. गुप्ता, शंभु भद्र, सुशील श्रीवास्तव, दीपक चौधरी, मधु वशिष्ठ, बबीता नागर छाबड़ी आदि उपस्थित रहे। यह संस्था पिछले 7 सालों से सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही है। इस मौके पर संस्था की संस्थापिका अध्यक्षा प्रणीता प्रभात ने कहा कि उनका लक्ष्य समाज के उन लोगों को आगे बढ़ाना है जो बहुत मुश्किल परिस्थितियों में अपना जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था के माध्यम से जरूरतमंद लोगों के बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि संस्था के कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को उनकी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया जाता है ताकि वे भविष्य में तमाम क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। इसके अलावा उन्होंने बताया कि उनका मुख्य लक्ष्य छोटे बच्चों और युवाओं के साथ काम करना है ताकि इन लोगों को आगे बढ़ने का सही मार्ग मिल सकें।

## दो बाइकों में आमने-सामने की टक्कर, कारोबारी की मौत से परिवार में मचा कोहराम

हापुड़। हापुड़ में कोतवाली देहात क्षेत्र में पुराने दिल्ली हाईवे पर दो बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इसमें एक बाइक पर सवार कारोबारी को गंभीर हालत में देवनंदनी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार युवकों के परिजन उनको किसी निजी अस्पताल ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शहर में पुराने दिल्ली हाईवे पर गढ़ मार्ग पर नाले का निर्माण चल रहा है। ऐसे में कुछ दूरी तक दोनों लेन के यातायात को एक साइड से होकर चलाया जा रहा है। रविवार रात करीब आठ बजे मारुति शोरूम के सामने दो बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे दोनों बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक एक बाइक पर सवार दो युवकों को उनके परिजन किसी निजी अस्पताल में लेकर चले गए थे। वहीं शिवगंज के नितिन उर्फ भीम 24 वर्ष वहीं पर घायल अवस्था में पड़ा था। वह लकड़ी का व्यापारी था। पुलिस ने उसको देवनंदनी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## मोटरसाइकिल की टक्कर से घायल हुई महिला की इलाज दौरान हुई मौत, परिजनों में छाया मातम





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हमीरपुरः- कस्बा/थाना बिवांर निवासिनी मानकुंवर (67)पत्नी डॉ राजाभइया कुशवाहा को बीते 2 दिसम्बर की सुबह सड़क किनारे कूड़ा फेंककर लौटते वक्त तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी थी। द्वबाइक की जोरदार टक्कर और सड़क पर गिरने से सिर पर गंभीर चोट आ गई थी।परिजनों पहले जिला अस्पताल ले गए लेकिन सिर और गंभीर चोट आने से खून का बहना बंद नहीं हो रहा था जिस वजह उन्हें जिला अस्पताल से कानपुर रिफर कर दिया गया। परिजन पहले तो कानपुर के न्यूरॉन अस्पताल ले गए लेकिन हालत ज्यादा खराब होने के वजह से भर्ती करने से इनकार कर दिया।मृतका के पुत्र डॉ जीतू ने बताया कि उसके बाद उन्होंने कानपुर के पनेशिया अस्पताल में भर्ती कराया ,जहां ब्रेन का ऑपरेशन हुआ।बताया ऑपरेशन के बाद फिर हुआ खून का रिसाव शुरू हो गया ,जिसके बाद इलाज के लिए ग्वालियर ले गए ,लेकिन ग्वालियर के एक निजी अस्पताल में इलाज दौरान रविवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे मौत हो गई।पोस्टमार्टम कराकर लौटे परिजनों ने सोमवार सुबह नम आँखों से अंत्येष्टि की।

वहीं मृतका के पुत्र डॉक्टर जीतू ने पुलिस पर भी हीलाहवाली का आरोप भी लगाया है ,बताया कि तहरीर देने पर प्राथमिकी तो दर्ज कर ली थी लेकिन कोई अग्रिम कार्यवाही नहीं की। थाना प्रभारी नन्दराम ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी थी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## भटकी हुई मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को पुलिस ने घर पहुँचाया



भदोही। मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए भदोही पुलिस ने एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुँचाकर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। घटना 06 दिसंबर की रात करीब 10 बजे की है, जब पीआरवी 7673 को सूचना मिली कि थाना औराई क्षेत्र के भगवानपुर गांव में एक आंशिक रूप से विचलित महिला भटक कर पहुंच गई है। सूचना मिलते ही पीआरवी टीम तत्काल मौके पर पहुँची और महिला को सुरक्षित मिशन शक्ति केंद्र, औराई ले जाया गया। वहां तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने धैर्यपूर्वक व सहजता से बातचीत कर उसके परिजनों का पता लगाया। महिला के परिजन ग्राम सागरपुर बबई, थाना सुरियावां निवासी हैं। वे तत्काल औराई आने में असमर्थ थे, ऐसे में पुलिस टीम ने स्वयं महिला को उसके घर पहुंचाकर परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर दिया। महिला को सुरक्षित घर पहुंचाने की यह संवेदनशील पहल परिजन ही नहीं, बल्कि आमजनमानस द्वारा भी खूब सराही जा रही है। पुलिस अधीक्षक भदोही श्री अभिमन्यु मांगलिक ने भी पुलिस टीम की तत्परता और मानवीय कार्य की सराहना की।

# धनुष यज्ञ की लीला का किया जीवंत मंचन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





हमीरपुर- मौदहा विकासखण्ड क्षेत्र के गांव इचौली स्थित मढ़ली माई मन्दिर प्रांगण में चल रहे 31 शतचंडी महायज्ञ में अंतिम दिन रामलीला महोत्सव में सोमवार को धनुष यज्ञ और लक्ष्मण-परशुराम संवाद का जीवंत मंचन किया गया। रात भर चले मंचन में परशुराम-लक्ष्मण के ऊंचे स्वर गाँव में गूंजते रहे। रामलीला मंडली चित्रकूट के कलाकारों ने रामलीला मंचन की शुरुआत से पूर्व भारत माता गीत गाकर झांकी पेश की। उसे देखकर दर्शक मोहित हो गये। कार्यक्रम में माता सीता के स्वयंवर की तैयारी शुरू हो गयी। राजा जनक ने दूर दूर के राजाओं को आमंत्रण दिया। राजा महाराजाओं ने भागीदारी कर सीता माता के साथ विवाह करने की इच्छा जाहिर की। लेकिन माता से विवाह करने के लिए कोई भी राजा, महाराजा धनुष तोड़ना तो दूर उसे हिला भी नहीं सका। गुरु की आज्ञा लेने के बाद भगवान श्रीराम ने जैसे ही धनुष तोड़ा वैसे ही रामलीला प्रांगण में बैठे दर्शकों ने तालियां बजायी और जय श्री राम के नारे लगाये। शहनाई वादन होने लगी तथा स्त्रियां मंगल गीत गाने लगीं और राम सीता का विवाह हुआ। धनुष टूटते ही परशुराम जी आये और क्रोधित होते हुये धनुष तोड़ने वाले के बारे में पूंछा। तो नाराज लक्ष्मण का उनसे संवाद हो गया। लक्ष्मण परशुराम संवाद देरशाम तक चला इस मंचन को देखने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों दर्शक उपस्थित रहे।

## डिजिटल हिंसा के प्रति छात्राओं व महिलाओं को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



हमीरपुर- कुरारा विकासखण्ड क्षेत्र के चंदूपुर गांव में 16 दिवसीय अभियान के अंतर्गत डिजिटल हिंसा से बचाव हेतु युवतियों से चर्चा करते हुए डिजिटल हिंसा की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। चंदूपुर गांव मे 16 दिवसीय अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे डिजिटल हिंसा जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। यह आयोजन पंचायत घर चंदूपुर में किया गया। समर्थ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाज सेवी बृजेश कुमार श्रीवास्तव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रीति निषाद, समूह से रुक्मणि और खुशहाली अड्डा की ममता में महिलाओं और किशोरियों को जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं, युवतियां और युवतियों से चर्चा करते हुए डिजिटल हिंसा की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि पासवर्ड मजबूत रखें। अंजान लिंक को न खोले। हर किसी से साथ ओ टी पी शेयर नहीं करें। और न ही पासवर्ड बताए। अपनी व्यक्तिगत प्रोफाइल को हमेशा सुरक्षित रखें। पर्सनल सिंगल फोटो प्रोफाइल शेयर नहीं करें। हर किसी के साथ अपनी लोकेशन शेयर नहीं करें। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रीति निषाद द्वारा पोषाहार का वितरण किया। सभी लाभान्वित समुदाय गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, सहित बच्चों को पोषाहार प्रदान किया।